जबलपुर गुरुवार 18 जून 2026 > शक संवत 1948, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्थी

वर्ष 31 अंक 349 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96

www.swatantramat.com



अब हर रोज दर्पण ▸▸ 3

# स्वतंत्र मत

मौसम
अधिकतम तापमान 39.3°C
न्यूनतम तापमान 25.2°C
सूर्योदय -5.25 | सूर्यास्त - 6.58

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।



महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीलम चतुर्वेदी का जयसिंहनगर ▸▸ 2



अक्षय कुमार और रवीना टंडन का रीयूनियन बना ▸▸ 7



मानसून से पहले 82 जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत करें ▸▸ 9

# पुलिस में हर साल भर्ती होंगे 60 उत्कृष्ट खिलाड़ी



भोपाल (स्वतंत्र मत)

## नियुक्ति नियम 2021 में किया गया महत्वपूर्ण संशोधन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सतत प्रयासों एवं मार्गदर्शन से वर्ष 2021 के बाद उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी भर्ती प्रक्रिया पुनः प्रारंभ की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यह पहल खिलाड़ियों के लिए सम्मानजनक रोजगार सुनिश्चित करने के साथ उन्हें अपने खेल प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धात्मक तैयारी को निरंतर जारी रखने में भी सहायक सिद्ध होगी। गृह विभाग ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशानुसार 'मध्यप्रदेश पुलिस (उत्कृष्ट खिलाड़ियों की नियुक्ति) नियम, 2021' में महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं। शासकीय राजपत्र में 15 जून 2026 को अधिसूचना प्रकाशित कर दी गई है। संशोधित नियमों में उत्कृष्ट खिलाड़ियों के चयन, पात्रता एवं मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाया गया है। अब मध्यप्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को शासकीय सेवा में अवसर प्राप्त होंगे। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पुलिस में उप निरीक्षक के 10 एवं आरक्षक के 50 पदों पर सीधी नियुक्ति का अवसर मिलेगा। नए प्रावधानों में खेल कोटे से भर्ती प्रक्रिया नियमित रूप से प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाएगी। इससे खिलाड़ियों को स्थायी अवसर उपलब्ध होंगे। खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने की दिशा में यह ऐतिहासिक कदम है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की इस खिलाड़ी-हितैषी पहल के लिए उनका आभार माना है।

### संशोधित नियमों की प्रमुख विशेषताएं

वार्षिक भर्ती प्रक्रिया में पुलिस मुख्यालय की चयन एवं भर्ती शाखा द्वारा प्रतिवर्ष आरक्षक एवं उप निरीक्षक पदों की रिक्तियां विज्ञापित की जाएंगी। पदक विजेताओं के साथ अब ओलम्पिक, एशियाई एवं राष्ट्रमण्डल खेलों में सहभागिता करने वाले खिलाड़ी भी सीधी भर्ती के लिए पात्र होंगे। उत्कृष्ट खिलाड़ियों को निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं शारीरिक मापदंड (ऊंचाई) में पूरी छूट दी जाएगी। साथ ही उन्हें लिखित परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण से भी छूट मिलेगी। उत्कृष्ट खिलाड़ियों की नियुक्तियां अनारक्षित श्रेणी में शामिल की जाएंगी। खेल विधाएं केवल वे मान्य होंगी, जो पिछले तीन ओलम्पिक खेलों में शामिल रही हों। मेरिट अंक समान होने की स्थिति में वरिष्ठता का निर्धारण ओलम्पिक, एशियाई खेल, विश्व कप आदि की प्राथमिकता और खिलाड़ी की आयु के आधार पर किया जाएगा।

### संशोधित नियम के अंतर्गत पात्रता

उप निरीक्षक पद पर केवल उन उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सीधी नियुक्ति दी जाएगी, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता ओलम्पिक खेल, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल, विश्व कप/विश्व चैम्पियनशिप में पदक अर्जित किया हो अथवा सहभागिता की हो। इन प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत अथवा कांस्य पदक विजेता एवं सहभागिता करने वाले खिलाड़ी पात्र होंगे। आरक्षक पद के लिये राष्ट्रीय खेलों के पदक विजेता और अधिकृत राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के पदक विजेता सीधी भर्ती के लिए पात्र होंगे। खिलाड़ी जो उप निरीक्षक पद के लिए निर्धारित पात्रता पूरी करते हैं, वे आरक्षक पद के लिए भी स्वतः पात्र माने जाएंगे। राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण, रजत या कांस्य पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी और अधिकृत राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में स्वर्ण, रजत या कांस्य पदक अर्जित करने वाले खिलाड़ी आरक्षक पद पर सीधी भर्ती के लिए पात्र होंगे।

## भाजपा नेता को फॉर्च्यूनर में जिंदा जलाया, 3 मौतें

कोरिया

छत्तीसगढ़ के कोरिया में रेत तस्करी को लेकर भाजपा नेता समेत 3 लोगों की हत्या कर दी गई। आरोपियों ने फॉर्च्यूनर के आगे-पीछे हाईवा अड़ाकर रास्ता रोका, फिर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। इसमें भाजपा के पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष भरत सिंह उर्फ लल्ला सिंह जिंदा जल गए। गंभीर रूप से घायल विरेंद्र सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं उनके चचेरे भाई नागेंद्र सिंह ने रायपुर ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। कार में सवार भरत सिंह के भाई समेत 4 अन्य लोग किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहे, लेकिन आरोपियों ने उनकी भी बेरहमी से पिटाई कर दी।

## उद्धव की पार्टी टूटी, 9 में से 6 सांसद बागी

मुंबई

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) के 9 में से 6 सांसदों ने बगावत कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, छह सांसदों ने बुधवार सुबह 9.30 बजे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को शिंदे गुट में विलय के लिए चिट्ठी भेजी। हालांकि, अभी स्पीकर या बागी गुट की तरफ इसकी पुष्टि नहीं की गई है। बागी सांसदों में नागेश पाटिल आष्टीकर और संजय दीना पाटिल शामिल हैं। संजय ने बुधवार सुबह ही पार्टी छोड़ने की खबरों को खारिज किया था। शिवसेना में चार साल में यह दूसरी बड़ी टूट है।

## सड़क हादसे में 6 की मौत, 31 घायल

वडोदरा

गुजरात के वडोदरा में कोटांबी स्टेडियम के पास बुधवार सुबह एक स्लीपर बस और ट्रक की टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई। 31 लोग घायल हैं। मृतकों में एक 9 साल का बच्चा भी शामिल है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, बालाजी ट्रैवल्स की लग्जरी बस राजस्थान के बांसवाड़ा से सूरत जा रही थी। वडोदरा में बस सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई।

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले

# भारतीय नाविकों की सुरक्षा सबसे जरूरी

नई दिल्ली/एवियन



फ्रांस के एवियन में चल रहे 52वें जी-7 समिट में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच मुलाकात हुई। इस दौरान मोदी ने कहा कि समुद्र में भारतीयों की सुरक्षा जरूरी है। मुझे उम्मीद है कि ईरान के साथ डील में भारतीयों की सुरक्षा पक्की की जाएगी। मोदी ने कहा कि होर्मुज खुलना जरूरी है। ट्रम्प के नेतृत्व में पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद दिख रही है। इससे पहले ट्रम्प ने वर्किंग लंच स्टेटमेंट में पीएम मोदी की तारीफ की। ट्रम्प ने कहा- मोदी शांत और जबरदस्त नेता हैं, लेकिन मैं मोदी की तरह नहीं हूं। वेस्ट एशिया में इंडिया के रोल पर ट्रम्प ने कहा- हां मुझे उम्मीद है। ट्रंप ने कहा, मुझे लगता है कि इंडिया हर चीज में बड़ा रोल निभाता है। जब तक मोदी लीडर हैं, इंडिया बड़ा रोल निभाएगा। वहीं वर्किंग सेशन में बुधवार को जब ट्रम्प देरी से पहुंचे तो सभी उनकी तरफ देख रहे थे। ट्रम्प कुछ देर चले और रुककर मजाक में कहा- आई एम द बॉस। इसके बाद सभी हंसने लगे। समिट में 14 देशों के नेताओं ने भाग लिया। आज समिट का दूसरा दिन है। इससे पहले मोदी ने कहा- 'वेस्ट एशिया में संकट की वजह से फ्यूल, फर्टिलाइजर और फूड सप्लाई चेन में आई रुकावटों का असर ग्लोबल साउथ (दक्षिणी देशों) पर काफी समय तक रहेगा।' जी-7 देशों के नेताओं ने अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते की तारीफ की और इसे क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। नेताओं ने कहा कि यह समझौता ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने और उसकी क्षेत्रीय गतिविधियों से जुड़े खतरों को कम करने का ऐतिहासिक अवसर है। जी-7 ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व और मध्य देशों की भूमिका की भी प्रशंसा की। समूह ने कहा कि वह इस समझौते का समर्थन करता है और इसे सफलतापूर्वक लागू करने में सहयोग देने के लिए तैयार है।

### मोदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त: ट्रम्प

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा- हम ट्रेड डील कर रहे हैं। अमेरिका और भारत के बीच बहुत सी चीजें हो रही हैं। अमेरिका अब तक का सबसे अच्छा काम कर रहा है। हमारे पास 19.2 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा आ रहे हैं। हम सब कुछ बना रहे हैं। प्रधानमंत्री अमेरिका में बहुत कुछ बना रहे हैं और बहुत पैसा खर्च कर रहे हैं, इसलिए हम उस काम की तारीफ करते हैं। लेकिन मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि वह लंबे समय से मेरे दोस्त हैं और हमारे बीच हमेशा से बहुत अच्छे रिश्ते रहे हैं, और आपके साथ होना बहुत अच्छा है।

### होर्मुज स्ट्रेट में 46 जहाजों पर हमला

समिट के पहले दिन मंगलवार को मोदी ने होर्मुज स्ट्रेट में भारतीय नागरिकों की मौत का मुद्दा उठाया था। आउटरीच सेशन में उन्होंने कहा था कि इस अहम समुद्री मार्ग में कई भारतीयों ने जान गंवाई है और वैश्विक व्यापार को जोड़ने वाले नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सभी देशों की जिम्मेदारी है। होर्मुज स्ट्रेट में 108 दिनों में 46 जहाजों पर हमला हुआ है। इससे पहले पीएम मोदी और ट्रम्प फरवरी में वॉशिंगटन मिले थे। पिछले 16 महीनों के दौरान भारत-अमेरिका रिश्ते खासे उतार-चढ़ाव वाले रहे। इनमें ट्रम्प टैरिफ और एच-1 बी वीसा के मुद्दे खास रहे।




## हाईकोर्ट ने अभिषेक बनर्जी की गिरफ्तारी पर लगी रोक हटाई

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने बुधवार को ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी की गिरफ्तारी वारंट पर लगी अंतरिम रोक हटा दी। उनकी ओर से वकील कोर्ट में उपस्थित नहीं हो रहे थे। इसके बाद भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट से जारी वारंट पर मिली राहत समाप्त हो गई। अब अभिषेक की गिरफ्तारी हो सकती है। जानकारी के अनुसार, भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट ने अभिषेक बनर्जी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। निचली अदालत में पेश नहीं होने पर यह कार्रवाई हुई थी। वारंट के खिलाफ उन्होंने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट में उन्होंने दलील दी थी कि वह निर्वाचित सांसद हैं और उनके फरार होने की संभावना नहीं है। साथ ही कहा था कि व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट के आवेदन पर निचली अदालत ने उचित विचार नहीं किया। इन दलीलों पर हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट पर अंतरिम रोक लगा दी थी। नवंबर 2020 में कोलकाता की एक सभा में अभिषेक बनर्जी ने कथित तौर पर आकाश विजयवर्गीय को गुंडा कहा था। आकाश ने इसे अपनी प्रतिष्ठा के खिलाफ और अपमानजनक बताते हुए 2021 में भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट में परिवाद दायर किया। इसके बाद मामले की सुनवाई शुरू हुई। परिवाद की सुनवाई के दौरान निचली अदालत में उपस्थित नहीं होने पर एमपी-एमएलए कोर्ट ने अभिषेक बनर्जी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर वारंट पर रोक की मांग की थी।

**आकाश विजयवर्गीय को कहा था गुंडा**

# क्वाड की ताबूत में आखिरी कील

### यूएस ने सैन्य कमांड से 'इंडो' शब्द हटाया तो भड़के थरूर

नई दिल्ली




अमेरिका के युद्ध विभाग ने घोषणा की है कि यूएस इंडो-पैसिफिक कमांड आधिकारिक तौर पर अब अपने पुराने नाम यूएस पैसिफिक कमांड से जाना जाएगा। इस तरह उस नाम को फिर से बहाल किया जाएगा जिसके तहत यह मिलिट्री कमांड सात दशकों से भी ज़्यादा समय तक काम करती रही थी। कमांड ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में अपने ऑपरेशनल इलाके के संबंध में अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर भारत का गलत नक्शा भी दिखाया है। यूएस पैसिफिक कमांड वेबसाइट ने अपने 'एरिया ऑफ रिस्पॉन्सिबिलिटी मैप' सेक्शन में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाया है। अमेरिका के इस कदम पर भारत में राजनीतिक प्रतिक्रियाएं आई हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोशल मीडिया पर इस घोषणा पर एक संक्षिप्त लेकिन तीखी टिप्पणी की। क्या यह क्वाड के ताबूत में एक और कील है? साथ ही उन्होंने डिपार्टमेंट ऑफ वॉर द्वारा जारी आदेश का स्क्रीनशॉट भी साझा किया। थरूर की प्रतिक्रिया से कुछ जानकारों की चिंताएं जाहिर हुईं कि कमांड के नाम से इंडो शब्द हटाने का मतलब वॉशिंगटन की इंडो-पैसिफिक रणनीति और क्वाड जैसे समूहों की भूमिका के बारे में संदेश में बदलाव के तौर पर निकाला जा सकता है। इंडो पैसिफिक शब्द क्वाड की रणनीतिक भाषा का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है, जो मुख्य रूप से चीन की समंदर में बढ़ती ताकत का मुकाबला करने के लिए इस्तेमाल होता है। नाम हटने से सांकेतिक रूप से ही सही भारत के केंद्रीय किरदार हल्का हो सकता है। नाम बदलकर अमेरिका ने 2018 में किए गए एक प्रतीकात्मक लेकिन रणनीतिक रूप से अहम बदलाव को पलट दिया गया है। तब तत्कालीन अमेरिकी रक्षा मंत्री जिम मैटिस ने इस कमांड का नाम यूएस पैसिफिक कमांड से बदलकर 'यूएस इंडो-पैसिफिक कमांड' कर दिया था। ये भारत-अमेरिका के बीच बढ़ती साझेदारी का प्रतीक था।

### राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई

# हाईकोर्ट ने एमपी-एमएलए कोर्ट की आर्डर शीट मांगी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में बुधवार को राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई हुई। केंद्रीय मंत्री और पूर्व सीएम शिवराज सिंह के बेटे की ओर से मानहानि का मामला दायर किया गया है।अदालत ने सुनवाई करते हुए भोपाल एमपी-एमएलए की आर्डर शीट तलब की है, इसके साथ ही राहुल गांधी की ओर से वकीलों ने रिकार्ड पेश करने के लिए समय मांगा था, जिसे हाईकोर्ट ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई की तारीख 23 जून को तय की है। राहुल गांधी ने भोपाल कोर्ट से जारी किए गए समन को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उन पर आरोप था कि पनामा पेपर्स लीक मामले में कार्तिकेय का नाम एक सभा के दौरान लिया था। दरअसल राहुल गांधी ने अपने बयान में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ पर हुई कार्रवाई का उदाहरण देते हुए कहा था कि मध्यप्रदेश में ऐसी कार्रवाई नहीं हुई। कार्तिकेय सिंह चौहान ने दावा किया कि इस बयान से उनकी छवि धूमिल हुई और उन्होंने एमपीएमएलए कोर्ट में मानहानि का केस दायर किया। इसी मामले में विशेष अदालत ने राहुल गांधी को समन जारी किया था, जिसे चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है।

## सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री से गायब हो गई फाइल

### चीफ जस्टिस बोले- मैं इस लापरवाही की जांच करूंगा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री द्वारा एक केस फाइल खो देने के आरोप पर कड़ा रुख अपनाते हुए प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने बुधवार को कहा कि वह इस मामले को देखेंगे और इस लापरवाही की जांच करेंगे। प्रधान न्यायाधीश और जस्टिस वी. मोहना की पीठ के समक्ष एक वकील ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में एक याचिका दायर की थी, लेकिन उसे अभी तक सूचीबद्ध नहीं किया गया। उन्होंने इस बारे में रजिस्ट्रार को लिखा था, लेकिन लगता है कि रजिस्ट्री ने फाइल खो दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने पीठ से अनुरोध किया कि याचिका को सूचीबद्ध किया जाए। सीजेआई ने कहा, अगर रजिस्ट्री ने फाइल खो दी है, तो यह गंभीर मामला है। अगर हमारी रजिस्ट्री जरूरी मामलों में फाइलें खो रही है, तो आपको क्या लगता है कि मैं सिर्फ सूचीबद्ध करने का आदेश दूंगा? मुझे कुछ और भी करना होगा। आप पूरी जानकारी दीजिए। मैं इस लापरवाही की जांच करना चाहता हूं और इसके पीछे की वजह का पता लगाना चाहता हूं। अपने एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड से कहें कि वह आज ही मुझे शिकायत दें। मई में भी सीजेआई की अगुआई वाली पीठ ने सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री को कड़ी फटकार लगाई थी और उसके व्यवहार को बेहद खराब बताया था। पीठ का कहना था कि रजिस्ट्री के अधिकारी खुद को सुपर चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया समझते हैं। पीठ ने यह टिप्पणी निवेश धोखाधड़ी के एक आरोपित की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान की थी।

# सपा के 25-26 सांसद पाला बदलने को तैयार

### राजभर के बाद अब केशव मौर्य ने किया बड़ा दावा

कानपुर



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कानपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए दावा किया कि समाजवादी पार्टी के 25 से 26 सांसद वर्तमान में पाला बदलने और पार्टी तोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार बैठे हैं। टीएमसी और शिवसेना में हुई टूट का उदाहरण देते हुए भाजपा नेताओं द्वारा सपा में दरार की बातें कही जा रही हैं। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि भाजपा फिलहाल उनकी पार्टी को खुद नहीं तोड़ रही है बल्कि साल 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव तक ये नेता अपने आप ही टूटकर चले जाएंगे। इस सियासी घमासान के बीच राम मंदिर मामले पर भी बयानबाजी हुई है। इससे पहले राज्य सरकार के मंत्री ओम प्रकाश राजभर के एक सोशल मीडिया पोस्ट ने सनसनी मचा दी। राजभर ने लिखा कि समाजवादी पार्टी में बड़ी टूट होगी और राम गोपाल यादव ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को चिट्ठी सौंपी है। उन्होंने खनन और गोमती रिवर फ्रंट घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि पूरा यूपी इसके मास्टरमाइंड को जानता है, शिकंजा कसने से सपा परेशान है और समूची सपा भाजपा में शामिल होने को तैयार बैठी है। उधर, यूपी के मंत्री मनोज पांडेय ने भी कहा कि सत्ता में रहने पर लोगों को भगाने वाली सपा के साथ आज कोई नहीं रहना चाहता।

### राजभर खुद एक स्कैम: सपा

इन दावों पर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और सपा विधायक माता प्रसाद पांडेय ने लखनऊ में कहा कि ओम प्रकाश राजभर खुद अपने आप में एक स्कैम हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में तानाशाही है और मुख्यमंत्री की भाषा शैली ठीक नहीं है। वहीं सपा नेता रविदास मेहरोत्रा ने राजभर को दोमुंहा बताते हुए कहा कि वे सिर्फ मंत्री पद पर बने रहने के लिए बयान देते हैं। उन्होंने दावा किया कि सपा का एक भी नेता भाजपा में नहीं जाएगा और 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा की सरकार बनेगी।






# धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती, निकाली गई विशाल शौर्य यात्रा

## जगह-जगह हुआ यात्रा का स्वागत, संत-महात्मा हुए सम्मिलित

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

क्षत्रिय कुल वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती पर 17 जून को क्षत्रिय राजपूत समाज द्वारा सिविक सेन्टर से विशाल एवं भव्य शौर्य यात्रा निकाली गई। शौर्य यात्रा की अगुवाई ब्रम्हचारी चैतन्यानंद महाराज एवं अन्य संत महात्माओं व मातृशक्तियों द्वारा की गई। शौर्य यात्रा में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह सहित अनेक जन उपस्थित रहे। इस दौरान जगह जगह पर यात्रा का स्वागत किया गया।

### समरसता सेवा संगठन ने किया भव्य स्वागत

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जन्म जयंती के अवसर पर क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में निकाली गई शोभायात्रा का स्वागत समरसता सेवा संगठन द्वारा संगठन के संस्थापक अध्यक्ष एवं जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, संगठन अध्यक्ष पवन पांडे, सचिव मनोज सेठ की उपस्थिति में मढ़ाताल गुरूद्वारे के समीप किया गया। समरसता सेवा संगठन द्वारा शोभायात्रा में सम्मिलित जनों, मातृ शक्ति एवं युवा साथियो का स्वागत पुष्प वर्षा कर किया गया। इस अवसर पर राजीव राठौर, आलोक पाठक आदि उपस्थित रहे।



### राजपूत क्षत्रिय समाज गढ़ा भी हुआ सम्मलित

राजपूत क्षत्रिय समाज गढ़ा जबलपुर द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के 486वीं जयंती के उपलक्ष्य में भव्य शौर्य यात्रा निकाली। जिसमें अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेशाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में गढ़ा राजपूत क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष पदम सिंह ठाकुर, संरक्षक देवी सिंह ठाकुर, चन्द्रभान सिंह, मुरलीधर सिंह सिसोदिया आदि सम्मिलित हुये।

# जबलपुर से उड़ानों में भारी कटौती यात्रियों और व्यापारिक क्षेत्र में बढ़ी चिंता

### वायुसेवा संघर्ष समिति ने इंडिगो प्रबंधन को पत्र भेजकर किया आग्रह

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।




जबलपुर एवं महाकौशल क्षेत्र की वायु संपर्क सुविधाओं को प्रभावित करने वाली इंडिगो एयरलाइंस द्वारा मुंबई एवं बैंगलुरू की उड़ानों की संख्या में की गई कटौती पर वायुसेवा संघर्ष समिति ने गहरी चिंता व्यक्त की है। समिति ने इस संबंध में इंडिगो एयरलाइंस के प्रबंध निदेशक को विस्तृत ज्ञापन प्रेषित कर निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है। साथ ही मैनेजमेंट से चर्चा कर स्थिति को यथावत रखने आग्रह किया है।

समिति के संयोजक हिमांशु खरे ने कहा कि जबलपुर महाकौशल क्षेत्र का प्रमुख औद्योगिक, व्यापारिक, शैक्षणिक, चिकित्सा एवं रक्षा केंद्र है। देश के विभिन्न महानगरों से इसकी नियमित हवाई कनेक्टिविटी क्षेत्र के आर्थिक विकास, निवेश, पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। उड़ानों की संख्या में कमी से यात्रियों को असुविधा होने के साथ-साथ क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ज्ञापन में कहा गया है कि जबलपुर से मुंबई एवं बेंगलुरु जैसे महत्वपूर्ण गंतव्यों के लिए पर्याप्त उड़ान सेवाएं उपलब्ध रहना आवश्यक है। वर्तमान में उड़ानों की संख्या कम होने से यात्रियों के विकल्प सीमित होंगे तथा हवाई किरायों में वृद्धि की संभावना भी बढ़ेगी।

### कनेक्टिविटी बढ़ाने की मांग

समिति ने यह भी सुझाव दिया है कि एयरलाइन कंपनी स्थानीय उद्योग एवं व्यापार संगठनों के साथ संवाद स्थापित कर वास्तविक यात्री मांग का मूल्यांकन करे तथा आगामी त्योहारी एवं व्यावसायिक सीजन को देखते हुए उड़ानों की संख्या में वृद्धि की कार्ययोजना तैयार करे। हिमांशु खरे ने कहा कि जबलपुर केवल एक शहर नहीं, बल्कि सम्पूर्ण महाकौशल क्षेत्र का प्रवेश द्वार है। यहां रक्षा प्रतिष्ठान, औद्योगिक इकाइयां, शैक्षणिक संस्थान तथा पर्यटन गतिविधियां निरंतर विस्तार कर रही हैं। ऐसे समय में वायु सेवाओं का विस्तार अपेक्षित है, न कि उनमें कटौती। समिति के मनु शरत तिवारी, हिमांशु राय, अरुण पवार आदि ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, जनप्रतिनिधियों तथा संबंधित अधिकारियों से भी इस विषय में हस्तक्षेप कर जबलपुर की वायु कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आवश्यक पहल करने का आग्रह किया है।

### देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन आज

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** सुप्रसिद्ध देवी गीत गायिका शहनाज अख्तर आगामी 18 जून को देवी जागरण में माता के भजन प्रस्तुत करेंगी। वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद और कांग्रेस प्रदेश सचिव राजेश चौबे द्वारा माताजी स्वर्गीय जयंती चौबे की पुण्यतिथि पर देवी जागरण और भंडारा खितौला के बारीबहू स्टेडियम में रात्रि 8 बजे से आयोजित किया गया है । जिसमें चौबे परिवार द्वारा सभी धर्म प्रेमियों से पहुंचने की अपील की।

# आसमान में ललचाते रहे बादल, रह-रहकर सितम ढाती रही तीखी धूप

### तापमान में हुई गिरावट, मानसून का बेसब्री से इंतजार जारी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** संस्कारधानी में बुधवार मौसम का मिजाज तल्ख रहा। बुधवार को सुबह से ही आसमान से बादल पूरी तरह गायब नजर आए, जिसके चलते शहरवासियों को भीषण गर्मी और तीखी धूप का सामना करना पड़ा। बादलों की इस बेरुखी और तेज धूप के कारण तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है, जिसने जून के महीने में लोगों को पसीने से तर कर दिया। दिन चढ़ने के साथ ही धूप की तपिश इतनी तेज हो गई कि दोपहर के समय सड़कों पर आवाजाही कम देखने को मिली। बुधवार को अधिकतम तापमान 39.3 तो वहीं न्यूनतम तापमान 25.2 दर्ज किया गया। तेज धूप के साथ हवा में नमी के कारण उमस का ग्राफ भी काफी बढ़ गया है। गर्मी और उमस ने हर वर्ग के व्यक्ति को हलाकान कर दिया जिससे लोग बेहाल हैं।



### शाम को भी आसमान में दिखे बादल

शाम होने तक भी मौसम के मिजाज में कोई खास नरमी नहीं देखी गई। अमूमन जून के दिनों में शाम को चलने वाली ठंडी हवाओं के विपरीत, बुधवार शाम तक आसमान पूरी तरह साफ और बिना बादलों के रहा। बादलों की गैरमौजूदगी के कारण रात के समय भी उमस का असर बना है, जिससे रात की राहत भी गायब रही। इस चिलचिलाती गर्मी के बीच राहत भरी खबर भी सामने आयी, मानसून की गतिविधियों में तेजी आ रही है और अगले कुछ ही दिनों में मॉनसून के जबलपुर पहुंचने की प्रबल संभावना है। यदि परिस्थितियां अनुकूल रहीं तो जल्द ही शहर में प्री-मानसून और मानसून की बौछारें पड़ेंगी, जिससे लोगों को इस भीषण उमस और बढ़ते पारे से निजात मिल सकेगी।

# कांग्रेस की बैठक में संगठन सशक्तिकरण और आगामी रणनीति पर हुआ मंथन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।




शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी, शहर समन्वय समिति, ब्लॉक अध्यक्षों, ब्लॉक प्रभारियों एवं विभिन्न विंग एवं प्रकोष्ठों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, आगामी राजनीतिक गतिविधियों एवं जनहित के मुद्दों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने तथा कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव जनता के हितों की लड़ाई लड़ती रही है और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। बैठक में उपस्थित अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में सुझाव दिए। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों, प्रभारियों एवं विंग-प्रकोष्ठ के प्रतिनिधियों से कांग्रेस की आगामी रणनीति एवं जनसंपर्क अभियान को लेकर सुझाव प्राप्त किए गए। सभी सुझावों पर गंभीरता से विचार कर संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करने पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक में पश्चिम विधानसभा प्रभारी हीरा चौकसे, केन्ट विधानसभा प्रभारी राकेश तिवारी, पूर्व विधानसभा प्रभारी अभिनव डिमोले, उत्तर मध्य विधानसभा प्रभारी समीर सिंह पूर्व विधायक विनय सक्सेना आदि उपस्थित रहे।



# जनसंपर्क में लोगों से किया संवाद बुजुर्गो को किया सम्मानित

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उत्तर-मध्य विधानसभा में विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय के द्वारा जनसंपर्क और जनसेवा का एक अनूठा अभियान चलाया गया। छह दिनों तक चले इस विशेष कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने घर-घर पहुंचकर लोगों से संवाद किया, बुजुर्गों का सम्मान किया और युवाओं के साथ विकास को लेकर सार्थक चर्चा की,बुधवार को इस अभियान की शुरुवात दीनदयाल मंडल अंतर्गत दत्त मंदिर में बुजुर्गों के सम्मान के साथ हुई जिसमें बड़ी संख्या में सीनियर सिटीजन उपस्थित रहे। इस दौरान दीनदयाल उपाध्याय मंडल में मंडल भाजपा जिला मंत्री मनीष जैन कल्लू, अध्यक्ष सपन यादव आदि उपस्थित रहे।

### पूजा करते समय महिला की सोने की चैन हुई गायब

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** ग्वारीघाट थाने में 56 वर्षीय सरस्वती बाई चौधरी निवासी चौधरी मोहल्ला गोकलपुर रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 15 जून की सुबह नर्मदा पूजन सिद्धघाट अपने नाती के साथ आयी थी। वह अपने गले में सोने की लगभग डेढ़ तौला वजनी चैन पहले थी। पूजा करने के लिये सिद्धघाट ग्वारीघाट पहुंची उसी दौरान कोई अज्ञात चोर उसकी गले की सोने की चैन चोरी कर ले गया है। जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बच्चों, अभिभावकों के लिए लॉन्च हुआ भारत का पहला खेल मास्टर प्लान

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



नगर निगम और जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा आयोजित शहर-स्तरीय कार्यशाला और प्रदर्शनी में वर्ष 2020 से 2026 तक की नर्चरिंग नेबरहुड्स यात्रा का उत्सव मनाया गया। इस दौरान देश का पहला जबलपुर खेल प्लान आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', निगमाध्यक्ष रिंकू विज, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और स्वयंसेवी संस्थाएं एकजुट हुईं। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, वान लियर फाउंडेशन और डब्लूआरआई इंडिया के तकनीकी सहयोग से संचालित इस योजना का मुख्य उद्देश्य शहर में एक मजबूत खेल संस्कृति विकसित करना है। खेल प्लान के तहत रणनीति बनाई गई है कि शहर के प्रत्येक मोहल्ले से महज 500 मीटर की पैदल दूरी पर बच्चों के लिए खेल-मैत्रीपूर्ण सार्वजनिक स्थान उपलब्ध कराए जाएं। इसके लिए न केवल मौजूदा पार्कों का आधुनिकरण किया जा रहा है, बल्कि फ्लाईओवरों के नीचे पड़ी खाली और कम उपयोग वाली जगहों को भी बच्चों के खेलने योग्य बेहतरीन और सुरक्षित मैदानों में बदला जा रहा है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने कार्यशाला में बताया कि स्क्रीन ऑफ, प्ले ऑन जैसे अभियानों के जरिए डिजिटल दुनिया से दूर परिवारों को बच्चों के साथ बाहर आकर खेलने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# तेजी से फल फूल रहा अवैध प्लाटिंग का काला कारोबार, शिकार बन रहे आमजन

### सिहोरा क्षेत्र में भू-माफियाओं के हौसले बुलंद, मौन बैठा जिला प्रशासन

सिहोरा (स्वतंत्र मत)।



सिहोरा क्षेत्र में प्रशासन की लापरवाही के चलते भूमाफिया और दलाल आशियाने का सपना देखने वालों को खुलेआम लुट रहे है और जीवन भर की कमाई लगाकर प्लाट खरीदने वाला आम आदमी भूखण्ड नहीं वल्कि परेशानी मोल ले रहा है। भूखण्ड क्रय करने वाले अनेक लोगों ने बताया की दलाल पहले तो खेतों में मुरुम डालकर की गई कच्ची प्लाटिंग को सर्व सुविधायुक्त विकसित करने का वादा कर प्लाट खरीदने मजबुर कर देते हैं फिर पंजीयन शुल्क और सेवा शुल्क देने के बाद भी भुमी क्रेता के नाम हस्तानांतरित नहीं होती। बताया जाता है की नामांतरण के लिए समय सीमा के साथ अलग अलग रेट निर्धारित किये गये है। जैसे तैसै नामांतरण हो भी गया तो डायवर्सन,नगरपालिका क्षेत्र में दर्ज कराने नगर पालिका की अनुमति जैसी अनेक प्रक्रिया से गुजरते गुजरते स्वंय के आशियाने का सपना चकनाचुर हो जाता है रही सही कसर होम-लोन के लिए बैंक के चक्कर लगाने में पुरी हो जाती है।

### ये है पूरा मामला

शासन द्वारा राजस्व सेवाओं को ऑनलाइन और सरल बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई साइबर तहसील व्यवस्था को लेकर लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। नागरिकों का आरोप है कि साइबर तहसील का उद्देश्य लोगों को त्वरित और सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराना था, लेकिन जमीनी स्तर पर उन्हें अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। शासन की घोषणा के अनुसार संपदा 0.2 से किसी भुमी का विक्रय होने पर नामांतरण के लिए क्रेता को राजस्व अमले के चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा । ई पंजीयन होते ही विक्रेता के रकवे से विक्रय की गई भुमी कट कर क्रेता के नाम आ जायेगी जिसके लिए तहसीलदार एंव पटवारी की आईडी में लिंक आयेगी और समय सीमा में नामातंरण की प्रक्रिया पुर्ण हो जायेगी ।लेकिन लोगों का कहना है कि ऑनलाइन आवेदन के बाद भी कई मामलों में समय पर कार्य नहीं हो रहे हैं। नामांतरण, रिकॉर्ड सुधार और अन्य राजस्व संबंधी कार्यों में देरी होने से नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं ।नगर में कई भूखंड क्रेता नामांतरण प्रक्रिया पूरी न होने के कारण परेशानी का सामना कर रहे हैं।

### चोरी की बाइक बेचते आरोपी गिरफ्तार

*जबलपुर ( स्वतंत्र मत )। भेडाघाट थाना प्रभारी कमलेश चौरिया ने बताया कि पैट्रोलिंग के दौरान ग्राम तेवर ब्रिज के नीचे तीन लड़के 3 बाइक लेकर संदिग्ध हालत में खडे दिखे जिनके नाम 19 वर्षीय गुड्डू उर्फ प्रिंस विश्वकर्मा निवासी सिम्प्लेक्स कंपनी के सामने थाना गढ़ा एवं 18 वर्षीय साहिल बैरागी निवासी इन्दिरा बस्ती रतन नगर ,थाना गढ़ा तथा एक नाबालिग था। जिनके पास बाइक के कागजात नहीं थे और वाहन चोरी करना बताया। तीनों को थाने लाकर सघन पूछताछ करने पर भेडाघाट अंतर्गत तेवर ब्रिज के पास से जिक्सर बाइक, सरस्वती घाट के पास से स्प्लेण्डर बाइक, पंचवटी के पास से पल्सर बाइक तथा एक अन्य बाइक बरेला गौर के अनूप बिहार गेट नंबर 02 के पास से चुराना स्वीकार किया।*

# यूएन वूमेन के सेफ सिटी प्रोजेक्ट में शामिल देश का इकलौता शहर बना जबलपुर

### महिला सुरक्षा के लिए तैयार हुआ मास्टर प्लान, महापौर की अगुवाई में जनजागरूकता कार्यशाला

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के वैश्विक मानचित्र पर संस्कारधानी जबलपुर ने एक बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। दुनिया के चुनिंदा 65 महानगरों में संचालित होने वाले संयुक्त राष्ट्र के प्रतिष्ठित सेफ सिटीज एंड सेफ पब्लिक स्पेस फॉर वूमेन प्रोजेक्ट के लिए भारत से एकमात्र शहर के रूप में जबलपुर का चयन हुआ है। महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" की अगुवाई में यूएन वूमेन और नगर निगम के तत्वावधान में इस बेहद महत्वाकांक्षी परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए आज मानस भवन के लघु कक्ष सभागार में एक उच्च स्तरीय और बेहद सकारात्मक कार्यशाला संपन्न हुई। बैठक में महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू", नगर निगम अध्यक्ष रिंकुज विज आदि ने यूएन वूमेन की टीम के साथ मिलकर शहर की माताओं, बहनों और बेटियों के लिए एक सुरक्षित और सुदृढ़ वातावरण तैयार करने का रोडमैप तैयार किया। इस अवसर पर सभी महिला पार्षदों ने महिला सुरक्षा को लेकर अपने-अपने अतिमूल्यवान सुझाव दिये।

### सुझावों से बनेगा सुरक्षा कवच

शहर के जिन सुनसान इलाकों में अंधेरा रहता है, वहां युद्ध स्तर पर आधुनिक प्रकाश व्यवस्था की जाएगी ताकि सुरक्षा का अहसास मजबूत हो।

नशे की गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए चिन्हित स्थानों पर पुलिस की नियमित और सघन गश्ती पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाएगी। कामकाजी महिलाओं और छात्राओं को सुरक्षित और आत्मविश्वास से लबरेज बनाने के लिए बड़े पैमाने पर आत्मरक्षा की ट्रेनिंग दी जाएगी। शहर की सभी बसों, टैक्सियों और ऑटो में अनिवार्य रूप से जीपीएस सिस्टम इंस्टॉल किया जाएगा, जिससे उनकी पल-पल की लोकेशन ट्रैक हो सकेगी और महिलाएं पूरी तरह सुरक्षित सफर कर सकेंगी।

बच्चों के साथ-साथ पैरेंट्स के लिए भी विशेष काउंसिलिंग सत्र आयोजित होंगे, ताकि समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के प्रति सजगता की शुरुआत घर से हो सके।

स्वतंत्र मत
जबलपुर
गुरूवार 18 जून 2026



# मध्य पूर्व में तनाव... दुनिया पर प्रभाव



## जानिए ईरान-इजराइल संघर्ष का भूगोल

ईरान और इजराइल के बीच बढ़ता तनाव केवल राजनीतिक या सैन्य मुद्दा नहीं है, बल्कि इसका गहरा संबंध भूगोल, प्राकृतिक संसाधनों और वैश्विक व्यापार मार्गों से भी है। ईरान–इजराइल संघर्ष यह दर्शाता है कि किसी क्षेत्र का भूगोल केवल मानचित्र तक सीमित नहीं होता, बल्कि वह विश्व अर्थव्यवस्था, ऊर्जा संसाधनों, व्यापार मार्गों और मानव जीवन को भी प्रभावित करता है। मध्य पूर्व की भौगोलिक स्थिति और प्राकृतिक संपदा इसे वैश्विक महत्व प्रदान करती है। इस क्षेत्र में होने वाला कोई भी संघर्ष विश्व के अनेक देशों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। इसलिए इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता केवल स्थानीय ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के हित में आवश्यक है।

### मध्य पूर्व का भौगोलिक महत्व

मध्य पूर्व एशिया, यूरोप और अफ्रीका को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यह क्षेत्र तेल और प्राकृतिक गैस के विशाल भंडारों के लिए प्रसिद्ध है। ईरान इस क्षेत्र का एक प्रमुख देश है, जबकि इजराइल भूमध्य सागर के पूर्वी तट पर स्थित है। दोनों देशों की भौगोलिक स्थिति उन्हें रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बनाती है। इस प्रकार मध्य पूर्व क्षेत्र का भौगोलिक महत्व पूरी दुनिया में मायने रखता है।

### तेल संसाधन और वैश्विक अर्थव्यवस्था

भूगोल का एक महत्वपूर्ण पहलू प्राकृतिक संसाधन हैं। ईरान विश्व के बड़े तेल और गैस उत्पादक देशों में शामिल है। जब इस क्षेत्र में तनाव बढ़ता है, तो तेल आपूर्ति बाधित होने की आशंका पैदा हो जाती है। परिणामस्वरूप अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने लगती हैं। इसका प्रभाव उन देशों पर अधिक पड़ता है जो अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए आयातित तेल पर निर्भर हैं।

### हॉर्मुज का महत्व

ईरान के निकट स्थित हॉर्मुज जलडमरूमध्य विश्व का एक अत्यंत महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। दुनिया के बड़े हिस्से का तेल इसी मार्ग से विभिन्न देशों तक पहुँचता है। यदि युद्ध या तनाव के कारण इस मार्ग पर कोई बाधा उत्पन्न होती है, तो वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। भूगोल में ऐसे समुद्री मार्गों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार की जीवनरेखा माना जाता है।

### व्यापार और परिवहन पर प्रभाव

मध्य पूर्व के समुद्री और हवाई मार्ग अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए महत्वपूर्ण हैं। संघर्ष की स्थिति में जहाजों और विमानों के मार्ग प्रभावित हो सकते हैं। इससे वस्तुओं की ढुलाई में अधिक समय और लागत लगती है। परिणामस्वरूप अनेक देशों में आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ सकती हैं तथा वैश्विक व्यापार की गति धीमी पड़ सकती है। मध्य पूर्व का यह इलाका युद्ध की स्थिति में व्यापार और परिवहन पर प्रभाव डालता है।

### मानव जीवन और जनसंख्या पर प्रभाव

भौगोलिक दृष्टि से युद्ध का सबसे बड़ा प्रभाव मानव बस्तियों पर पड़ता है। संघर्ष वाले क्षेत्रों में लोगों को अपने घर छोड़ने पड़ सकते हैं। बड़ी संख्या में लोग सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करते हैं, जिससे शरणार्थी संकट उत्पन्न हो सकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएँ और रोजगार के अवसर भी प्रभावित होते हैं।

स्नेहा जैन
शिक्षिका
हितकारिणी चिल्ड्रन एकेडमी
गोविंदगंज, जबलपुर



## क्या पृथ्वी सचमुच गोल है? जानिए इसके पीछे का रहस्य



जब हम पृथ्वी पर खड़े होते हैं, तो हमें धरती सपाट दिखाई देती है। इसी कारण प्राचीन समय में कई लोगों का मानना था कि पृथ्वी समतल है। लेकिन विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधानों ने सिद्ध कर दिया है कि पृथ्वी लगभग गोलाकार है। वास्तव में पृथ्वी पूरी तरह से गोल नहीं है, बल्कि ध्रुवों पर थोड़ी चपटी और भूमध्य रेखा के पास कुछ उभरी हुई है। इस आकार को जियोइड कहा जाता है।

### पृथ्वी के गोल होने का मुख्य कारण

पृथ्वी के गोल होने का सबसे बड़ा कारण गुरुत्वाकर्षण बल है। जब लगभग 4.5 अरब वर्ष पहले पृथ्वी का निर्माण हुआ, तब यह गर्म गैसों, धूल और चट्टानों का विशाल समूह थी। गुरुत्वाकर्षण ने इन सभी पदार्थों को केंद्र की ओर खींचना शुरू किया। सभी दिशाओं से समान खिंचाव होने के कारण पदार्थ एक ऐसे आकार में व्यवस्थित हो गए, जिसमें केंद्र से सतह तक की दूरी लगभग समान हो। यही कारण है कि पृथ्वी ने गोलाकार रूप धारण किया।

### पृथ्वी पूरी तरह गोल क्यों नहीं है?

पृथ्वी अपनी धुरी पर लगातार घूमती रहती है। इस घूर्णन के कारण एक बाहरी बल उत्पन्न होता है, जिसे अपकेंद्रीय बल कहा जाता है। यह बल भूमध्य रेखा के आसपास पृथ्वी को थोड़ा बाहर की ओर धकेलता है। परिणामस्वरूप पृथ्वी ध्रुवों पर थोड़ी चपटी और बीच में कुछ उभरी हुई दिखाई देती है।

### पृथ्वी के गोल होने के प्रमाण

अंतरिक्ष से ली गई तस्वीरों में पृथ्वी स्पष्ट रूप से गोल दिखाई देती

है। इसके अलावा, जब कोई जहाज समुद्र में दूर जाता है, तो उसका निचला भाग पहले ओझल होता है और ऊपरी भाग बाद में दिखाई देता है। चंद्र ग्रहण के दौरान चंद्रमा पर पृथ्वी की जो छाया पड़ती है, वह भी गोल होती है। ये सभी तथ्य पृथ्वी के गोलाकार होने का प्रमाण देते हैं।

### रोचक तथ्य

- पृथ्वी का व्यास लगभग 12,742 किलोमीटर है।
- पृथ्वी सौरमंडल का एकमात्र ज्ञात ग्रह है जहाँ जीवन मौजूद है।
- पृथ्वी अपनी धुरी पर लगभग 24 घंटे में एक चक्कर पूरा करती है।
- यदि पृथ्वी पूरी तरह सपाट होती, तो गुरुत्वाकर्षण सभी स्थानों पर समान रूप से कार्य नहीं करता।
- अंतरिक्ष यात्रियों के अनुसार अंतरिक्ष से पृथ्वी नीले रंग की चमकती हुई गेंद जैसी दिखाई देती है।

### भूगोल से जुड़े रोचक तथ्य

- आमतौर पर रेगिस्तान गर्म होते हैं, लेकिन अंटार्कटिका दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे ठंडा मरुस्थल है।
- भारत का मुख्य भूमि पर अंतिम छोर कन्याकुमारी है, भारत का सबसे दक्षिणी बिंदु ग्रेट निकोबार द्वीप पर स्थित इंदिरा पॉइंट है।
- प्रशांत महासागर इतना विशाल है कि इसमें पृथ्वी के सभी महाद्वीप और जमीन एक साथ समा सकते हैं।
- मिस्र के मुकाबले सूडान में प्राचीन पिरामिडों की संख्या कहीं अधिक है।
- धरती पर सबसे ऊँचा स्थान माउंट एवरेस्ट है, जिसकी ऊँचाई लगभग 8,849 मीटर है। यह हर साल कुछ मिलीमीटर बढ़ भी रहा है, क्योंकि टेक्टोनिक प्लेट्स लगातार टकरा रही हैं।
- धरती का सबसे गहरा स्थान मेरियाना ट्रेंच है। इसका चैलेंजर डीप भाग समुद्र तल से लगभग 11 किलोमीटर नीचे है, यहाँ तक सूरज की रोशनी भी नहीं पहुँचती।
- दुनिया का सबसे बड़ा रेगिस्तान सहारा मरूस्थल नहीं बल्कि वास्तव मे अंटार्कटिका है, क्योंकि रेगिस्तान का मतलब कम वर्षा वाला क्षेत्र होता है।
- सबसे लंबी नदी नील नदी मानी जाती है, हालांकि कुछ वैज्ञानिक अमेजन नदी प्रवाह तंत्र को जल मात्रा और पारिस्थितिकी के कारण अधिक विशाल मानते हैं।
- धरती पर सबसे बड़ा जंगल अमेजन वर्षाक्षेत्र है, जिसे धरती के फेफड़े भी कहा जाता है क्योंकि यह बड़ी मात्रा में ऑक्सीजन उत्पन्न करता है।
- दुनिया का सबसे ठंडा स्थान अंटार्कटिका है, जहाँ तापमान माइनस 80 डिग्री से भी नीचे चला जाता है।
- धरती के लगभग 71 प्रतिशत हिस्से पर पानी है, जबकि केवल 29: हिस्सा ही जमीन है।
- पृथ्वी अपना एक चक्कर पूरा करने में पूरे 24 घंटे नहीं, बल्कि 23 घंटे, 56 मिनट और 4 सेकंड का समय लेती है।

### प्रमुख नदियां और उपनाम

| | | |
|---|---|---|
| 1. नर्मदा नदी | – | प्रदेश की जीवन रेखा |
| 2. कावेरी नदी | – | दक्षिण भारत की गंगा |
| 3. यमुना नदी | – | सूर्य पुत्री |
| 4. कोसी नदी | – | बिहार का शोक |
| 5. महानदी | – | उड़ीसा का शोक |
| 6. दामोदर नदी | – | पश्चिम बंगाल का शोक |
| 7. उमंगोट नदी | – | पारदर्शी नदी |
| 8. कोयना नदी | – | महाराष्ट्र की जीवन रेखा |

## ट्रिक्स से भूगोल की पढ़ाई को बनाएं आसान और मजेदार



भूगोल एक ऐसा विषय है जिसमें नदियाँ, पर्वत, राज्य, देश, महासागर, जलवायु, मिट्टी, मानचित्र और अनेक तथ्य याद रखने होते हैं। कई विद्यार्थियों को लगता है कि भूगोल बहुत रटने वाला विषय है, लेकिन सही तकनीक और ट्रिक्स अपनाकर इसे आसानी से याद किया जा सकता है। यदि आप प्रतियोगी परीक्षाओं या स्कूल की पढ़ाई के लिए भूगोल तैयार कर रहे हैं, तो कुछ सरल तरीके आपकी याददाश्त को बेहतर बना सकते हैं।

### मानचित्र के माध्यम से पढ़ें

भूगोल को केवल किताबों से पढ़ने के बजाय मानचित्र के साथ पढ़ना अधिक प्रभावी होता है। जब आप किसी नदी, पर्वत या राज्य का स्थान मानचित्र पर देखते हैं, तो वह लंबे समय तक याद रहता है। उदाहरण के लिए, भारत की प्रमुख नदियों को पढ़ते समय उन्हें नक्शे पर चिन्हित करें।

### ट्रिक और शॉर्टकट का उपयोग करें

कई तथ्यों को याद रखने के लिए छोटे–छोटे शब्द या वाक्य बनाए जा सकते हैं। जैसे भारत की प्रमुख नदियों को क्रम में याद रखने के लिए स्वयं की ट्रिक्स तैयार की जा सकती हैं। अपनी बनाई हुई ट्रिक्स अक्सर अधिक समय तक याद रहती हैं।

### चित्र और चार्ट बनाएं

मानव मस्तिष्क चित्रों को शब्दों की तुलना में अधिक तेजी से याद रखता है। इसलिए जल चक्र, पृथ्वी की संरचना, ज्वालामुखी या मानसून जैसी अवधारणाओं को चार्ट और डायग्राम की सहायता से समझें। इससे विषय रोचक भी बनता है और याद भी रहता है।

### रटने के बजाय समझने की आदत डालें

भूगोल में कई विषय ऐसे हैं जिन्हें रटने की आवश्यकता नहीं होती। उदाहरण के लिए, यदि आप समझ जाएँ कि मानसून कैसे बनता है, तो उससे जुड़े कई प्रश्नों के उत्तर स्वयं दे सकते हैं। अवधारणाओं को समझने से लंबे समय तक याद रखने में मदद मिलती है।

### नियमित रिवीजन करें

किसी भी विषय को याद रखने के लिए रिवीजन सबसे महत्वपूर्ण होती है। पढ़े गए अध्याय को एक दिन बाद, एक सप्ताह बाद और फिर एक महीने बाद दोहराने से जानकारी लंबे समय तक स्मृति में बनी रहती है। सप्ताह में एक दिन पढ़े गए अध्याय का रिवीजन जरूर करें।

### नोट्स तैयार करें

भूगोल के महत्वपूर्ण तथ्यों, आँकड़ों और स्थानों के छोटे–छोटे नोट्स बनाएं। परीक्षा से पहले इन्हीं नोट्स को पढ़कर कम समय में अधिक तैयारी की जा सकती है। खुद के नोट्स बनाने से ये तथ्य आपको याद रहेंगें जो परीक्षा कक्ष में मदद करेंगे।

### ग्रुप स्टडी जरूर करें

दोस्तों के साथ भूगोल पर चर्चा करने से कठिन विषय भी सरल लगने लगते हैं। प्रश्नोत्तर के माध्यम से पढ़ाई करने पर जानकारी अधिक समय तक याद रहती है। इसलिए अच्छे दोस्तों से दोस्ती कर एक ग्रुप जरूर तैयार करें जो पढ़ाई में आपकी मदद करेगा।

### याद रखने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव

- रोज 15 से 20 मिनट मानचित्र का अभ्यास करें।
- कठिन तथ्यों के लिए अपनी शॉर्ट ट्रिक्स बनाएं।
- रंगीन पेन और चार्ट का उपयोग करें।
- नियमित रूप से मॉक टेस्ट दें।
- पढ़े हुए विषय को अपने किसी मित्र को समझाने का प्रयास करें।
- महत्वपूर्ण स्थानों और तथ्यों की सूची तैयार करें।

# कैसे होती है भारत में मानसून की एंट्री?

## समुद्र, हवाओं और बादलों की रोमांचक यात्रा


**भारत एक कृषि प्रधान देश है, जहाँ करोड़ों लोगों की आजीविका खेती पर निर्भर करती है। खेती के लिए पानी सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है और भारत में पानी का सबसे बड़ा स्त्रोत मानसून है। हर वर्ष मानसून का आगमन किसानों, वैज्ञानिकों और आम लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण घटना होती है। मानसून केवल वर्षा ही नहीं लाता, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था, जल संसाधनों और पर्यावरण को भी प्रभावित करता है। इसलिए यह जानना रोचक है कि आखिर मानसून भारत में कैसे आता है और इसके पीछे कौन–सी वैज्ञानिक प्रक्रिया काम करती है।**

### क्या है मानसून?

मानसून एक मौसमी पवन प्रणाली है, जिसमें वर्ष के अलग–अलग समय पर हवाओं की दिशा बदल जाती है। मानसून शब्द अरबी भाषा के मौसिम शब्द से बना है, जिसका अर्थ है ऋतु। भारत में मानसून मुख्य रूप से समुद्र से नमी लेकर आने वाली हवाओं के कारण वर्षा कराता है। यही कारण है कि देश की अधिकांश वार्षिक वर्षा मानसून के दौरान होती है।

### मानसून बनने की वैज्ञानिक प्रक्रिया

गर्मी के मौसम में अप्रैल और मई के दौरान भारत की भूमि बहुत तेजी से गर्म हो जाती है। विशेष रूप से उत्तर भारत और थार मरूस्थल के क्षेत्रों में तापमान काफी बढ़ जाता है। अधिक गर्मी के कारण इन क्षेत्रों में निम्न वायुदाब या लो प्रेशर का क्षेत्र बन जाता है। दूसरी ओर, हिंद महासागर, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी का पानी भूमि की तुलना में धीरे–धीरे गर्म होता है। इसलिए समुद्र के ऊपर उच्च वायुदाब बना रहता है। विज्ञान के अनुसार हवाएँ हमेशा उच्च वायुदाब वाले क्षेत्र से निम्न वायुदाब वाले क्षेत्र की ओर चलती हैं। इसी कारण समुद्र से नमी से भरी हवाएँ भारत की ओर बढ़ने लगती हैं। ये हवाएँ बड़ी मात्रा में जलवाष्प लेकर आती हैं और वर्षा का कारण बनती हैं।




### कब होती है भारत में मानसून की एंट्री

सामान्यत: दक्षिण–पश्चिम मानसून जून के पहले सप्ताह में केरल के तट पर पहुँचता है। इसके बाद यह धीरे–धीरे पूरे देश में फैल जाता है। लगभग एक महीने के भीतर मानसून भारत के अधिकांश हिस्सों तक पहुँच जाता है। मानसून के आगमन की तिथि हर वर्ष थोड़ी बदल सकती है क्योंकि यह समुद्री तापमान, वायुदाब और वैश्विक मौसम प्रणालियों पर निर्भर करता है।

### मानसून की दो प्रमुख शाखाएँ

#### 1. अरब सागर शाखा

यह शाखा अरब सागर से नमी लेकर भारत के पश्चिमी तट पर पहुँचती है। सबसे पहले केरल, फिर कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र और गुजरात में वर्षा होती है। पश्चिमी घाट पर्वतों से टकराने पर ये हवाएँ भारी वर्षा कराती हैं।

#### 2 बंगाल की खाड़ी शाखा

यह शाखा बंगाल की खाड़ी से होकर उत्तर–पूर्व भारत में प्रवेश करती है। इसके बाद यह असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में वर्षा करती है। यह शाखा गंगा के मैदानों को पर्याप्त वर्षा प्रदान करती है।

### मानसून से जुड़े रोचक तथ्य

- भारत में लगभग 70 से 80 प्रतिशत वार्षिक वर्षा मानसून से होती है।
- मानसून सामान्यत: जून से सितंबर तक सक्रिय रहता है।
- मासिनराम और चेरापूंजी दुनिया के सबसे अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में गिने जाते हैं।
- भारतीय किसान मानसून को अपनी फसलों की जीवनरेखा मानते हैं।
- मानसून की भविष्यवाणी के लिए आधुनिक उपग्रह और मौसम मॉडल का उपयोग किया जाता है।
- कभी–कभी एल नीनो और ला नीना जैसी वैश्विक मौसम घटनाएँ मानसून को प्रभावित करती हैं।



## भूगोल पहेलियां

**1.**

मैं भारत की सबसे पवित्र नदी हूं,
गोमुख मेरी जन्म स्थली
मेरे किनारे कई शहर बसे हैं,
लोग मुझे मैया पुकारते हैं।

**उत्तर – गंगा नदी**

**2.**

मैं भारत की सबसे ऊँची पर्वत चोटी हूँ,
मैं नेपाल की सीमा के पास हूं और हिमालय का हिस्सा हूं।

**उत्तर – कंचनजंघा**

**3**

मैं भारत का सबसे बड़ा मरुस्थल हूं।,
रेत और गर्म हवाओं के लिए प्रसिद्ध हूं।

**उत्तर– थार मरूस्थल**

**4.**

मैं भारत का सबसे बड़ा डेल्टा बनाता हूं,
मैं जंगलों और बाघों के लिए प्रसिद्ध हूं।

**उत्तर – सुंदरवन**

**5.**

मैं भारत का सबसे बड़ा पठार हूं।
मेरा रंग काला मिट्टी
और खनिजों से भरपूर है।

**उत्तर – डक्कन का पठार**

**6**

मैं भारत की सबसे बड़ी खारे पानी की झील हूं,
मुझे प्रवासी पक्षी भी बहुत पसंद करते हैं।

**उत्तर – चिल्का झील**

### कार को बाईक बताने पर भड़के परिजन, शव रखकर प्रदर्शन

# सड़क हादसे में युवक की मौत वाहन मालिक ने दी आर्थिक सहायता



बालाघाट/कटंगी(स्वतंत्र मत)।

सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद मौत का कारण छिपाने और परिजनों को गुमराह करने का मामला सामने आया है। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने बुधवार सुबह मृतक भरत लाल नेवारे का शव कटंगी शहर के वारासिवनी रोड स्थित तिरुपति एग्री सीड्स कृषि केंद्र के सामने रखकर करीब साढ़े 03 घंटे तक प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने वाहन मालिक पर हादसे की सच्चाई छिपाने और पुलिस को गलत जानकारी देने का आरोप लगाते हुए पीड़ित परिवार को न्याय व आर्थिक सहायता की मांग की। मामला तब शांत हुआ जब दोपहर करीब साढ़े 12 बजे वाहन मालिक बब्बू गौतम ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दी और कटंगी पुलिस ने रामपायली थाने में परिजनों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कराने का भरोसा दिलाया। इसके बाद परिजन शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए गांव रवाना हुए। पुलिस मृतक के कुछ परिजनों को लेकर एफआईआर कराने रामपायली थाने गई।

**क्या है पूरा मामला**

दरअसल, मंगलवार 16 जून को सुबह करीब 7 बजे रामपायली थाना क्षेत्र के खड़गपुर से अमई सड़क मार्ग पर एक सड़क हादसा हुआ। एक ओमनी कार रोड साइड क्रैश बैरियर से जाकर टकरा गई। इस हादसे में ग्राम अगासी निवासी भरत लाल नेवारे की मौत हो गई। हादसे के बाद भरत को पहले वारासिवनी और फिर जिला अस्पताल बालाघाट ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल बालाघाट में पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया। विवाद की शुरुआत 16 जून की दोपहर करीब 3 बजे हुई। कुछ स्थानीय मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खबर प्रकाशित और प्रसारित हुई कि भरत लाल बाइक से जा रहा था। खबर में रवि पटले का बयान था, जो स्वयं को मृतक भरत लाल का पड़ोसी बता रहा था। रवि पटले ने मीडिया को बताया कि भरत लाल अपने किसी रिश्तेदार को लेने के लिए रामपायली जा रहे थे। रास्ते में अचानक वन्य प्राणी जंगली सुअर सामने आ गया। उसे बचाने के चक्कर में हादसा हुआ। घटना के बाद भरत लाल को वारासिवनी लेकर गए, जहां से जिला अस्पताल बालाघाट ले गए, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई।

**परिजनों को मिली अलग-अलग सूचना**

जैसे ही यह खबर परिजनों तक पहुंची, माहौल गरमा गया। परिजनों का कहना था कि उन्हें हादसे की सही जानकारी नहीं दी जा रही है। एक तरफ बाइक से हादसे की बात कही जा रही थी, वहीं दूसरी तरफ उन्हें सूचना मिली कि भरत की मौत ओमनी कार की टक्कर से हुई है। परिजनों ने आरोप लगाया कि ओमनी वाहन मालिक तिरुपति एग्री सीड्स कृषि केंद्र के संचालक, सांवगी निवासी बब्बू गौतम मृतक के परिजनों को लगातार गुमराह करते रहे। कभी बाइक तो कभी ओमनी से सड़क हादसे की सूचना मिलने पर परिवार और परिजनों का गुस्सा बड़ता गया।

**रातभर नहीं हुआ अंतिम संस्कार**

हादसा कैसे हुआ, इसे लेकर बने संशय के कारण 16 जून की देर शाम तक मृतक का अंतिम संस्कार नहीं किया गया। परिजन पूरी सच्चाई जानना चाहते थे। पीड़ित परिवार ने जब वाहन मालिक बब्बू गौतम से संपर्क किया तो उसने स्वीकार किया कि हादसा उसकी ही ओमनी से हुआ है। इसके बाद परिजनों ने आर्थिक सहायता की मांग रखी, जिस पर बब्बू गौतम ने सहमति दे दी। लेकिन तय समय पर सहायता न मिलने और पुलिस कार्रवाई को लेकर असमंजस की स्थिति के चलते परिजनों का आक्रोश बड़ गया। 17 जून बुधवार की सुबह करीब 9 बजे आक्रोशित परिजन और सैकड़ों ग्रामीण मृतक भरत लाल नेवारे का शव लेकर सीधे कटंगी स्थित बब्बू गौतम के कृषि केंद्र तिरुपति एग्री सीड्स पहुंच गए। ग्रामीणों ने शव को दुकान के सामने सड़क पर रख दिया और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। वारासिवनी रोड पर आवागमन प्रभावित हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही तहसीलदार राकेश प्रजापति और थाना प्रभारी धमेंद्र कुसराम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया। शुरुआत में परिजनों ने पुलिस और प्रशासन की बातों को बिल्कुल भी तवज्जो नहीं दी। उनका कहना था कि जब तक वाहन मालिक आर्थिक सहायता नहीं देता और पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं करती तब तक वे शव नहीं उठाएंगे। करीब साढे तीन घंटे तक चले हंगामे और प्रशासन की समझाइश के बाद दोपहर करीब साढे 12 बजे मामला शांत हुआ। समझौते के बाद कटंगी पुलिस मृतक के कुछ परिजनों को अपने साथ लेकर एफआईआर दर्ज कराने रामपायली थाने गई।

# डबल मनी मामले में दो भाईयों को 7-7 साल की सजा

**चार महीने में पैसा दोगुना का लालच में 49 परिवार से वसूले 47.50 लाख रुपये**

**दोनों पर 9-9 लाख का अर्थदंड**



**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** चार महीने में पैसा दोगुना एक ऐसा लालच, जिसने बालाघाट के 49 परिवारों के सपनों को चकनाचूर कर दिया। किसी ने बेटी की शादी के लिए जोड़ी पूंजी निवेश की थी, किसी ने बच्चों की पढ़ाई और भविष्य के लिए बचत की थी, तो किसी ने खेती-किसानी और मकान बनाने के लिए रकम जमा की थी। लेकिन जल्द अमीर बनने की उम्मीद में लगाया गया पैसा एक ऐसे जाल में फंस गया, जहां से न मूलधन वापस मिला और न ही दोगुनी रकम का सपना पूरा हुआ। लगभग तीन वर्षों तक न्याय की लड़ाई लड़ने के बाद आखिरकार पीड़ितों को राहत मिली हैं।

विशेष न्यायालय (बड्स एक्ट-2019) के विद्वान न्यायाधीश दीपनारायण सिंह ने बहुचर्चित डबल मनी प्रकरण में आरोपियों सौरभ हलकरे पिता गजेन्द्र हलकरे उम्र 24 वर्ष और विकास हलकरे पिता गजेन्द्र हलकरे उम्र 26 वर्ष हालमुकाम कोसमी निवासी को दोषी ठहराते हुए 17 जून बुधवार को कड़ी सजा सुनाई हैं। न्यायालय ने दोनों आरोपियों को अविनियमित जमा योजना प्रतिबंध अधिनियम, 2019 की धारा 21(3) के तहत 7-7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 7-7 लाख रुपये अर्थदंड, धारा 420 भारतीय दंड संहिता के तहत 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1-1 लाख रुपये अर्थदंड तथा धारा 120-बी के तहत 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1-1 लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। इस प्रकार दोनों आरोपियों पर कुल 9-9 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया है।

**ऐसे रचा गया था ठगी का जाल** - अभियोजन के अनुसार, आरोपी सौरभ हलकरे और उसका भाई विकास हलकरे वर्ष 2022 से मई 2023 तक बालाघाट में सरदार पटेल कॉलेज, गायखुरी रोड़ के पास एक कार्यालय संचालित कर रहे थे। यहां वे लोगों को चार महीने में रकम दोगुनी करने का प्रलोभन देते थे। निवेश करने वालों को विश्वास दिलाने के लिए दुगुनी राशि के चेक भी दिए जाते थे और कहा जाता था कि मैच्योरिटी पूरी होने पर चेक जमा कर अपनी रकम प्राप्त कर लें। इनकी जाल में धीरे-धीरे गांवों और शहर के कई परिवारों ने अपनी वर्षों की मेहनत की कमाई इन दोनों भाइयों के पास जमा कर दी।

**49 लोगों से वसूले 47.50 लाख रुपये** - आरोपियों के झांसे में आकर कुल 49 लोगों ने लगभग 47 लाख 50 हजार रुपये जमा किए। जब राशि वापस लेने का समय आया तो आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी। कई लोगों ने बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाए, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिलता रहा। अंततः जब निवेशकों को यह एहसास हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है, तब उन्होंने पुलिस का दरवाजा खटखटाया।

**शिकायत से शुरू हुई कानूनी कार्रवाई** - पीड़ितों की शिकायत पर थाना कोतवाली बालाघाट में अपराध क्रमांक 198/2023 दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 420, 120-बी, 34 भादवि तथा अविनियमित जमा योजना प्रतिबंध अधिनियम, 2019 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला कायम कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

**साक्ष्यों के आधार पर दोष सिद्ध** - विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने दस्तावेजी साक्ष्य, गवाहों के बयान और अन्य प्रमाण न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए। विशेष लोक अभियोजक एवं सहायक संचालक (अभियोजन) कपिल कुमार डहेरिया ने प्रभावी पैरवी करते हुए आरोपियों के खिलाफ मजबूत पक्ष रखा। न्यायालय ने सभी साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद दोनों आरोपियों को दोषी पाया और कड़ी सजा सुनाई।

# करंट लगने से बेसुध हुए बच्चे को पुलिस जवान ने सीपीआर देकर बचाई जान

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** कहते हैं पुलिस केवल कानून व्यवस्था संभालने तक ही सीमित नहीं होती, बल्कि संकट की घड़ी में लोगों के लिए उम्मीद की किरण भी बन जाती है। कुछ ऐसा ही वाक्या एक परिवार के साथ हुआ। जब परिवार का मासूम बेटा जिंदगी और मौत के बीच फस गया, तब बालाघाट जिला पुलिस बल में पदस्थ हेड कांस्टेबल मधुसूदन हरिनखेडे ने अपनी सूझबूझ और प्रशिक्षण का परिचय देते हुए एक तीन वर्षीय मासूम की जान बचाकर मानवता की मिसाल पेश की। दरअसल, 16 जून 2026 को बालाघाट के एक वाटर पार्क में महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के सालेकसा निवासी युवराज दशहरे अपने परिवार के साथ घूमने पहुंचे थे। इसी दौरान उनका तीन वर्षीय बेटा प्रवेश द्वार के पास रखे वाटर कूलर के संपर्क में आने से करंट की चपेट में आकर बेसुध हो गया। घटना के समय वहां मौजूद लोग घबरा गए और किसी को समझ नहीं आ रहा था कि क्या किया जाए। तभी अपने दोस्तों के साथ घूमने पहुंचे हेड कांस्टेबल मधुसूदन हरिनखेडे ने तत्काल बच्चे को सीपीआर देना शुरू किया। करीब 10 से 15 मिनट तक लगातार प्रयास के बाद बच्चे को होश आ गया, जिससे परिजनों और उपस्थित लोगों ने राहत की सांस ली तथा बालाघाट पुलिस की सराहना की।

# जन्मदिन समारोह से लौट रहे परिवार को पिकअप ने मारी टक्कर, पति की मौत, पत्नी-बच्चे गंभीर

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** जिले के वारासिवनी क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब पूरा परिवार एक जन्मदिन समारोह में शामिल होकर घर लौट रहा था।

जानकारी के अनुसार, शिवधाम निवासी श्रवण पटले (35) अपनी पत्नी ललिता ठाकरे (30), बेटी आरजू (13) और बेटे मयूर (10) के साथ अपने साढ़ू भाई महेश हरिनखेड़े के बेटे के जन्मदिन समारोह में शामिल होने गए थे। समारोह से लौटते समय रात करीब 8 से 8:30 बजे के बीच वारासिवनी क्षेत्र के आलेझरी और पुसुटोला के बीच उनकी बाइक को तेज रफ्तार बुलेरो पिकअप वाहन (क्रमांक एमपी-50-जी-2239) ने जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार चारों लोग सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आंवलाझरी सरपंच जीतू राजपूत मौके पर पहुंचे और मानवता का परिचय देते हुए अपने वाहन से सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया।



अस्पताल में उपचार के दौरान श्रवण पटले ने दम तोड़ दिया। वहीं उनकी पत्नी ललिता ठाकरे के जबड़े में गंभीर चोट आई है। बेटी आरजू के बाएं कंधे तथा बेटे मयूर के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। तीनों घायलों का निजी अस्पताल में उपचार जारी है और उनकी स्थिति पर चिकित्सकों की निगरानी बनी हुई है।

बुधवार को अस्पताल चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने शून्य पर मर्ग कायम कर प्रकरण की डायरी संबंधित थाना क्षेत्र को भेज दी है तथा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।



# काम्बिंग गश्त के दौरान एक ही रात में तामील-पकड़े गये 65 वारंटी

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

पुलिस अधीक्षक विजय भागवानी के निर्देशन मे उमरिया पुलिस द्वारा दिनाँक 16 और17 जून की दरम्यानी रात सघन काम्बिंग गश्त अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक उमरिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमरिया के निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस उमरियाध् पाली के मार्गदर्शन मे समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी द्वारा टीम गठित कर कार्यवाही की गई। कार्यवाही के पूर्व थानाध्चौकी प्रभारियों द्वारा गठित टीम को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्राप्त निर्देशों के संबंध में अच्छे से ब्रीफ कर कार्यवाही हेतु रवाना किया गया । देर रात चले इस काम्बिंग गश्त अभियान में जिले मे कुल 65 वारंटियों को पकड़ाध्वारंट तामील किया गया जिनमे 24 स्थायी, 37 गिरफ्तारी, 02 वसूली एवं 02 भरण-पोषण वारंट शामिल है। इसके अतिरिक्त 14 निगरी बदमाश, 30 गुंडा बदमाश एवं 19 हिस्ट्री शीटर को चेक किया जाकर उनके संबंध में आवश्यक जानकारी एकत्रित की गई। पुलिस अधीक्षक उमरिया विजय भागवानी के निर्देशन में चलाये गये इस काम्बिंग गश्त अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक वारंटों की तामीली एवं बदमाशों की चेकिंग करना था जो की पुलिस टीम की कार्यवाही से सार्थक हुआ।

# बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व इंडिया टुडे टूरिज्म सर्वे एंड अवार्ड्स 2026 में प्रतिष्ठित पुरस्कार से पुरस्कृत

उमरिया (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मध्य प्रदेश के मार्गदर्शन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता के परिणामस्वरूप तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक डॉ समिता राजौरा के सतत प्रोत्साहन के फलस्वरूप, मध्य प्रदेश के गौरव एवं विश्व प्रसिद्ध वन्यजीव पर्यटन स्थल बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व को इंडिया टुडे टूरिज्म सर्वे एंड अवार्ड्स 2026 में एडिटर्स चॉइस अवॉर्ड - बेस्ट वाइल्डलाइफ डेस्टिनेशन श्रेणी में पुरस्कृत किया गया है। यह पुरस्कार बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व को वन्यजीव संरक्षण, उत्कृष्ट पर्यटन प्रबंधन, पर्यटकों को उच्च स्तरीय अनुभव प्रदान करने तथा जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया।




गोवा में 15 जून 2026 को आयोजित भव्य समारोह में यह पुरस्कार बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व की ओर से डॉ अनुपम सहाय, फील्ड डायरेक्टर, बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व तथा एल. कृष्णमूर्ति एपीसीसीएफ वाइल्डलाइफ ने केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखवात एवं मुख्यमंत्री गोवा, डॉ प्रमोद सावंत के करकमलों से प्राप्त किया। बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व देश-विदेश के पर्यटकों के बीच अपनी समृद्ध जैव विविधता, बाघों की अच्छी संख्या, प्राकृतिक सौंदर्य एवं प्रभावी संरक्षण प्रबंधन के लिए विशेष पहचान रखता है। यह पुरस्कार बाँधवगढ़ में कार्यरत समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, स्थानीय समुदायों तथा संरक्षण सहयोगियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। यह पुरस्कार न केवल बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व बल्कि सम्पूर्ण मध्य प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है तथा राज्य की पहचान को देश के अग्रणी वन्यजीव पर्यटन गंतव्यों में और अधिक सुदृढ़ करता है।

## करकेली जेई देवानंद बुनकर निलंबित

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एम. पी. पी. के. वी. वी. सी. एल.) उमरिया वृत्त के अधीक्षण अभियंता ने बिजली कनेक्शन प्रदान करने में गंभीर अनियमितता एवं कंपनी को राजस्व हानि पहुंचाने के आरोप में कनिष्ठ अभियंता देवानंद बुनकर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार, कनिष्ठ अभियंता (चालू प्रभार) देवानंद बुनकर, जो वितरण केंद्र करकेली में पदस्थ थे, पर अपने कार्यक्षेत्र में बिजली कनेक्शन प्रदान करने के दौरान गंभीर अनियमितता बरतने तथा कंपनी को राजस्व नुकसान पहुंचाने का आरोप है।

मामले को गंभीर मानते हुए अधीक्षण अभियंता योगेश कुमार उड़के ने निलंबन की कार्रवाई की है। निलंबन अवधि के दौरान देवानंद बुनकर का मुख्यालय कार्यालय कार्यपालन अभियंता (एसटीएम-एसटीसी) एमपीपीकेवीवीसीएल संभाग उमरिया निर्धारित किया गया है।

# विशेष हड्डी एवं जोड़ परामर्श शिविर का आयोजन आज उमरिया में

**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** शैल्बी मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, जबलपुर द्वारा हड्डी, जोड़ एवं स्पोर्ट्स इंजरी से संबंधित समस्याओं के लिए एक निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन दिनांक 18 जून, गुरुवार को उमरिया में किया जा रहा है। इस शिविर में प्रसिद्ध जॉइंट रिप्लेसमेंट, स्पोर्ट्स इंजरी एवं कॉम्प्लेक्स ट्रॉमा सर्जन डॉ. विश्वनाथ प्रताप सिंह मरीजों को परामर्श प्रदान करेंगे। शिविर का आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक अग्रवाल मेडिकल, बिजली ऑफिस के सामने, आधार केंद्र के पीछे, पुरानी एलआईसी ऑफिस, जयस्तंभ चौक,उमरिया में किया जाएगा।शिविर में घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण,जोड़ों के दर्द,गठिया, ऑस्टियोपोरोसिस, कमर दर्द, स्लिप डिस्क, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, फ्रैक्चर, स्पोर्ट्स इंजरी, एसीएल एवं लिगामेंट चोटों सहित विभिन्न अस्थि एवं जोड़ संबंधी समस्याओं के विशेषज्ञ परामर्श एवं उपचार संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। अस्पताल प्रबंधन ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी समस्याओं के संबंध में विशेषज्ञ चिकित्सक से 99 रुपये के रजिस्ट्रेशन शुल्क पर परामर्श प्राप्त करें। अधिक जानकारी एवं पंजीकरण हेतु मो.नं. 95758 01022, 98265 33324 पर संपर्क करें।

## मानपुर सीएमओ राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा के स्थनांतरण से नगरवासियों में दिखने लगी निराशा

**मानपुर (स्वतंत्र मत)।** मानपुर की लोकप्रिय विधायक सुश्री मीना सिंह जी के सराहनीय पहल एवं मानपुर नगर अध्यक्ष श्रीमती भारती सोनी और क्षेत्रीय कई पार्षदों के सहयोग से मानपुर सीएमओ राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा जी के कार्यकाल में मानपुर नगर का विकास बड़ी रफ्तार से हुआ, जिस विकास को देखते हुये नगर में खुशी कि लहर थी, वहीं अब जब कुशवाहा जी के स्थनांतर की खबर आई है तब से ये सुनते ही क्षेत्र में निराशा वाले चेहरे दिखने के चर्चा क्षेत्र में जोरों से बढ़ रही है।

# सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन इंदौर और नर्मदापुरम ने जीत दर्ज की

**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** अमर शहीद खेल मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालिका अंडर-17 वर्ग के रोमांचक मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न संभागों की टीमें शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ जीवनशैली का आधार भी है। ऐसी प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के साथ उन्हें बड़े स्तर पर अपनी पहचान बनाने का अवसर प्रदान करती हैं।

बुधवार 17 जून को दूसरे दिन के पहले मुकाबले में इंदौर की टीम ने जनजातीय कार्य विभाग शहडोल को 2-1 से पराजित किया। वहीं दूसरे मुकाबले में नर्मदापुरम ने भोपाल को 1-0 से हराकर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की।



गौरतलब है कि मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग एवं लोक शिक्षण संचालनालय के तत्वावधान में 15 से 18 जून तक आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, सागर, जबलपुर, नर्मदापुरम, शहडोल तथा जनजातीय कार्य विभाग सहित विभिन्न संभागों की टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में बालक अंडर-15, बालक अंडर-17 एवं बालिका अंडर-17 वर्ग के मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं। दूसरे दिन खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया, जिससे प्रतियोगिता का रोमांच लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद पाली, जिला उमरिया (म.प्र.)

क्रमांक / 936 /2026- पाली, दिनांक 16/06/26

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय नगर पालिका परिषद् पाली जिला उमरिया द्वारा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. शासन के प्रचलित www.gem.gov.in केन्द्रीयकृत पंजीयन पद्धति में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.gem.gov.in पर देखी जा सकती है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | GEM/2026/B 7659193 | स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु एमआईएस कार्य एवं IEC कार्य हेतु | 15 दिवस 05.00 लाख | 5000.00 | 26.06.2026 |

शर्तेः- 1. निविदा का विस्तृत विवरण एवं शर्तें आदि ऑनलाईन वेबसाईट https://www.gem.gov.in में देखी जा सकती है। 2. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन दिनांक 12.06.2026 से 26.06.2026 तक जमा किये जा सकते हैं। 3. ऑनलाईन बिड एवं समस्त दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि 26.06.2026 तक है। 4. ऑनलाईन निविदा दिनांक 28.06.2026 को खोली जावेगी। 5. निविदाकार को निविदा से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है। समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाईन प्रस्तुत किया जाना है। सशर्त निविदाकार स्वीकार नहीं की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पाली, जिला उमरिया (म.प्र.)

# किसानों ने समस्याओं को लेकर कलेक्टर से लगाई गुहार, खाद-डीजल और नो-एंट्री व्यवस्था पर हो सुधार

मण्डला(स्वतंत्रमत)

जिले में खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ किसानों की समस्याएं भी सामने आने लगी हैं। खाद की उपलब्धता, डीजल पेट्रोल की परेशानी वितरण, नकली खाद की बिक्री और कृषि कार्यों में बाधा बन रही प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर त्वरित समाधान मांग की है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते इन समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो खरीफ फसलों की बुवाई और उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है ज्ञापन में किसानों ने बताया कि जिले में कृषि गतिविधियां प्रारंभ हो चुकी हैं और अधिकांश किसान खेतों की तैयारी तथा बुवाई संबंधी कार्यों में जुट गए हैं ऐसे समय में रासायनिक खाद की आवश्यकता सबसे अधिक होती है लेकिन वर्तमान व्यवस्था किसानों के लिए परेशानी का कारण बन गई है खाद वितरण के लिए लागू स्लॉट बुकिंग प्रणाली और तकनीकी समस्याओं के चलते किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रही है। आरोप है कि खाद प्राप्त करने के लिए स्लॉट बुक कराने में 10 से 15 दिनों





तक का समय लग रहा है जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं कई बार वे घंटों तक ऑनलाइन स्लॉट बुक करने का प्रयास करते हैं लेकिन सर्वर की धीमी गति और तकनीकी खामियों के कारण सफलता नहीं मिलती जिन किसानों को स्लॉट मिल भी जाता है उन्हें निर्धारित तिथि तक इंतजार करना पड़ता है इस बीच बारिश होने या खेत तैयार हो जाने की स्थिति में भी वे समय पर खाद नहीं प्राप्त कर पाते इससे किसानों की चिंता बढ़ रही है क्योंकि खरीफ सीजन में बुवाई का समय बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है ज्ञापन में बताया कि निजी खाद विक्रेताओं के यहां भी किसानों को राहत नहीं मिल रही है। कई निजी दुकानदार मशीन खराब होने या तकनीकी समस्या का हवाला देकर खाद देने से मना कर रहे हैं इससे किसानों को बार-बार दुकानों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। प्रशासन को निजी विक्रेताओं की नियमित निगरानी करनी चाहिए ताकि किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े किसानों ने जिले में नकली खाद की बिक्री का मुद्दा भी गंभीरता से उठाया है कुछ निजी विक्रेताओं द्वारा किसानों को निम्न गुणवत्ता अथवा नकली खाद बेचे जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं किसानों का कहना है कि नकली खाद के उपयोग से फसलों की वृद्धि प्रभावित होती है और उत्पादन में भारी गिरावट आ सकती है साथ ही किसानों की मेहनत और पूंजी दोनों का नुकसान होता है मांग की है कि कृषि विभाग और प्रशासन संयुक्त रूप से अभियान चलाकर खाद विक्रेताओं की जांच करें तथा दोषी पाए जाने वाले व्यापारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ज्ञापन में खेतों की जुताई और अन्य कृषि कार्यों के लिए आवश्यक डीजल की उपलब्धता को भी प्रमुख समस्या बताया गया है वर्तमान समय में ट्रैक्टरों की मांग बढ़ गई है क्योंकि खेतों की जुताई, बुवाई और अन्य कृषि कार्य तेजी से चल रहे हैं। लेकिन पेट्रोल पंपों पर डिब्बों में डीजल नहीं दिए जाने की व्यवस्था किसानों और ट्रैक्टर मालिकों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है किसानों ने बताया कि जिले के अनेक गांव पेट्रोल पंपों से काफी दूरी पर स्थित हैं। ऐसे में यदि ट्रैक्टर खेतों में कार्य कर रहे हों और डीजल समाप्त हो जाए तो किसानों को केवल डीजल भरवाने के लिए ट्रैक्टर को कई किलोमीटर दूर पेट्रोल पंप तक ले जाना पड़ता है इससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। कई बार खेतों में कार्य बीच में रुक जाता है जिससे कृषि गतिविधियों पर सीधा असर पड़ता है यदि उचित पहचान और सत्यापन के आधार पर कृषि उपयोग के लिए डब्बों में डीजल उपलब्ध कराया जाए तो किसानों को बड़ी राहत मिल सकती है इससे खेतों में चल रहे कार्य बाधित नहीं होंगे और समय पर कृषि गतिविधियां पूरी की जा सकेंगी। किसानों ने प्रशासन से इस संबंध में व्यावहारिक समाधान निकालने मांग की है वहीं कृषि कार्यों में उपयोग होने वाले वाहनों को नो-एंट्री व्यवस्था से होने वाली परेशानियों का भी उल्लेख किया गया है खेती-किसानी से जुड़े वाहन ट्रैक्टर-ट्रॉली और कृषि सामग्री परिवहन करने वाले वाहन कई बार नो-एंट्री के दौरान रोक दिए जाते हैं। इससे बीज खाद और अन्य आवश्यक सामग्री समय पर खेतों तक नहीं पहुंच पाती कृषि सीजन के दौरान ऐसी व्यवस्थाएं खेती के कार्यों को प्रभावित करती हैं किसानों ने मांग की है कि कृषि कार्यों में उपयोग होने वाले वाहनों को विशेष अनुमति दी जाए या उन्हें नो-एंट्री नियमों से आंशिक राहत प्रदान की जाए ताकि खेती संबंधी कार्यों में कोई बाधा उत्पन्न न हो उनका कहना है कि कृषि कार्य मौसम पर निर्भर होते हैं और थोड़ी सी देरी भी किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचा सकती है ज्ञापन में किसानों ने प्रशासन का ध्यान इस ओर भी आकर्षित किया कि वर्तमान समय खेती-किसानी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है खरीफ सीजन की शुरुआत में यदि खाद, बीज, डीजल और अन्य आवश्यक संसाधन समय पर उपलब्ध नहीं होंगे तो इसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ेगा।

## स्टॉपडैम में डूबने से युवक की मौत

मण्डला/घुघरी(स्वतंत्रमत)

जिले के घुघरी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत जुनवानी के पोषक ग्राम धनगांव सरपंच टोला के निवासी फग्गन सिंह मरकाम पिता परमु मरकाम का एक दुखद दुर्घटना में निधन हो गया प्राप्त जानकारी के अनुसार फग्गन सिंह ने अपने मोहल्ले स्थित ठाकुरदेव नाला स्टॉपडैम में स्नान करने गए थे नहाते समय अचानक उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में चले गए आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाकर बचाने का प्रयास किया लेकिन डूबने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई घटना की सूचना पर घुघरी पुलिस मौके पर पहुंची ग्रामीणों की भारी भीड़ स्टॉपडैम पर जमा हो गई थी। पुलिस ने पंचनामा की कार्यवाही पूरी कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुघरी भेज दिया गया जहां पोस्टमार्टम कराकर शव को परिवार जनों को सौंप दिया गया।

## घुघरी सचिव का स्थानांतरण

मण्डला/घुघरी(स्वतंत्रमत)

जनपद पंचायत घुघरी क्षेत्र में पंचायत सचिवों के स्थानांतरण के बाद प्रशासनिक व्यवस्था में बदलाव शुरू हो गया है। जिला पंचायत मंडला द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश के तहत ग्राम पंचायत घुघरी में पदस्थ सचिव शिवकुमार बैरागी का प्रशासनिक आधार पर तबादला कर उन्हें ग्राम पंचायत ढैको में नई पदस्थापना दी गई है जानकारी के अनुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की स्थानांतरण नीति-2026 के तहत यह कार्रवाई की गई है।

## एसपी पहुंचे खटिया थाना

मण्डला(स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी द्वारा थाना खटिया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर कार्यालय अभिलेखों मालखाना हवालात शस्त्रागार एवं थाना रिकॉर्ड का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना स्टॉफ की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए लंबित अपराधों शिकायतों एवं विवेचनाओं के शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## नामांकन निरस्त लोकतंत्र पर प्रहार

मण्डला(स्वतंत्रमत)

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रेसवार्ता का आयोजन किया। प्रेसवार्ता के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने को लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय बताते हुए इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया निष्पक्ष चुनाव और संवैधानिक मूल्यों पर गंभीर हमला करार दिया है। पार्टी ने प्रदेशभर में जिला स्तर पर पत्रकारवार्ताएं आयोजित कर इस मुद्दे को जनता के सामने उठाया। कांग्रेस का आरोप है कि जिस आधार पर मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज किया गया उससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं।

# नगर विकास को लेकर पहुंचे भोपाल

मण्डला/बिछिया (स्वतंत्रमत)

नगर परिषद भुआ बिछिया में विगत 2 वर्षो से स्थायी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नियुक्त नहीं होने से नगर के जनहित कार्य के साथ साथ कार्यालयीन व्यवस्था प्रभावित हो रही हैं साथ ही शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं को क्रिन्यावयन सुचार ढंग से नहीं होने के द्रष्टिगत रखते हुये नगर परिषद बिछिया अध्यक्ष रजनी मरावी ने श्रीमति सम्पतिया उइके कैबिनेट मंत्री के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं नगरीय प्रशासन विकास एवं आवास विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को मांग पत्र सौंपा है। साथ ही नगर के विभिन्न विकास कार्यों



को गति प्रदान करने के लिए लगभग 6 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत किए जाने संबंधी मांग पत्र भी संबंधित नगरीय प्रशासन विकास एवं आवास विभाग को प्रेषित किया गया है नगर में बढ़ती जनसंख्या एवं नागरिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विभागों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। पर्याप्त अधिकारियों की नियुक्ति होने से विकास कार्यों की निगरानी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन तथा नागरिक सेवाओं का बेहतर संचालन सुनिश्चित हो सकेगा। इस संबंध में शासन को आवश्यक पदों की जानकारी एवं उनकी आवश्यकता का विस्तृत प्रतिवेदन भेजा गया है इसके अतिरिक्त नगर विकास के अंतर्गत सड़क निर्माण एवं मरम्मत, नाली निर्माण, पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता प्रबंधन, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण तथा अन्य जनहितकारी कार्यों के लिए लगभग 6 करोड़ रुपये मांग की गई है। प्रस्तावित राशि प्राप्त होने पर नगर के विभिन्न 15 वार्डों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संपादित किया जाएगा जिससे नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। नगर जनहित कार्य के लिये भोपाल दौरे में नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी, शशिकांत श्रीवास्तव, अजयपुरी गोस्वामी, विकास पाण्डेय उपयंत्री एचआर कुरैशी का विशेष सहयोग एवं उपस्थित रहें।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से संवरेंगे बच्चों के सपने : मंत्री

## विद्या प्रवेश उत्सव की शुरुआत

मण्डला/नैनपुर(स्वतंत्रमत)

जिले के नैनपुर स्थित केंद्रीय विद्यालय में विद्या प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया इस अवसर पर 320 नौनिहाल विद्यार्थियों का विद्यालय में प्रवेश कराया गया कार्यक्रम के माध्यम से नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें शिक्षा के प्रथम चरण के लिए शुभकामनाएं दी गईं केंद्रीय विद्यालय के संचालन से नैनपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ प्राप्त होगा कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, पूर्व विधायक देवसिंह सैयाम, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, अन्य जनप्रतिनिधि, एसडीएम आशुतोष ठाकुर, प्रभारी प्राचार्य नंदकिशोर कार्तिकेय, धर्मेंद्र कुमार पटेल, संदीप कुमार पटेल सहित अन्य शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि बच्चों के जीवन में शिक्षा का



विशेष महत्व है गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही उनके सपनों को नई दिशा और उड़ान देती है उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज में सकारात्मक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम है तथा शिक्षित और संस्कारित पीढ़ी ही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करती है मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए गए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक रोजगारोन्मुख एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों को भी उत्कृष्ट शैक्षणिक अवसर उपलब्ध हों। इस अवसर पर सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि शिक्षा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होती है। विकसित भारत के निर्माण में विद्यार्थियों और शिक्षण संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार निवेश कर रही है ताकि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का वातावरण दिखाई दिया। अभिभावकों ने भी अपने बच्चों के विद्यालय प्रवेश पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पुरोहित प्रशिक्षण में मिला प्रमाण पत्र

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** प्रांतीय कुर्मी समाज के आह्वान एवं कुर्मी समाज विकास संगठन के तत्वाधान में बिंझिया स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल मंगल भवन में आयोजित चार दिवसीय आवासीय राष्ट्रीय पुरोहित प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में देश में पहली बार आदिवासी हरिजन एवं पिछड़े वर्ग के 54 भाई-बहनों ने राष्ट्रीय पुरोहित प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रमाणपत्र हासिल किया। प्रशिक्षण का संचालन दमोह निवासी डॉ. रज्जन पटेल द्वारा किया गया। समापन समारोह की अध्यक्षता कुर्मी समाज के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सरदार वल्लभभाई पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट के कुलाधिपति दिवाकर सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जितेंद्र सिंगरौल, एल.पी. पटेल, शिवशंकर शिवणकर, वीरेश्वर सिंह, चंद्रभान कुर्मी, राधेश्याम पटेल, नारायण दास कुर्मी, हरि बड़के पटेल एवं पूजा हरि पटेल सहित अनेक गणमान्य अतिथि शामिल हुए। समापन अवसर पर सभी 54 प्रशिक्षुओं को राष्ट्रीय स्तर का पुरोहित प्रशिक्षण प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

## पुलिस ने जुआरियों को पकड़ा

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं एसडीओपी पीयूष मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में महाराजपुर पुलिस ने जुआ खेलने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# दर्द से कराह रहे लोगों को चुटकी में आराम



मैगनेटिक चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञ डॉ. एसके गर्ग द्वारा उपचार किया जा रहा है।

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में डॉ एसके गर्ग मरीजों का चुटकी में ईलाज कर रहे हैं दर्द से परेशान लाखों रूपए खर्च करने के बाद भी आराम न मिलने की पीड़ा को लेकर सैकड़ो लोग शिविर में पहुंच रहे हैं जहां पर मरीजों का उपचार किया जा रह है। नगर मुख्यालय के एमके होटल में लगे इस शिविर में अन्य जिलों से भी मरीज आ रहे हैं। जिनका उपचार डॉक्टर एसके गर्ग द्वारा किया जा रहा है। इस शिविर की सम्पूर्ण व्यवस्था महाकौशल की वरिष्ठ उद्यमी समाजसेवी श्रीमति मृदुला काल्पीवार द्वारा किया गया है। तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में चमात्कारी प्रेशर पॉइंट थेरेपी, मैगनेटिक थेरेपी से उपचार किया जा रहा है। सुजोक एक्यूप्रेशर एवं डॉ. गर्ग सुजोक एवं मैग्नेट थेरेपी के माध्यम से शरीर के विशेष दबाव बिंदुओं प्रेशर पॉइंट्स और ऊर्जा प्रवाह को सक्रिय कर स्वास्थ्य लाभ देने का प्रयास करते हैं उनके अनुसार हाथों पैरों और शरीर के विभिन्न बिंदुओं के माध्यम से शरीर की आंतरिक स्थिति को समझकर उपचार किया जाता है जिससे शरीर की स्व-उपचार क्षमता को प्रोत्साहन मिलता है शिविर में साइटिका, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, सर्वाइकल, माइग्रेन, कंधे का दर्द, जोड़ों के दर्द, ब्लड प्रेशर तथा डायबिटीज जैसी समस्याओं से पीड़ित लोगों को परामर्श एवं उपचार दिया जाएगा। इस पद्धति से अनेक लोगों को राहत मिली है और कई मरीजों ने सकारात्मक अनुभव साझा किए हैं।

**कार्यालय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय**
**लुहारी विकासखंड निवास जिला मंडला**
पत्र.क्र./SSA/KGBV छात्रावास/2026/33 दिनांक 17.06.2026
**निविदा सूचना**
समस्त निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय लुहारी में निवासरत बालिकाओं के खाद्यान्न किराना एवं जनरल की पूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म राशि रू 200/- में क्रय (शर्ते व नियम) करने की अंतिम तिथि 22/06/26 शाम 05:00 बजे तक है। इच्छुक निविदाकर्ता दिनांक 25/06/26 अपरान्ह 02:00 बजे तक बंद लिफाफा में अपनी निविदा छात्रावास कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदाएं (लिफाफे) दिनांक 25/06/26 को दोपहर 03:00 बजे छात्रावास प्रबंधन समिति कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय लुहारी के समक्ष खोली जायेगी।
छात्रावास अधीक्षिका
कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय
लुहारी वि.खं. निवास जिला मण्डला मप्र

**कार्यालय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय**
**पोंड़ीनगरार विकासखंड बीजाडांडी जिला मंडला**
पत्र.क्र./SSA/KGBV छात्रावास/2026/08 दिनांक 17.06.2026
**निविदा सूचना**
समस्त निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पोंड़ीनगरार में निवासरत बालिकाओं के खाद्यान्न किराना एवं जनरल की पूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म राशि रू 200/- में क्रय (शर्ते व नियम) करने की अंतिम तिथि 22/06/26 शाम 05:00 बजे तक है। इच्छुक निविदाकर्ता दिनांक 25/06/26 अपरान्ह 02:00 बजे तक बंद लिफाफा में अपनी निविदा छात्रावास कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदाएं (लिफाफे) दिनांक 25/06/26 को दोपहर 03:00 बजे छात्रावास प्रबंधन समिति कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पोंड़ीनगरार के समक्ष खोली जायेगी।
छात्रावास अधीक्षिका
कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय
पोंड़ीनगरार वि.खं. बीजाडांडी जिला मण्डला मप्र

**कार्यालय नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास**
**मानिकसरा विकासखंड बीजाडांडी जिला मंडला**
पत्र.क्र./SSA/NSCB छात्रावास/2026/61 दिनांक 17.06.2026
**निविदा सूचना**
समस्त निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास मानिकसरा में निवासरत बालिकाओं के खाद्यान्न किराना एवं जनरल की पूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म राशि रू 200/- में क्रय (शर्ते व नियम) करने की अंतिम तिथि 22/06/26 शाम 05:00 बजे तक है। इच्छुक निविदाकर्ता दिनांक 25/06/26 अपरान्ह 02:00 बजे तक बंद लिफाफा में अपनी निविदा छात्रावास कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदाएं (लिफाफे) दिनांक 25/06/26 को दोपहर 03:00 बजे छात्रावास प्रबंधन समिति नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास मानिकसरा के समक्ष खोली जायेगी।
छात्रावास अधीक्षिका
नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास
मानिकसरा वि.खं. बीजाडांडी जिला मण्डला मप्र

**कार्यालय नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास**
**खलौड़ी विकासखंड मवई जिला मंडला**
पत्र.क्र./SSA/NSCB छात्रावास/2026/66 दिनांक 17.06.2026
**निविदा सूचना**
समस्त निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास खलौड़ी में निवासरत बालिकाओं के खाद्यान्न किराना एवं जनरल की पूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म राशि रू 200/- में क्रय (शर्ते व नियम) करने की अंतिम तिथि 22/06/26 शाम 05:00 बजे तक है। इच्छुक निविदाकर्ता दिनांक 25/06/26 अपरान्ह 02:00 बजे तक बंद लिफाफा में अपनी निविदा छात्रावास कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदाएं (लिफाफे) दिनांक 25/06/26 को दोपहर 03:00 बजे छात्रावास प्रबंधन समिति नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास खलौड़ी के समक्ष खोली जायेगी।
छात्रावास अधीक्षिका
नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास
खलौड़ी वि.खं. मवई जिला मण्डला मप्र

**कार्यालय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय**
**राजो विकासखंड बिछिया जिला मंडला**
पत्र.क्र./SSA/KGBV छात्रावास/2026/248 दिनांक 17.06.2026
**निविदा सूचना**
समस्त निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय राजो में निवासरत बालिकाओं के खाद्यान्न किराना एवं जनरल की पूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म राशि रू 200/- में क्रय (शर्ते व नियम) करने की अंतिम तिथि 22/06/26 शाम 05:00 बजे तक है। इच्छुक निविदाकर्ता दिनांक 25/06/26 अपरान्ह 02:00 बजे तक बंद लिफाफा में अपनी निविदा छात्रावास कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदाएं (लिफाफे) दिनांक 25/06/26 को दोपहर 03:00 बजे छात्रावास प्रबंधन समिति कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय राजो के समक्ष खोली जायेगी।
छात्रावास अधीक्षिका
कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय
राजो वि.खं. बिछिया जिला मण्डला मप्र

**कार्यालय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय**
**धनगांव विकासखंड मवई जिला मंडला**
पत्र.क्र./SSA/KGBV छात्रावास/2026/66 दिनांक 17.06.2026
**निविदा सूचना**
समस्त निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय धनगांव में निवासरत बालिकाओं के खाद्यान्न किराना एवं जनरल की पूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म राशि रू 200/- में क्रय (शर्ते व नियम) करने की अंतिम तिथि 22/06/26 शाम 05:00 बजे तक है। इच्छुक निविदाकर्ता दिनांक 25/06/26 अपरान्ह 02:00 बजे तक बंद लिफाफा में अपनी निविदा छात्रावास कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदाएं (लिफाफे) दिनांक 25/06/26 को दोपहर 03:00 बजे छात्रावास प्रबंधन समिति कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय धनगांव के समक्ष खोली जायेगी।
छात्रावास अधीक्षिका
कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय
धनगांव वि.खं. मवई जिला मण्डला मप्र

संपादकीय

# 'कल' क्या होगा?

डोनाल्ड ट्रंप बेशक 'सुपर पॉवर' अमरीका के निर्वाचित राष्ट्रपति हैं, लेकिन वह किसी मुनाफाखोर व्यापारी से कम नहीं हैं। वह वैश्विक आक्रांता, कब्जेबाज, सनकी और अस्थिर भी हैं तथा दुनिया को उपनिवेश मानने वाले नेता हैं। चूंकि अब ईरान युद्ध पर समझौते के आसार बार-बार उभर रहे हैं, लिहाजा माना जा सकता है कि युद्ध समाप्ति की ओर है। यह स्थिति करीब 110 दिन के बाद लग रही है।

राष्ट्रपति ट्रंप का अहंकार, उनकी अकड़ समझ में आती है, क्योंकि वह किसी भी देश को मिट्टी-मलबे में तब्दील करने की सामरिक ताकत रखते हैं। ईरान का अधिकांश हिस्सा खंडहर हो चुका है। सरकारी ही सही, सार्वजनिक आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि युद्ध के दौरान ईरान में 3636 मौतें हो चुकी हैं, करीब 26,500 घायल हुए हैं, ईरान के 155 नौसेना जहाज और हजारों ड्रोन अमरीकी सेना ने तबाह कर दिए हैं, हजारों मिसाइल हमलों में खर्च हो चुकी हैं, ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई समेत 40-45 शीर्ष नेता और मंत्री, विभिन्न कमांडर, सलाहकार आदि एक ही हमले में मार दिए गए थे। एक अमरीकी डॉलर की कीमत 13.75 लाख रियाल से अधिक है, महंगाई दर 77 फीसदी को पार कर चुकी है।

आईएमएफ के मुताबिक, ईरान की जीडीपी में 6 फीसदी से अधिक की गिरावट आ चुकी है। भुखमरी के पूरे आसार हैं, क्योंकि लोगों को ऋण लेकर अंडा, चिकन, भोजन का बंदोबस्त करना पड़ रहा है। वहां 'ईएमआई पर भोजन' के बिलबोर्ड लगे हैं। ऐसे हालात के बावजूद ईरान समझौते को लेकर जिद और खोखला अहंकार दिखा रहा है। उसे सोचना चाहिए कि युद्ध के कारण दुनिया में आर्थिक मंदी, ऊर्जा और खाद्य-संकट के हालात बन रहे हैं। हैरानी की बात है कि ईरान का एक तबका सड़कों पर, विदेश मंत्रालय के दफ्तर के सामने विरोध-प्रदर्शन पर उतर आया है। ये सामूहिक नारे भी लगा रहे हैं कि समझौते के पैरोकारों-विदेश मंत्री अरागची और संसद स्पीकर कालीबाफ- को 'मौत' दी जाए। उन्होंने अमरीका के सामने सरेंडर किया है! ऐसा आभास होता है कि ईरान के कट्टरपंथी चेहरे फिलहाल युद्ध को समाप्त करने के पक्षधर नहीं हैं, लिहाजा वे ऐसे विरोध-प्रदर्शनों को भड़का रहे हैं! बहरहाल खबर है कि 19 जून को स्विट्जरलैंड में डील पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं।

समझौते के कुछ बिंदु भी सार्वजनिक किए गए हैं। मसलन- ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा और न ही परमाणु अस्त्र हासिल करने की कोशिश करेगा। ईरान धीरे-धीरे सवंर्धित यूरेनियम को कम करेगा। होर्मुज को खोला जाएगा, लेकिन अमरीका को पहले सैन्य नाकेबंदी हटानी होगी। अमरीका कोई नया प्रतिबंध नहीं लगाएगा, बल्कि ईरान को कच्चा तेल निर्यात करने की छूट देगा। यह भी कहा जा रहा है कि अमरीका ईरान की 24-25 अरब डॉलर की जब्त संपत्तियों को जारी करेगा। समझौता होने के बाद 60 दिनों के अंतराल में अमरीका और ईरान आपस में बातचीत करेंगे और विवादों को आसान करने की कोशिश करेंगे। आश्चर्य है कि जिस अमरीका ने इजरायल के साथ मिल कर 28 फरवरी, 2026 को ईरान पर हमला किया था और युद्ध थोपा था, उस इजरायल को समझौते और संवाद की प्रक्रिया से बाहर रखा गया है। हालांकि ईरान की प्रमुख मांग रही है कि लेबनान और गाजा में इजरायली हमले बंद कराए जाएं, लेकिन लगता है कि इजरायल ने अमरीका की बात माननी भी बंद कर दी है।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अनेक जनहितकारी योजनाएं लागू

# चिन्ताजनक है महंगी होती दवाईयां, महंगा होता इलाज

**स्वास्थ्य और शिक्षा किसी भी सभ्य समाज की दो मूलभूत आवश्यकताएं हैं। दुर्भाग्य से भारत में इन दोनों क्षेत्रों में व्यवसायीकरण का प्रभाव लगातार बढ़ता गया है। निजी अस्पतालों की बढ़ती फीस, महंगे परीक्षण, अनावश्यक जांचें, चिकित्सा उपकरणों का भारी खर्च और अब दवाइयों की बढ़ती कीमतें मिलकर आम नागरिक को असहाय बना रही हैं।**





ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

भारत आज विकसित राष्ट्र बनने के स्वप्न के साथ आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की परिकल्पना बार-बार दोहराई जा रही है। बड़े-बड़े बुनियादी ढांचे, डिजिटल क्रांति, अंतरिक्ष उपलब्धियां और आर्थिक विकास के दावों के बीच एक प्रश्न बार-बार सामने खड़ा हो जाता है-क्या ऐसा भारत वास्तव में विकसित कहलाएगा, जहां एक सामान्य नागरिक बीमारी के कारण कर्ज में डूबने को विवश हो जाए? जहां इलाज और दवाइयों की बढ़ती कीमतें जीवन और मृत्यु के बीच की दूरी तय करने लगें? जहां स्वास्थ्य सेवा अधिकार नहीं, बल्कि आर्थिक सामर्थ्य का विषय बन जाए? ऐसे समय में जब महंगाई पहले ही आम आदमी की कमर तोड़ रही है, नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी (एन.पी.पी.ए.) द्वारा कुछ जीवनरक्षक दवाओं और टीकों की कीमतों में भारी वृद्धि की अनुमति देना गंभीर चिंता का विषय है। कैंसर की कुछ दवाओं, एंटी-टेटनस सीरम और बच्चों के आवश्यक टीकों की कीमतों में लगभग पचास प्रतिशत तक वृद्धि की स्वीकृति ने लाखों परिवारों के सामने नया संकट खड़ा कर दिया है। यह निर्णय केवल आर्थिक मुद्दा नहीं है, बल्कि सामाजिक न्याय, मानवीय संवेदना और जनकल्याणकारी शासन की अवधारणा से भी जुड़ा हुआ प्रश्न है।

भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति किसी से छिपी नहीं है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि देश में बड़ी संख्या में लोग आज भी अपने इलाज का खर्च अपनी जेब से वहन करते हैं। बीमारी केवल स्वास्थ्य संकट नहीं रह जाती, वह आर्थिक संकट में भी बदल जाती है। एक समय था जब कहा जाता था कि व्यक्ति अपनी बेटी की शादी के कारण कर्ज में डूबता है, लेकिन आज की स्थिति यह है कि किसी गंभीर बीमारी का इलाज पूरा परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद कर सकता है। कैंसर, हृदय रोग, किडनी रोग या अन्य जटिल बीमारियों का उपचार लाखों रुपये की मांग करता है। ऐसे में यदि जीवनरक्षक दवाइयों की कीमतें भी लगातार बढ़ती रहें तो गरीब और निम्न मध्यम वर्ग के लिए स्वास्थ्य सेवा लगभग असंभव हो जाएगी। एन.पी.पी.ए. ने दवाओं की कीमत बढ़ाने के पीछे उत्पादन लागत में वृद्धि और बाजार में संभावित कमी का तर्क दिया है। उनका कहना है कि यदि दवा कंपनियां लागत भी नहीं निकाल पाएंगी तो वे उत्पादन बंद कर सकती हैं, जिससे मरीजों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। यह तर्क अपनी जगह सही हो सकता है। किसी भी उद्योग को जीवित रहने के लिए उचित लाभ आवश्यक है। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या जीवनरक्षक दवाओं को सामान्य उपभोक्ता वस्तुओं की तरह देखा जा सकता है? क्या स्वास्थ्य क्षेत्र में लाभ कमाने की सीमा और सामाजिक जिम्मेदारी के बीच संतुलन स्थापित नहीं किया जाना चाहिए?

स्वास्थ्य और शिक्षा किसी भी सभ्य समाज की दो मूलभूत आवश्यकताएं हैं। दुर्भाग्य से भारत में इन दोनों क्षेत्रों में व्यवसायीकरण का प्रभाव लगातार बढ़ता गया है। निजी अस्पतालों की बढ़ती फीस, महंगे परीक्षण, अनावश्यक जांचें, चिकित्सा उपकरणों का भारी खर्च और अब दवाइयों की बढ़ती कीमतें मिलकर आम नागरिक को असहाय बना रही हैं। चिकित्सा सेवा धीरे-धीरे सेवा के बजाय उद्योग में परिवर्तित होती दिखाई दे रही है। अस्पताल स्वास्थ्य केंद्र कम और कॉरपोरेट प्रतिष्ठान अधिक प्रतीत होने लगे हैं। रोगी अब मरीज नहीं, बल्कि ग्राहक की तरह देखा जाने लगा है। यह स्थिति केवल आर्थिक असमानता को ही नहीं बढ़ाती, बल्कि सामाजिक विभाजन को भी गहरा करती है। आज भी देश में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मुख्यतः उन्हीं लोगों को उपलब्ध हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति मजबूत है। गरीब व्यक्ति सरकारी अस्पतालों की लंबी कतारों, सीमित संसाधनों और अपर्याप्त सुविधाओं के भरोसे है। अमीर व्यक्ति अत्याधुनिक अस्पतालों और महंगे उपचारों का लाभ उठा सकता है। क्या यही सामाजिक न्याय है? क्या यही वह भारत है जिसकी कल्पना स्वतंत्रता सेनानियों ने की थी?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनेक जनहितकारी योजनाएं लागू हुई हैं। आयुष्मान भारत जैसी योजना ने लाखों लोगों को राहत भी प्रदान की है। जन औषधि केंद्रों की स्थापना ने सस्ती दवाइयों की उपलब्धता बढ़ाने का प्रयास किया है। लेकिन इसके बावजूद स्वास्थ्य क्षेत्र में व्याप्त व्यापक विसंगतियां अभी भी बनी हुई हैं। यदि दवाओं की कीमतें लगातार बढ़ती रहें और निजी स्वास्थ्य सेवाएं अनियंत्रित होती जाएं, तो इन योजनाओं का प्रभाव सीमित हो जाएगा। वास्तविक चुनौती यह है कि स्वास्थ्य को बाजार की शक्तियों के हवाले छोड़ने के बजाय उसे जनकल्याण के केंद्र में रखा जाए। सरकार का दायित्व केवल योजनाओं की घोषणा करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि प्रत्येक नागरिक को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों। जीवनरक्षक दवाओं की कीमतों पर विशेष नियंत्रण होना चाहिए। सरकारी अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। दवा खरीद प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। आवश्यक दवाओं के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार विशेष सहायता और सब्सिडी भी दे सकती है, ताकि लागत बढ़ने का पूरा बोझ मरीजों पर न पड़े।

इसके साथ ही स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का दायरा और व्यापक होना चाहिए। अनेक गरीब और निम्न मध्यमवर्गीय परिवार ऐसे हैं जो किसी भी बीमा सुरक्षा से वंचित हैं। गंभीर बीमारी की स्थिति में वे अपनी जीवनभर की जमा पूंजी गंवा देते हैं। स्वास्थ्य बीमा केवल अस्पताल में भर्ती होने तक सीमित न रहे, बल्कि आवश्यक दवाओं और दीर्घकालिक उपचार को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए। यह भी आवश्यक है कि सरकार समय-समय पर दवा कंपनियों की लागत संरचना और मूल्य निर्धारण की स्वतंत्र समीक्षा कराए। यदि वास्तव में लागत बढ़ी है तो उसका प्रमाण सार्वजनिक होना चाहिए। पारदर्शिता से जनता का विश्वास भी बढ़ेगा और अनावश्यक मूल्यवृद्धि पर भी रोक लगेगी। स्वास्थ्य नीति का मूल उद्देश्य कंपनियों के लाभ और नागरिकों के अधिकारों के बीच संतुलन स्थापित करना होना चाहिए।

वर्ष 2047 का विकसित भारत केवल ऊंची इमारतों, तेज रफ्तार सड़कों और बढ़ती जीडीपी से नहीं बनेगा। उसका वास्तविक मूल्यांकन इस आधार पर होगा कि वहां का सबसे गरीब नागरिक कितना सुरक्षित, शिक्षित और स्वस्थ है। यदि एक किसान, मजदूर, कर्मचारी या निम्न आय वर्ग का व्यक्ति बीमारी के समय सम्मानपूर्वक इलाज प्राप्त नहीं कर सकता, तो विकास के दावे अधूरे रह जाएंगे। आज आवश्यकता केवल दवाइयों की कीमतों पर बहस करने की नहीं, बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था की समग्र समीक्षा करने की है। यह स्वीकार करना होगा कि स्वास्थ्य कोई विलासिता नहीं, बल्कि मौलिक मानवीय अधिकार है। जिस राष्ट्र में नागरिकों को स्वस्थ जीवन का अवसर नहीं मिलता, वहां विकास की चमक भी फीकी पड़ जाती है। समय आ गया है कि सरकार, नीति-निर्माता, चिकित्सा जगत और समाज मिलकर यह सुनिश्चित करें कि स्वास्थ्य सेवा लाभ कमाने का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा का सशक्त उपकरण बने। अन्यथा विकसित भारत का सपना केवल आंकड़ों में चमकेगा, जबकि आम आदमी बीमारी, कर्ज और असहायता के अंधकार में संघर्ष करता रहेगा। स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष की ओर बढ़ते भारत के सामने यही सबसे बड़ी नैतिक और मानवीय चुनौती है, जिसका समाधान आज ही तलाशना होगा।

# बच्चों को सोशल मीडिया से बचाएं



आदित्य नारायण चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

पहले बच्चों पर दादा-दादी, माता-पिता और अन्य रिश्तों का प्रभाव होता था लेकिन आज स्थितियां बदल गई हैं। आज के दौर में आप के बच्चों पर सिर्फ आप का ही प्रभाव नहीं है। बाजारवाद और टैक्नोलॉजी की दुनिया में कई अन्य शक्तियां मौजूद हैं जो आप के बच्चों को लगातार प्रभावित कर रही हैं। इनमें से एक बड़ी शक्ति है सोशल मीडिया। अब 3 साल का बच्चा मोबाइल से चिपका हुआ है, टीवी देख रहा है। अगर 2 या 3 साल का बच्चा मोबाइल फोन पर गेम खेल रहा है तो हम नहीं जानते कि उसके जीवन पर क्या प्रभाव पड़ेगा। तकनीक दो धारी तलवार की तरह है। एक तरफ दुनिया की चकाचौंध है तो दूसरी तरफ हमारी समझदारी की कमी ने समस्याएं पैदा कर दी हैं। आधुनिक होने की सोच उस समय बेकार हो जाती है जब नए-नए गैजेट्स बच्चों को बेकार बना देते हैं।

तकनीकी प्रगति से उत्पन्न चुनौतियों में से एक है बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा प्रभाव। सोशल मीडिया का उपयोग करने वाले किशोर अभूतपूर्व मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य संकट का सामना कर रहे हैं। पिछले दो दशकों में किशोरों में अवसाद और आत्महत्या की दर तेजी से बढ़ी है। आज की डिजिटल दुनिया महज एक उत्पाद नहीं है जिसका हम उपयोग करते हैं, बल्कि एक वैकल्पिक आभासी स्थान है जिसमें हम तेजी से निवास कर रहे हैं- एक ऐसा वातावरण जहां सिलिकॉन वैली चाहती है कि हम (जैसा कि नए नियम में कहा गया है) जिएं, सांस लें और अपना अस्तित्व बनाए रखें।

फेसबुक द्वारा खुद को मेटा के रूप में पुनः ब्रांड करने और अपने वर्तमान प्लेटफॉर्म को लेकर चिंताओं को एक अधिक व्यापक और सर्वव्यापी मेटावर्स के प्रति उत्साह में बदलने का जनसंपर्क प्रयास विपरीत प्रभाव डाल सकता है। बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण प्रदान करने की हमारी समाज की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए, इन नए स्थानों का उचित प्रबंधन आवश्यक है। ब्रिटेन में अब 16 साल से कम उम्र के सभी बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने घोषणा की है कि बच्चों की सुरक्षा के लिए सोशल मीडिया पर पाबंदी जरूरी है। 16 साल से कम उम्र के बच्चे अब टिक-टॉक, यू ट्यूब, इंस्ट्राग्राम, रेडिट, फेसबुक, एक्स, स्नैप चैट आदि कोएक्सैस नहीं कर पाएंगे।

सबसे पहले आस्ट्रेलिया ने पहल करते हुए 16 साल से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाया था, उसके बाद ग्रीस ने पाबंदियां लगाईं। फ्रांस, डेनमार्क, पॉलैंड, स्पेन और कनाडा में इस तरह के कानून बनाने की तैयारी चल रही है। ब्रिटेन में सिर्फ सोशल मीडिया ऐप्स को ही बच्चों के लिए बैन नहीं किया जा रहा, बल्कि गेमिंग ऐप्स आदि पर भी शिकंजा कसने की तैयारी है। फिलहाल गेमिंग ऐप्स को बैन नहीं किया जाएगा, लेकिन इन ऐप्स को बच्चों के लिए अनजान लोगों से चैटिंग जैसे फीचर्स हटाने पड़ेंगे। इसी तरह 18 साल से कम यूजर्स के लिए रोमांटिक और सेक्शुएल चैटबॉट की एक्सेस पर रोक लगेगी। इसके लिए सरकार मौजूदा कानूनों का सहारा लेगी और जरूरत पड़ने पर नए कानून भी बनाए जा सकते हैं।

यहां पहले ही ऑनलाइन दुनिया में बच्चों की सेफ्टी के लिए एज वैरिफिकेशन सिस्टम लागू है, लेकिन अब सोशल मीडिया को लेकर और सख्ती की जा रही है। बच्चों को सोशल मीडिया की ओर आकर्षित करना और उन्हें वहां बनाए रखना ऑनलाइन प्लेटफार्म की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसका कारणयह है कि अन्य सभी सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं की तरह बच्चे ग्राहक नहीं बल्कि श्रम शक्ति हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के प्रबंधकों को कोई नैतिक आयाम या सिद्धांत नजर नहीं आता। एक शोध में यह निष्कर्ष निकाला गया है कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने से तीन में से एक बालिका को अपने शरीर की बनावट को लेकर परेशानी होती है और पांच में से एक को दूसरों से तुलना करने की समस्या होती है।

किशोर लड़के-लड़कियों में पांच में से एक लड़का खुद को कमतर महसूस करता है। सोशल मीडिया और वास्तविक जीवन के बीच की सीमा इतनी धुंधली हो गई है कि भावनाएं और सीमाएं दोनों के बीच आ जाती हैं। यह प्लेटफार्म बच्चों के यौन शोषण सहित कई तरह की घातक प्रवृत्तियों को बढ़ावा देते हैं। बच्चों द्वारा अपनी आपत्तिजनक तस्वीरें साझा करने की प्रवृत्ति लगातार बढ़रही है। माता-पिता संकट में फंसे हुए हैं। माता-पिता के लिए बच्चों का पालन-पोषण बहुत कठिन हो चुका है। यद्यपि कई विशेषज्ञों की राय है कि पाबंदियां पूरी तरह प्रभावी नहीं होती और लोग वीपीएन समेत कई तरीकों से सोशल मीडिया प्लेटफार्म को एक्सैस कर सकते हैं। विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने से बच्चों की मैंटल हैल्थ बेहतर हुई है।

यह भी डर जताया जा रहा है कि आज के दौर में माता-पिता के पास बच्चों को समय देने की फुर्सत नहीं। इसलिए बच्चे आइसोलेशन में जा सकते हैं। अब फैसला समाज को करना है कि उन्हें बच्चों को सोशल मीडिया से कैसे बचा कर रखना है। समाज सोशल मीडिया को बच्चों के शरीर, मन और आत्मा को कुंठित करने की अनुमति नहीं दे सकता। भारत के नीति निर्माताओं के सामने भी यह विकल्प है कि अन्य देशों की तरह तकनीकी बदलाव से उत्पन्न खतरों से बच्चों की रक्षा कैसे करें। इसके लिए नीतिगत फैसले लेने होंगे। अभिभावकों को भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

# विश्व गुरु न होते हुए

संतोष उत्सुक

कई साल तक यह कहते रहो कि हम विश्वगुरु हैं और बाकी सब हमारे चेले हैं। हमारे जैसा दूसरा कोई नहीं। विश्व में सब कुछ, हर कुछ सबसे पहले हमने ही किया। सबसे ज़्यादा अविष्कार हमने ही किए। दुनियावालों ने हमसे सीखा यानी संसार को हमने सिखाया। फिर किसी दिन कह दो कि विश्वगुरु होने में अभी वक़्त लगेगा तो बात कुछ हजम नहीं होती। कभी यशस्वी गुरुजन कहते रहे कि विश्वगुरु होने के लिए, महागुरु अमेरिका को पीछे छोड़ना पड़ेगा। अब अमेरिका की ट्रम्प चालों ने दुनिया भर में तनाव, अस्थिरता, लड़ाई और झगडा फैला दिया है तो हम कह रहे हैं कि विश्व गुरु होने में समय लगेगा। ऐसे असमंजस में तैरते हालातों में विश्वगुरु होने से तो अच्छा है विश्वगुरु न होना।




विकास की तेज़ चाल विश्वगुरु बना देती है। राजनीति के सबसे प्रसिद्ध, आदरणीय और लोकप्रिय चरित्र यानी विकासजी की मेहरबानियों का सिलसिला थमता नहीं है। किसी ने ख्वाब भी नहीं लिया होगा कि चाहे हर घर में चुल्लू भर जल न हो, खाने के लिए दो वक़्त की रोटी न हो लेकिन कई कई मोबाइल होंगे। अब मोबाइल नहीं कहा जाता बलिक स्मार्ट फोन कहा जाता है। डाटा प्रयोग करने के मामले में तो हम विश्वगुरु हैं ही और इस सन्दर्भ में हमें विश्वगुरु के रूप में पहचाना जा चुका है। कुछ भी हो जी, इंटरनेट ने गरीब, संघर्षरत युवा वर्ग व आम जनता का कल्याण कर रखा है। सब सुसंस्कृत, मनोरंजन में व्यस्त, शांत हो चले हैं एक दूसरे को बुरा नहीं कहते, परेशान नहीं करते । किसी को किसी से कोई मतलब नहीं है। सब अपनी अपनी ज़िंदगी में अस्त व्यस्त और मस्त हैं। सभी ने स्वयं को अपना गुरु मान लिया है ऐसे में विश्वगुरु मानो न मानो क्या फर्क पड़ता है।

वरिष्ठ नेता, महाजन, प्रसिद्धजन, धनवान और मनवान तो सदियों से खुद को महागुरु समझते रहे और दूसरों को बुद्धू चेलों का हुजूम। यह चेले समाज की कई तरह की ऊंची दीवारों और बंद दरवाजों में जीते रहे और खुद को आनंद विभोर समझते रहे और समझ रहे हैं। अब ख़ास लोगों ने समझाया है कि हम फिलहाल विश्वगुरु नहीं हैं तो हमारे विश्वगुरु न होने की घोषणा का फायदा दुनिया को होने वाला है। इस बहाने दुनिया वाले अपने बारे खुद सोचना शुरू कर सकेंगे। अपने समाज के वैचारिक निर्णय खुद लेंगे। हर क्षेत्र में बार बार प्रेरणा के लिए हमारी तरफ नहीं देखेंगे। कुल मिलाकर हमें भी लाभ होगा वह यह कि हमें इस गर्वीले विचार से आज़ादी मिलेगी कि दुनिया हमारे पीछे चल रही है, हमें बार बार लगातार देख रही है, हमारे बिना संसार का काम नहीं चल रहा। समझदार उच्च कोटि विचार गुरुओं का क्या है, जिस दिन चाहेंगे अच्छा सा मुहर्त निकलवा कर, अपने विश्व गुरु होने की घोषणा फिर से कर देंगे। दुनिया तो बुद्धू है ही, फिर से हमारा लोहा ही नहीं बहुत कुछ मानना शुरू कर देगी।

# सार्वजनिक जीवन में विश्वास की पूंजी

डॉ. आशीष वशिष्ठ

विश्वास और भरोसा ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है। सार्वजनिक जीवन में जन विश्वास गंवाने वाला व्यक्ति किसी योग्य नहीं रह जाता। हाल ही में भारतीय राजनीति में जन विश्वास से जुड़ी दो अहम घटनाएं घटित हुईं। पहली घटना में एक नेता ने जन विश्वास की पूंजी खो दिया। वहीं दूसरी घटना में नेता ने जन विश्वास की पूंजी को सहेजा ही नहीं, बल्कि हर बीतते दिन के साथ उसमें वृद्धि भी की।

पहली घटना 4 मई की है। इस दिन जन विश्वास खो चुकी तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। तृणमूल और ममता से नाराजगी का आलम यह था कि स्वयं ममता बनर्जी अपनी सीट हार गईं। आज ममता बनर्जी और उनकी पार्टी की जो दुर्दशा हो रही है, उसकी जिम्मेदार कोई दूसरा नहीं बल्कि वह स्वयं और उनके कर्म ही हैं।

तृणमूल कांग्रेस के विधायक और सांसद अपना अलग गुट बना चुके हैं। स्वतंत्र भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में ऐसा कोई दूसरा उदाहरण मिलना मुश्किल है, जब किसी राजनीतिक दल का इतनी तेजी से विघटन हुआ हो। या किसी नेता की तथाकथित साख चुनाव हारने के चंद दिनों में ही औंधे मुंह गिरी हो। सत्ता गंवाने के बाद ममता बनर्जी को मंदिर जाने की याद आई। कालीबाड़ी दर्शन करने पहुंची ममता बनर्जी को लोगों ने पूरी तरह अनदेखा किया। डेढ दशक तक सूबे का मुख्यमंत्री रहने वाले नेता की जनता इस हद तक उपेक्षा करे, तो यह सिर्फ चुनावी हार नहीं, जनविश्वास के टूटने का संकेत होता है।

तृणमूल कांग्रेस के कुशासन से आजिज जनता आज उसके नेताओं का अंडे, टमाटर, जूते और मार कुटाई से सत्कार कर रही है। तृणमूल के नेताओं को देखकर चोर-चोर के नारे लगाए जा रहे हैं। ये वो लोग है जो पिछले 15 वर्षों से तृणमूल नेताओं की तानाशाही, गुण्डागर्दी और अत्याचार चुपचाप सह रहे थे। तृणमूल नेताओं के प्रति जनता का व्यवहार उनके स्वाभाविक क्रोध, कुंठा, निराशा और हताशा का परिणाम है।

ममता सरकार के डेढ़ दशक के शासन के दौरान राजनीतिक दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं की हत्या व अपहरण, पोलिंग एजेंटों की पिटाई, बमबाजी, गोलीबारी, बूथों में तोड़फोड़, वोटों की लूट, प्रत्याशियों व उनके परिवार के सदस्यों को धमकियां, ये सब बंगाल में आम बातें हो चुकीं थीं। भाजपा के अपने अनुमानों के अनुसार, 2021 में विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद हुई हिंसा में टीएमसी के गुंडों ने 300 से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या की थी। तत्कालीन राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने कानून व व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा था कि, राज्य में लोकतंत्र सांस नहीं ले पा रहा है। मुख्यमंत्री और प्रशासन मूक दर्शक बने हुए हैं।



दूसरी घटना 10 जून को घटित हुई। इस दिन नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में 4,399 दिन पूरे किए, जो देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में पूरे किए गए 4,398 दिन के कार्यकाल से ज्यादा है। इस तरह जनविश्वास, सुशासन और राष्ट्रहित के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक बनकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए। यह सिर्फ रिकॉर्ड नहीं, 140 करोड़ भारतीयों के अटूट विश्वास की जीत है।

2014 में देश ने उत्साह और अटूट विश्वास के साथ नरेंद्र मोदी को अपना प्रधानमंत्री चुना था, लेकिन उन्होंने स्वयं को हमेशा एक प्रधानसेवक माना। इसी रूप में वे अपना राष्ट्रधर्म निभाते हुए विकसित भारत के निर्माण में जुटे हैं। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के संकल्प के साथ उन्होंने समाज के हर वर्ग का विश्वास जीता है। उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाओं ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को अधिकार, सम्मान और आत्मनिर्भरता का एहसास कराया है। विपक्ष के लगातार मिथ्या प्रचार, व्यक्तिगत हमलों, यहां तक की अपशब्द देने के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी अहर्निशं जनसेवा में जुटे हैं। देश की जनता उन पर भरोसा करती है, जनता को विश्वास है मोदी के रहते उनका अहित नहीं होगा। इसलिए वो लगातार तीसरी बार उन्हें प्रधानमंत्री की कुर्सी सहर्ष सौंपती है।

जब विश्वास टूटता है तो बड़े से बड़े नेता और व्यक्ति अर्श से फर्श पर आ जाता है। भारतीय राजनीति में इंदिरा गांधी का बड़ा कद था। लेकिन अपनी सत्ता बचाने के लिए 1975 को इमरजेंसी लगाने के बाद जनता का विश्वास इंदिरा गांधी से टूट गया। 1977 के आम चुनाव में कांग्रेस को ऐतिहासिक हार का मुंह देखना पड़ा। इंदिरा का घमंड चूर चूर हो गया, और देश में आजादी के बाद पहली बार गैर कांग्रेसी सरकार का गठन हुआ।

उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी, उड़ीसा में बीजू जनता दल, दिल्ली में आम आदमी पार्टी तमाम ऐसे उदाहरण ऐसे हैं, जब जनता ने इन दलों पर विश्वास करके सत्ता के सिंहासन पर बैठाया। लेकिन जब ये नेता विश्वास और उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे तो, जनता ने इन्हें इनको आसमान से जमीन पर पटकने में देरी नहीं की। तमिलनाडु में विश्वास ही तो खत्म हुआ होगा, तभी तो वहां की जनता ने सत्तारूढ़ डीएमके को हटाकर अभिनेता चंद्रशेखरन जोसेफ विजय की नयी नवेली पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम यानी टीवीके को सत्ता की कुंजी सौंप दी।

वहीं कई ऐसे उदाहरण भी हैं, जहां विश्वास के चलते जनता ने बार बार जीत का आशीष दिया। गुजरात में बीते 31 और मध्य प्रदेश 21 साल से भाजपा की सरकार है। इतने लंबे समय तक विश्वास और सेवा किये बिना कोई नेता या दल सत्ता या लोगों के दिलों में नहीं रह सकता। किसी जमाने में हरियाणा में भाजपा कोई बड़ी शक्ति नहीं थी। बामुश्किल उसके दो या तीन विधायक ही जीतते थे। लेकिन विश्वास और जनसेवा की बदौलत ही पिछले 12 वर्षों से हरियाणा में भाजपा की सरकार सत्ता में है।

उत्तर प्रदेश की राजनीति में मिथक था कि यहां कोई सरकार दोबारा रिपीट नहीं करती। 2017 में भाजपा को पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने कृतित्व एवं व्यक्तित्व से सरकार और शासन के प्रति जनता के विश्वास को लगातार बढ़ाने का काम किया। नतीजा उत्तर प्रदेश की राजनीति में 37 साल पुराना यह मिथक 2022 के विधानसभा चुनाव में टूट गया। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा ने प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी कर लगातार दूसरी बार सरकार बनाई। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में भाजपा सरकार पिछले नौ साल से लगातार जनसेवा में जुटी है।

जीवन की सबसे बड़ी पूंजी पद नहीं, बल्कि विश्वास होता है। यह विश्वास किसी नेता, राजनीतिक दल या किसी व्यक्ति की सबसे बड़ी पूंजी है। यह विश्वास बना रहना ही चाहिए। और जिस दिन यह विश्वास टूटता है, उस दिन नतीजे वैसे ही होते हैं, जैसे 4 मई को पश्चिम बंगाल में ईवीएम से निकले। हारने वाला कुंठा, निराशा और हताशा में भले ही इसे वोट की लूट बताता रहे, लेकिन ये वोट की नहीं बल्कि दिल की लूट होती है। इसलिए व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन में विश्वास बनाए रखें।

# 'नाविकों की सुरक्षा जरूरी' : ट्रंप के बगल में बैठकर पीएम मोदी ने उठाया जहाजों पर हमले का मुद्दा




एवियन

ओमान के पास समुद्र में एक कमर्शियल जहाज़ पर अमेरिकी हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत के कुछ दिनों बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप समेत कई नेताओं की मौजूदगी में कहा कि युद्धों का समाधान सिर्फ बातचीत, कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय सहयोग से ही हो सकता है और सभी देशों को समुद्री रास्तों और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

मोदी ने फ्रांस के एवियन रिसॉर्ट में जी7 समिट के एक सेशन को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। इस सेशन का विषय था नई साझेदारियां बनाना और अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को फिर से कायम करना। ईरान और अमेरिका के बीच शांति समझौते पर सहमति बनने के दो दिन बाद हुए इस सेशन में भारत के अलावा ब्राजील, मिस्र, केन्या और दक्षिण कोरिया जैसे सहयोगी देशों को भी आमंत्रित किया गया था।

### समुद्री रास्तों और नाविकों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी

ट्रंप के ठीक बगल में बैठे प्रधानमंत्री मोदी ने सत्र में कहा, समुद्री रास्ते से दुनिया भर के देशों को जोड़ने वाले नाविकों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। हमें यह पक्का करना होगा कि समुद्री रास्ते सुरक्षित रहें और नाविक बिना किसी डर के अपना काम कर सकें। भारत इन मुद्दों पर सभी सहयोगियों के साथ मिलकर काम करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### पश्चिम एशिया में शांति के प्रयासों का किया स्वागत

पीएम मोदी ने पश्चिम एशिया में शांति प्रयासों में हुई प्रगति का स्वागत किया और कहा कि इस संघर्ष में कई भारतीय नागरिकों की जान गई है और क्षेत्र के मित्र देशों में जान-माल का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से समुद्री व्यापार में रुकावट से वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी नुकसान पहुंचा है।

साझा चुनौतियों से निपटने के लिए भरोसे पर आधारित साझेदारी और वैश्विक एकजुटता के महत्व पर जोर देते हुए मोदी ने कहा, भारत का दृढ़ विश्वास है कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में जारी तनाव और युद्धों का स्थायी समाधान केवल बातचीत, कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय सहयोग से ही संभव है।

जी7 समिट के दौरान ट्रंप के साथ होने वाली द्विपक्षीय बैठक से एक दिन पहले मोदी ने ये बातें कहीं। इससे पहले पिछले हफ्ते जब अमेरिकी विमान ने टैंकर पर हमला किया तो इसमें तीन भारतीय नाविक मारे गए। अमेरिकी नौसेना ने ओमान के तट के पास तीन कमर्शियल जहाजों को निशाना बनाया, जिन पर 65 से ज्यादा भारतीय क्रू मेंबर सवार थे। इन जहाजों पर अमेरिकी नाकेबंदी से बचने की कोशिश करने का आरोप था।

## टेक्सस में हाईवे पर क्रैश हुआ छोटा प्लेन, लोगों ने कॉकपिट का शीशा तोड़कर बचाई यात्रियों की जान

टेक्सस

अमेरिका के टेक्सस प्रांत में मंगलवार रात एक बड़ा हादसा हो गया, जहां एक छोटा विमान अनियंत्रित होकर सीधे हाईवे (लूप 20) पर जा गिरा। क्रैश होते ही विमान में भीषण आग लग गई।

इस हादसे के बाद हाईवे पर चीख-पुकार मच गई और वहां से गुजर रहे लोग अपनी गाड़ियां छोड़कर विमान में फंसे लोगों को बचाने के लिए दौड़ पड़े। पुलिस के मुताबिक, विमान में कुल 6 लोग सवार थे, जिनमें से एक व्यक्ति की मौत हो गई है।

लारेडो पुलिस विभाग के जांचकर्ता जोस बिएजा ने बताया कि यह हादसा रात करीब 10 बजे के बाद हुआ। राहत की बात यह रही कि हाईवे पर चल रहे किसी भी वाहन या उसमें बैठे लोगों को चोट नहीं आई है। एक्सीडेंट के बाद सुरक्षा के लिहाज से हाईवे को दोनों तरफ से बंद कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि विमान हाईवे के बैरियर से टकराकर एक तरफ झुका हुआ है और धू-धू कर जल रहा है। इस हादसे की चश्मदीद जायरा गार्जा नाम की महिला ने बताया कि वह अपनी सहकर्मियों को गाड़ी से घर छोड़ रही थीं, तभी अचानक उनके सामने यह विमान क्रैश हो गया।




उन्होंने बताया कि शुरुआत में मैंने इस घटना का वीडियो बनाना शुरू किया, लेकिन जैसे ही गाड़ी रोकी, देखा कि विमान के अंदर फंसा एक शख्स बाहर निकलने के लिए कॉकपिट (पायलट के केबिन) की खिड़की तोड़ने की कोशिश कर रहा था। जायरा ने आगे बताया कि उनके पति भी लोगों की मदद के लिए तुरंत गाड़ी से बाहर कूद पड़े। इसी बीच विमान का दरवाजा खुला और तीन किशोर (कम उम्र के युवा) तेजी से बाहर भागे, जिनके पीछे पायलट भी था। चालक दल (क्रू) के एक अन्य सदस्य ने विमान के अंदर से एक बेहोश व्यक्ति को बाहर खींचने की पूरी कोशिश की। जायरा ने कहा कि यह सब किसी फिल्मी सीन जैसा लग रहा था और मैं पूरी तरह सदमे में थी। मुझे सबसे ज्यादा डर उस आग से लग रहा था, क्योंकि डर था कि विमान किसी भी वक्त ब्लास्ट हो सकता है।

### माओवादी पुष्पा ने कोलकाता पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण

**कोलकाता, (वार्ता)।** कोलकाता के पुलिस आयुक्त अजय कुमार नंद ने बुधवार को घोषणा की कि माओवादी उग्रवादी पुष्पा उर्फ वर्षा ने आत्मसमर्पण कर दिया है। शकुंतला नाम से भी जानी जाने वाली पुष्पा पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम जिले के बेलपहाड़ी की रहने वाली है। उसने एक एसएलआर राइफल, एक मैगजीन और 37 कारतूस के साथ समर्पण किया है। श्री नंद ने मीडियाकर्मियों को बताया कि पुष्पा जब छठी कक्षा में थी, तभी वह झारखंड के सारंडा जंगल में चली गयी थी। वह माओवादी संगठन में दलमा दस्ते की क्षेत्रीय समिति की सदस्य थी। तब से वह मुख्य रूप से सारंडा जंगल में बिहार-ओडिशा-झारखंड सीमा पर काम कर रही थी। वह एक अन्य माओवादी नेता मिशिर बेसरा के नेतृत्व वाले दस्ते की सदस्य थी और संगठन की सशस्त्र शाखा पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी से जुड़ी हुई थी।

## सैनिटरी पैड और गर्भनिरोधक प्रोडक्ट्स पर टैक्स खत्म करने की तैयारी में पाक

इस्लामाबाद

पाकिस्तान सरकार ने सैनिटरी पैड और गर्भनिरोधक प्रोडक्ट्स पर लगने वाले 18% सेल्स टैक्स को पूरी तरह खत्म करने की तैयारी कर रही है। पिछले हफ्ते पेश किए गए देश के नए बजट में सरकार ने इस टैक्स को हटाने का प्रस्ताव रखा है।



पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने इस फैसले को लेकर कहा कि सैनिटरी प्रोडक्ट्स महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और समाज में उनकी भागीदारी के लिए बेहद जरूरी हैं। उन्होंने देश की तेजी से बढ़ती आबादी पर चिंता जताते हुए कहा कि पाकिस्तान जनसंख्या के मामले में दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा देश बन चुका है, इसलिए परिवार नियोजन को बढ़ावा देना सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में से एक है। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में हालात काफी चिंताजनक हैं क्योंकि वहां केवल 12% महिलाएं और लड़कियां ही बाजार में मिलने वाले सैनिटरी पैड्स का इस्तेमाल कर पाती हैं। बाकी की बड़ी आबादी को आज भी पीरियड्स के दौरान कपड़े या घर में बने असुरक्षित विकल्पों का सहारा लेना पड़ता है।

यूनिसेफ ने यह भी बताया कि अलग-अलग स्थानीय टैक्स और अन्य शुल्कों को मिलाकर पाकिस्तान में महिलाओं को इन जरूरी प्रोडक्ट्स पर करीब 40त्न अतिरिक्त टैक्स चुकाना पड़ता है। इस भारी-भरकम टैक्स की सबसे ज्यादा मार गरीब और कमजोर वर्ग की महिलाओं पर पड़ती है।

गौरतलब है कि विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान की लगभग 45% आबादी बेहद गरीबी में जीवन बिता रही है, जिनकी रोजाना की कमाई करीब 1,175 पाकिस्तानी रुपए से भी कम है। ऐसे में पाकिस्तान में मिलने वाले महज 10 सैनिटरी पैड के एक पैकेट की औसत कीमत ही एक गरीब व्यक्ति की एक दिन की कमाई के एक-तिहाई (तीसरे हिस्से) से भी ज्यादा होती है।

इतना ही नहीं कई बार तो एक पैकेट पूरे महीने के लिए कम भी पड़ जाता है। इसी भारी खर्च और गरीबी के कारण ज्यादातर महिलाएं इन्हें खरीद नहीं पातीं, जिसे देखते हुए सरकार का टैक्स हटाने का यह फैसला उनके लिए एक बड़ी राहत साबित हो सकता है।

## 'वी द लीडर्स' जन आंदोलन है : अन्नामलाई

चेन्नई, (वार्ता)

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व नेता और 'वी द लीडर्स' आंदोलन के संस्थापक के. अन्नामलाई ने बुधवार को कहा कि उनका संगठन वर्तमान में एक जन-केंद्रित आंदोलन है और इसके साथ ही संकेत दिया कि भविष्य में यह एक राजनीतिक मंच बनेगा।

यूट्यूब पर एक सीधे संवाद के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि इस पहल की शुरुआत तत्काल चुनावी राजनीति के बजाय जन कल्याण और जमीनी स्तर पर भागीदारी पर ध्यान केंद्रित करने के साथ की गयी थी। श्री अन्नामलाई ने कहा कि आंदोलन की शुरुआत अरावकुरिची से हुई थी और तब से इसने तमिलनाडु के विभिन्न हिस्सों में अपनी गतिविधियों का विस्तार किया है, जिसमें करूर भी शामिल है, जहां वर्तमान में संगठनात्मक कार्य चल रहा है। उन्होंने इस पहल को जमीनी स्तर से बदलाव लाने के उद्देश्य वाली पहल बताते हुए और इस बात पर जोर दिया कि सार्थक बदलाव शीर्ष-स्तरीय राजनीतिक ढांचे के बजाय जमीनी स्तर से शुरू होना चाहिए।



उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनका संगठन समावेशी है और सभी समुदायों के लिए खुला है, और उन्होंने कहा कि वह सभी धर्मों को समान मानते हैं। उनके अनुसार, आंदोलन का उद्देश्य विकास और नागरिक भागीदारी पर केंद्रित एक साझा मंच के तहत सामाजिक और सांस्कृतिक विभाजनों से परे लोगों को एकजुट करना है। श्री अन्नामलाई ने स्पष्ट किया कि न तो उन्होंने और न ही उनके सहयोगियों ने भारतीय जनता पार्टी और अन्य राजनीतिक दलों से लोगों को इस आंदोलन में शामिल होने के लिए कोई आमंत्रण जारी किया है।

उन्होंने दोहराया कि 'वी द लीडर्स' में भागीदारी स्वैच्छिक है और यह राजनीतिक दबाव या संगठनात्मक बदलावों के बजाय जनहित से प्रेरित है। उन्होंने इस पहल के तेजी से विकास पर भी प्रकाश डाला और दावा किया कि लगभग 18 लाख सदस्य पहले ही इससे जुड़ चुके हैं।

अपने आह्वान पर प्रतिक्रिया देने और आंदोलन में शामिल होने के लिए समर्थकों का धन्यवाद करते हुए उन्होंने कहा कि यह मंच सदस्यता पंजीकरण के लिए वन-टाइम पासवर्ड-आधारित प्रणाली का उपयोग करता है, जिसे उन्होंने पारदर्शिता और प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक अनूठी विशेषता बताया।

### योगी सरकार में ब्राह्मणों को निशाना बनाकर हुआ अत्याचार: कांग्रेस

**लखनऊ, ( वार्ता)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने योगी सरकार पर ब्राह्मणों के खिलाफ अत्याचार का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 10 साल की भाजपा और योगी आदित्यनाथ सरकार में 1000 से ज्यादा ब्राह्मणों की हत्या की गई। अंशू अवस्थी ने कहा कि भाजपा ने सभी को धोखा दिया है। 2022 के विधानसभा चुनाव में ब्राह्मण समाज ने भाजपा का समर्थन किया, लेकिन उलट भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा हत्याएं ब्राह्मणों की ही हुईं। कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि सरकार ने जातिवादी मानसिकता से काम किया और ब्राह्मणों पर अत्याचार करने वाले अपराधियों को संरक्षण दिया। योगी सरकार में ब्राह्मणों को निशाना बनाकर अत्याचार किया गया। अंशू अवस्थी ने दावा किया कि 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में ब्राह्मण अपने पुराने घर वापस आ रहा है। ब्राह्मण समाज 2027 में योगी आदित्यनाथ की जातिवादी सरकार को सबक सिखाने का काम करेगा।

## मोहर्रम शक्ति प्रदर्शन का नहीं मातम का अवसर: सीएम योगी

लखनऊ, (वार्ता)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार देर रात वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश की कानून-व्यवस्था, आगामी त्योहारों, नीट परीक्षा और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने साफ कहा कि मोहर्रम मातम का अवसर है, शक्ति प्रदर्शन का नहीं। शांति भंग करने वालों पर कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री ने 21 जून को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में प्रवेश पत्र दिखाने पर किराए में 50 प्रतिशत छूट देने की घोषणा की। उन्होंने एनटीए के दिशा-निर्देशों के अनुरूप परीक्षा की शुचिता, पारदर्शिता और संवेदनशीलता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा।


उन्होने कहा कि मोहर्रम के दौरान किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन, नई परम्परा की शुरुआत तथा कानफोड़ू डीजे, ढोल-ताशों के अनियंत्रित प्रयोग की अनुमति नहीं होगी। योगी ने कहा कि ताजिया की ऊंचाई निर्धारित मानकों के अनुरूप रखी जाए, ताकि दुर्घटना से बचा जा सके। सभी की आस्था का सम्मान किया जाए, लेकिन नई परम्परा का सृजन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। इस वर्ष 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थीम के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि 21 जून को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का प्रदेशभर में सीधा प्रसारण सुनिश्चित किया जाए। सभी पुलिस लाइन्स एवं पीएसी बटालियनों को योग दिवस कार्यक्रमों से जोड़ा जाए। हर जनपद में सफल संचालन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं। उन्होने 20 जून को नगर विकास, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा शिक्षण संस्थानों के सहयोग से विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में जिन जनपदों की स्थिति संतोषजनक नहीं है, वे अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाएं। फील्ड में अधिकारियों की तैनाती केवल मेरिट के आधार पर की जाए। समीक्षा बैठक में कानून-व्यवस्था, आगामी त्योहारों और परीक्षाओं को शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने पर जोर दिया गया।

### बेकार भूमि को पुनः उपजाऊ बनाने में भारत अग्रणी देशों में शामिल : भूपेंद्र यादव

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि भारत हमेशा स्वच्छ पर्यावरण और सतत भूमि प्रबंधन की वैश्विक मुहिम में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है और इसी का परिणाम है कि वर्ष 2030 तक 2.6 करोड़ हेक्टेयर भूमि को उपजाऊ बनाने के लक्ष्य के मुकाबले देश अब तक 2.176 करोड़ हेक्टेयर भूमि को उपजाऊ बनाने (पुनर्स्थापन) प्रयासों के दायरे में लाया जा चुका है। श्री यादव ने बुधवार को विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा रोकथाम दिवस-2026 के अवसर पर यहां इंदिरा पर्यावरण भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नीति प्रतिबद्धता, वैज्ञानिक नवाचार और जनभागीदारी के समन्वय से पर्यावरणीय पुनर्स्थापन को सतत विकास का प्रभावी माध्यम बनाया जा सकता है। उन्होंने सामुदायिक भागीदारी तथा प्रकृति आधारित समाधानों को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए कहा इससे पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी, बल्कि आजीविका मजबूत होगी।

फिल्म/टीवी मनोरंजन

## 34 सितारों से सजा 'वेलकम टू द जंगल' का ट्रेलर, भारतीय सिनेमा में बना अनोखा रिकॉर्ड




आमतौर पर किसी फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को उसकी कहानी की झलक दिखाता है, लेकिन वेलकम टू द जंगल का ट्रेलर अपने विशाल कलाकार समूह के कारण चर्चा का विषय बन गया है। चार मिनट से अधिक लंबे इस ट्रेलर में 34 प्रमुख कलाकारों की मौजूदगी इसे भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े मल्टीस्टारर ट्रेलरों में शामिल करती है।अक्षय कुमार यहां कैप्टन ऑफ द कैओस की भूमिका में दिखाई देते हैं, जबकि सुनील शेट्टी और अरशद वारसी उदय और मजनू के छोटे भाइयों के रूप में हास्य का तड़का लगाते नज़र आते हैं। ट्रेलर में वे दिग्गज कॉमेडियन भी मौजूद हैं जो इस पूरे मनोरंजन को मजबूती से संभालते हैं। परेश रावल, जॉनी लीवर, राजपाल यादव, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, कृष्णा अभिषेक और कीकू शारदा जैसे कलाकार अपनी कॉमिक टाइमिंग से रंग जमाते हैं। वहीं फिल्म में दमदार अभिनेत्रियों की फौज भी है, जिसमें रवीना टंडन, लारा दत्ता, दिशा पाटनी और जैकलीन फर्नांडिस शामिल हैं।

जैकी श्रॉफ एक यादगार खलनायक के रूप में दिखाई देते हैं, जबकि फरीदा जलाल, आफताब शिवदासानी, शारिब हाशमी, मुकेश तिवारी, यशपाल शर्मा, ज़ाकिर हुसैन, पुनीत इस्सर, फिरोज़ खान और दलेर मेहंदी जैसे अनुभवी और लोकप्रिय कलाकार भी इस सफर का हिस्सा हैं। ये सभी विशाल जंगल विस्फोटों और जबरदस्त एक्शन के बीच मज़ेदार संवादों और चुटीले वन-लाइनर्स से दर्शकों का मनोरंजन करते दिखाई देते हैं।

जब ट्रेलर खत्म होकर स्क्रीन काली पड़ती है, तब एहसास होता है कि निर्माता फिरोज़ ए. नाडियाडवाला और निर्देशक अहमद खान ने सिर्फ एक स्टारकास्ट नहीं बनाई, बल्कि प्रतिभाओं से भरा एक पूरा साम्राज्य खड़ा कर दिया है। यह शोरगुल से भरपूर है, पूरी तरह पागलपन से लबरेज़ है और ट्रेलर एडिटिंग के लगभग हर पारंपरिक नियम को तोड़ता है। यही वजह है कि यह भारतीय सिनेमा में अब तक सामने आई सबसे अनोखी, विशाल और रोमांचक सिनेमाई झलकियों में से एक बन गया है।



### अक्षय कुमार और रवीना टंडन का रीयूनियन बना वेलकम टू द जंगल की सबसे बड़ी यूएसपी

बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल की सबसे बड़ी खासियतों में से एक अक्षय कुमार और रवीना टंडन का लंबे समय बाद बड़े पर्दे पर साथ नजर आना है। 90 के दशक की यह सुपरहिट जोड़ी एक बार फिर दर्शकों को पुरानी यादों की सैर कराने के लिए तैयार है। फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े सूत्रों के अनुसार, जैसे ही दोनों कलाकारों के एक ही फिल्म का हिस्सा होने की खबर सामने आई, दर्शकों के बीच उत्साह बढ़ गया। आज भी अक्षय कुमार और रवीना टंडन की जोड़ी को बॉलीवुड की सबसे यादगार ऑन-स्क्रीन जोड़ियों में गिना जाता है। वेलकम टू द जंगल में जहां अक्षय कुमार फ्रेंचाइज़ी में वापसी कर रहे हैं, वहीं फिल्म पुरानी यादों को नए अंदाज़ में पेश करने पर भी जोर दे रही है। ऐसे में अक्षय और रवीना का रीयूनियन फिल्म के लिए एक बड़ा आकर्षण बनकर उभरा है। शूटिंग के दौरान दोनों कलाकारों के बीच शानदार तालमेल देखने को मिला, जिसने फिल्म को लेकर उत्सुकता और बढ़ा दी है। मोहरा के प्रतिष्ठित गीत 'टिप टिप बरसा पानी' और कई सुपरहिट फिल्मों के जरिए दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाने वाली यह जोड़ी अब वर्षों बाद फिर साथ दिखाई देगी। शुरुआती चर्चाओं को देखते हुए माना जा रहा है कि अक्षय कुमार और रवीना टंडन का यह रीयूनियन वेलकम टू द जंगल की सबसे बड़ी यूएसपी साबित हो सकता है।

### यश राज फिल्म्स की एक्शन एंटरटेनर ऐल्फा में आलिया भट्ट और शर्वरी दिखेंगी असली ऐल्फा के अंदाज़ में!

यश राज फिल्म्स ने आलिया भट्ट और शर्वरी अभिनीत बहुप्रतीक्षित फिल्म ऐल्फा का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो दो खतरनाक और साहसी लड़कियों की रोमांचक ओरिजिन स्टोरी को एक जबरदस्त पॉपकॉर्न एंटरटेनर के रूप में पेश करता है.ट्रेलर में बॉबी देओल के किरदार की भी अधिक झलक दिखाई गई है, जो आलिया भट्ट के किरदार का निर्दयी मेंटर है। आलिया एक ऐसी असैसिन की भूमिका निभा रही हैं, जिसे बचपन से ही मारने के लिए तैयार किया गया है और जो आगे चलकर अपने ही मेंटर से आमने-सामने की लड़ाई लड़ती है। ट्रेलर में अनिल कपूर की भी झलक दिखाई गई है, जिनका संबंध रहस्यमयी ऐल्फा प्रोग्राम से होने का संकेत दिया गया है। हाई-ऑक्टेन एक्शन, शानदार विजुअल्स और रोमांच से भरपूर सफर का वादा करने वाला ऐल्फा खुद को एक सचे मनोरंजन पैकेज के रूप में स्थापित करता है, जो आलिया और शर्वरी के निडर ऐल्फा एटीट्यूड का जश्न मनाता है। फिल्म में शारवरी के किरदार को जानबूझकर रहस्य में रखा गया है क्योंकि उनकी भूमिका कहानी में बेहद महत्वपूर्ण है। हालांकि ट्रेलर यह संकेत देता है कि वह बॉबी देओल को किसी भी कीमत पर रोकने के मिशन में आलिया का साथ देती नजर आएंगी। ऐल्फा के स्टाइलिश और कूल विजुअल्स को और भी प्रभावशाली बनाता है इसका दमदार बैकग्राउंड स्कोर। दुनिया के लोकप्रिय डीजे ह्यूगल के वैश्विक चार्टबस्टर ट्रैक जमैकन बाम बाम को ट्रेलर में शामिल किया गया है, जो इसमें जबरदस्त ऊर्जा भरता है। यह उसी एड्रेनालिन रश का प्रतीक है जिसे ऐल्फा सिनेमाघरों में दर्शकों को महसूस कराना चाहती है। शिव रवैल के निर्देशन में बनी ऐल्फा तीन जुलाई 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में विशेष रूप से रिलीज होगी।



# शक्ति चौक पर हुआ भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन, 34 युवाओं ने किया रक्तदान

## हसनी हुसैनी सोसायटी ने दिया मानवता, सेवा और भाईचारे का संदेश

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)



मोहर्रम माह की पहली तारीख को मानवता, सेवा और सामाजिक सरोकारों का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए हसनी हुसैनी सोसायटी गाडरवारा द्वारा शक्ति चौक पर भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समाजसेवा की भावना से आयोजित इस शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 34 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी पहल की। शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुआ, जो दोपहर 3 बजे तक निरंतर चलता रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं और समाजसेवियों ने उपस्थित होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर को नागरिकों का भरपूर सहयोग मिला। रक्तदान शिविर में नरसिंहपुर ब्लड बैंक की टीम ने विशेष एसी वाहन के माध्यम से रक्त संग्रह किया। शिविर को सफल बनाने में डॉ. हिमा शशिधरन, वरिष्ठ टेक्नीशियन एम.एल. चौधरी, शाहरुख खान, अभिषेक कहार सहित गाडरवारा चिकित्सालय के ब्लड स्टोरेज यूनिट से निखिल साहू एवं अजय घारू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चिकित्सा टीम द्वारा रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच के बाद सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया गया।

शिविर में पहुंचे रोटरी क्लब के मिनेन्द्र डागा, समाजसेवी मुकेश बसेड़िया एवं अब्दुल फिरोज खान , मुजीब खान ने युवाओं के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान माना जाता है। एक यूनिट रक्त कई लोगों के जीवन को बचाने में सहायक हो सकता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके । इस अवसर पर हाफिज एवं कारी जुवेर आलम ने स्वयं रक्तदान करते हुए कहा कि मोहर्रम का महीना त्याग, बलिदान और इंसानियत का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि करबला के शहीदों ने सत्य और न्याय की रक्षा के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी थी। उनकी याद में यदि हम किसी जरूरतमंद की सहायता कर सकें और रक्तदान के माध्यम से किसी की जान बचा सकें, तो यह सबसे बड़ी इबादत होगी। उन्होंने कहा कि मोहर्रम समाज में मानवता, सेवा और भाईचारे की भावना को मजबूत करने का भी संदेश देता है। जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अबरार खान, आशिक हुसैन एवं सलमान शेख ने कहा कि मोहर्रम का वास्तविक संदेश इंसानियत, एकता और समाज सेवा है। हसनी हुसैनी सोसायटी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर इसी भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा देने के साथ युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करते हैं। हसनी हुसैनी सोसायटी के अध्यक्ष लकी अली ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक सेवा कार्यों को पहुंचाना है। रक्तदान शिविर का आयोजन भी इसी सोच के तहत किया गया है। उन्होंने कहा कि मोहर्रम माह की शुरुआत रक्तदान जैसे पुण्य कार्य से होना समाज के लिए प्रेरणादायक संदेश है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व अध्यक्ष राज ताजी, आसिफ चिश्ती, सूफी इमरान ताजी, असबाब अली, यहफाज रईन, शाहनवाज ताजी, आबिद खान, अनीस ताजी, हनी खान, आमिर खान, शेख मोहसिन, मुन्ना भाई, दानिश खान, सहित सोसायटी के अनेक युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। सभी ने मिलकर शिविर की व्यवस्थाओं को संभाला और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। रक्तदान शिविर के माध्यम से हसनी हुसैनी सोसायटी ने यह संदेश दिया कि समाज सेवा केवल शब्दों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसे कार्यों के माध्यम से भी प्रदर्शित किया जाना चाहिए। मोहर्रम की पहली तारीख पर आयोजित यह शिविर मानवता, सहयोग और सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया।

# किसानों को दिलाएं योजनाओं का लाभ, कोई भी पात्र किसान न रहे वंचित : कमिश्नर

## कमिश्नर ने दारसागर क्लस्टर का किया निरीक्षण, किसानों से किया संवाद

शहडोल (स्वतंत्र मत)

कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने आज अनूपपुर जनपद के दारसागर क्लस्टर का निरीक्षण कर क्षेत्र में संचालित कृषि एवं ग्रामीण विकास गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न कृषि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का अवलोकन करते हुए मैदानी व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा किसानों से संवाद कर योजनाओं के लाभ और उनकी प्रभावशीलता की जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने उन्नत कृषि पद्धतियों, आधुनिक सिंचाई तकनीकों तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों का अवलोकन किया। उन्होंने कृषि एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों और मैदानी अमले को निर्देश दिए कि किसानों के बीच नियमित रूप से पहुंचकर उन्हें नवीन कृषि तकनीकों और शासकीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाए, जिससे उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि हो सके।

कृषकों से चर्चा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि शासन की प्राथमिकता किसानों की लागत कम कर उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है। उन्होंने किसानों को पारंपरिक खेती के साथ फसल विविधीकरण अपनाने, अन्न (मोटे अनाज) के उत्पादन को बढ़ावा देने तथा जल संरक्षण के लिए ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धतियों का अधिकाधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों के समुचित उपयोग से कृषि को अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है।

किसानों ने भी अपनी समस्याएं और सुझाव साझा किए तथा विभिन्न योजनाओं से प्राप्त लाभों के अनुभव बताए। किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर कमिश्नर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए और यह सुनिश्चित करने को कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी - कर्मचारी, प्रगतिशील कृषक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# रास्ता रोककर अवैध वसूली एवं मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बुढार।** रात्रि में पीड़ित संतोष नामदेव पिता गणेश नामदेव, उम्र 57 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 05. पुरानी बस्ती, थाना बुढार ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपनी दुकान बंद कर मोटरसाइकिल से घर जा रहा था। रास्ते में आयुष सिंह उर्फ बावला ने उसका रास्ता रोक लिया और शराब पीने के लिए की मांग करने लगा। फरियादी द्वारा पैसे देने से मना करने पर आरोपी ने उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की, जिससे उसे शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आई तथा जान से मारने की धमकी भी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बुढार में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी बुढार द्वारा आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा लगातार तलाश कर आरोपी आयुष सिंह उर्फ बावला को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिसने अपराध करना स्वीकार किया। तत्पश्चात आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# करोड़ों खर्च के बाद भी स्वच्छता व्यवस्था फेल

## बिना सेफ्टी टैंक के बना शौचालय से वार्डवासी परेशान

शहडोल

एक ओर नगर पालिका परिषद शहडोल शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जाने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर जिला मुख्यालय के समीप स्थित एस.पी. बंगले के बाजू वाले वार्ड की स्थिति इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। स्थानीय रहवासियों के अनुसार वार्ड में आज भी कई लोग खुले में शौच करने को मजबूर हैं। क्षेत्र में नालियों की समुचित व्यवस्था नहीं होने से गंदा पानी और मल-मूत्र युक्त नाला लगातार बह रहा है, जिससे दुर्गंध और संक्रमण का खतरा बना हुआ है। वार्डवासी वर्षों से इस समस्या का सामना कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका है। हैरानी की बात यह है कि संबंधित वार्ड का प्रतिनिधित्व भाजपा पार्षद करते हैं, जबकि क्षेत्र के विधायक और सांसद भी भाजपा से हैं। इसके बावजूद नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। रहवासियों का आरोप है कि स्वच्छता के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है। लोगों ने सवाल उठाया है कि जब जिला मुख्यालय के नजदीक बसे वार्ड की यह स्थिति है, तो दूरस्थ क्षेत्रों की हालत का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। वार्डवासियों ने नगर पालिका प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से शीघ्र हस्तक्षेप कर स्वच्छता, नाली निर्माण और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि उन्हें गंदगी और अस्वास्थ्यकर माहौल में जीवन यापन न करना पड़े।

# छात्र/छात्राओं ने किया ऑर्डिनेन्स फैक्ट्री कटनी का शैक्षणिक भ्रमण

कटनी (स्वतंत्रमत)



चंद्रकांता चड्डा प्रा. आई.टी.आई, कटनी के फिटर ट्रेड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओं ने औद्योगिक एवं तकनीकी ज्ञान के उद्देश्य से ऑर्डिनेन्स फैक्ट्री कटनी का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को फैक्ट्री में संचालित विभिन्न उत्पादन प्रक्रियाओं, आधुनिक मशीनों तथा धातुओं से वस्तुओं के निर्माण की तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। भ्रमण के दौरान एच.आर.डी. सेक्शन के अधिकारी सी.एल. सूर्यवंशी, जे.डब्ल्यू.एम./क्यू.ए. जे.पी. उइके तथा आतिश राज द्वारा विद्यार्थियो का मार्गदर्शन किया गया। अधिकारियों ने फैक्टी में हो रही विभिन्न गतिविधियों से विद्यार्थियो को अवगत कराया तथा धातुओं के चयन से लेकर तैयार उत्पाद के निर्माण तक की सम्पूर्ण प्रक्रिया के प्रत्येक चरण को विस्तारपूर्वक समझाया। चड्डा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के के संरक्षक डॉ. जय चड्डा एवं डायरेक्टर देवाशीष चड्डा ने छात्र/छात्राओं को शैक्षाणिक भ्रमण के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस शैक्षाणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ना तथा औद्योगिक वातावरण से परिचित कराना है जिससे वे अपने तकनीकी कौशल को और अधिक विकसित कर सकें। यह शैक्षाणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी साबित होगा। इस अवसर पर चंद्रकांता चड्डा प्रा. आई.टी.आई. कटनी के प्राचार्य विकास मिश्रा तथा प्राध्यापकगण सुनील कुमार मथुरिया, सुमित कुमार गुप्ता, आरिफ खान एवं सहायक स्टाफ आशा गुप्ता, सुशील दुबे गरिमामयी उपस्थिति रही।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण वर्ष 2026 में मतदाता 25 जून तक दावा-आपत्ति कर सकते हैं

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा नगरीय निकाय/ पंचायतों की मतदाता सूची पुनरीक्षण वर्ष 2026 में संशोधन करते हुए दावा-आपत्ति की अंतिम तिथि 25 जून 2026 को अपरान्ह 3 बजे तक कर दी गई है। डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन नरसिंहपुर श्रीमती देवंती परते ने जिले के सभी संबंधित मतदाताओं से अपील की है कि वे अपना नाम दर्ज कराने, विलोपन कराने और आवश्यक संशोधन कराने के लिए अपने-अपने दावा-आपत्ति केन्द्र पर निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ग्राम गांगई में आयोजित जनकल्याण शिविर में शामिल हुए

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)



विधायक तेंदूखेड़ा श्री विश्वनाथ सिंह पटेल जिले की जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत गांगई में आयोजित जनकल्याण शिविर में शामिल हुए। उन्होंने ग्रामवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर विधायक श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सेवाकाल के 12 वर्ष सेवा, सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण पर आधारित नए भारत के निर्माण का स्वर्णिम अध्याय हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में देश ने विकास, विश्वास और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। शासन की प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, जनधन, उज्ज्वला, पीएम किसान सम्मान निधि सहित अनेक योजनाएं संचालित कर महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीब कल्याण की दिशा में लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। आज भारत आत्मनिर्भर, डिजिटल नवाचार, आधुनिक अधोसंरचना और सशक्त नेतृत्व के बल पर विश्व पटल पर नई पहचान बना रहा है।

# सभापति एससी/ एसटी कल्याण संबंधी समिति एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते का प्रवास कार्यक्रम जारी

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

सभापति, एससी/ एसटी कल्याण संबंधी समिति और सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते 18 जून को जिले के प्रवास पर रहेंगे और स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जारी प्रवास कार्यक्रम के अनुसार सभापति एससी/ एसटी कल्याण संबंधी समिति और सांसद श्री कुलस्ते गुरूवार 18 जून को अपरान्ह 3 बजे जिले के विकासखंड गोटेगांव के ग्राम करकबेल, सायं 5 बजे विकासखंड गोटेगांव और सायं 7 बजे श्रीनगर में आएंगे। इसके पश्चात आप रात्रि 08:30 बजे झोतेश्वर गेस्ट हाउस आएंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। 18 जून को जिले के प्रवास पर रहेंगे और स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

# विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने जनकल्याण शिविर सांईखेड़ा में हितग्राहियों से संवाद किया



**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले के जनपद पंचायत सांईखेड़ा में बुधवार को जनकल्याण शिविर सम्पन्न हुआ। विधायक तेंदूखेड़ा श्री विश्वनाथ सिंह पटेल आयोजित जनकल्याण शिविर में शामिल होकर विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी ली और हितग्राहियों से संवाद किया। विधायक श्री पटेल ने कहा कि जनकल्याण शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभांवित और नागरिकों की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि सरकार का संकल्प है कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और जनसेवा के नए आयाम स्थापित किए हैं। गरीब कल्याण, किसान सम्मान, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के रोजगार, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार और अधोसंरचना विकास के कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत विश्व मंच पर एक मजबूत और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे संवेदनशीलता और तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान करें तथा शासन की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।

# गौशालाओं को स्वावलंबी और ग्राम उन्नयन का केंद्र बनाना मुख्य लक्ष्य : कलेक्टर रजनी सिंह

## कामधेनु गौशाला मोहद में जिला स्तरीय गौशाला संचालक सम्मेलन संपन्न

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)



कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कहा कि राज्य सरकार गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने और गौशालाओं का बेहतर संचालन करने के लिए लगातार मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि गौशाला संचालकों को पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य, चारा व्यवस्था, साफ-सफाई इत्यादि पर विशेष ध्यान देना चाहिए, जिससे गौशालाओं में दुग्ध का बेहतर उत्पादन हो सके और गौशाला एक आर्थिक रूप से सशक्त बन सके। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि गौशाला के पशुओं का गोबर और गौमूत्र को व्यावसायिक उपयोग में लिया जाए। गौशालाओं में गौ-काष्ठ, वर्मी कंपोस्ट (केंचुआ खाद) और गोबर के दीये जैसे विभिन्न उत्पाद तैयार कर बाजार में विक्रय किया जाए। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह बुधवार को ग्राम मोहद विकासखंड करेली में आयोजित जिला स्तरीय गौशाला संचालक सम्मेलन को संबोधित कर रही थी। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ गौ पूजन और महाराणा प्रताप एवं महाराजा छत्रसाल के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, जनपद पंचायत करेली की अध्यक्ष सुश्री प्रतिज्ञा परिहार, कृषि स्थाई समिति के सभापति श्री सीताराम नामदेव, ग्राम मोहद की सरपंच श्रीमती सुनीता चौहान तथा जनपद सदस्य सुश्री रीना खेमरिया, उप संचालक कृषि विभाग श्री मोरिस नाथ, उप संचालक पशुपालन विभाग डॉ. सुनील बृजपुरिया, अतिरिक्त उपसंचालक डॉ. प्रवीण पटेल, एबीपीओ डॉ. एम.पी. तिवारी, डॉ. बी.के. मुड़िया, विभिन्न क्षेत्रों से आए पशु चिकित्सक, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, कामधेनु गौशाला के संचालक राजू झारिया, विभिन्न गौशालाओं के संचालक, गौ सेवक और गौ मैत्री कार्यकर्ता मौजूद थे। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती सिंह और सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश ने गौशाला प्रांगण में पौधरोपण किया। कार्यशाला में कृषि, आजीविका मिशन, आत्मा परियोजना और ग्रामीण विकास विभाग के बीच आपसी तालमेल से पशुपालन को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। यह कार्यक्रम सावित्री बाई जन समिति एवं पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य जिले की गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाना, आधुनिक तकनीकों का प्रचार-प्रसार करना और गौवंश के संवर्धन हेतु विस्तृत रणनीतियां तैयार करना है। जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में जिले की पांच गौशालाओं का चयन कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ और पुण्यतिथि जैसे अवसरों पर गौशालाओं में आकर गौ-ग्रास, भूसा व अन्य आवश्यक उपकरण दान करें। सभी पशुपालक वर्षा ऋतु से पहले अपने-अपने पशुओं का टीकाकरण कर एफएमडी (खुरपका-मुंहपका) से बचाव सुनिश्चित करें। गौशालाओं में जन्म लेने वाले बछड़ों को कृमिनाशक (डीवर्मिंग) और संतुलित आहार देकर स्वस्थ रखा जाए। अतिक्रमण से मुक्त कराई गई गौशालाओं की भूमि पर चारागाह का उत्पादन करें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह नागेश ने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गौशाला केवल निराश्रित गौवंश के आश्रय तक सीमित नहीं रहना चाहिए। इसे ग्राम उन्नयन केंद्र के रूप में विकसित किया जाना आवश्यक है। गौशालाओं के पास उपलब्ध भूमि का अधिकतम उपयोग कर वहां उद्यानिकी (बागवानी) की जानी चाहिए। गौशालाओं में विविध गौ-उत्पादों का निर्माण और अन्य गतिविधियों का संचालन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गौशालाओं को पूरे ग्रामीण क्षेत्र के लिए %ऊर्जा के केंद्र% के रूप में विकसित करें, जिससे वे पूरे गांव के लिए विकास का आधार बनें। उपसंचालक डॉ. सुनील बृजपुरिया ने इस अवसर पर सभी पशुपालकों को %गौ-गोरस% ऐप डाउनलोड करने की सलाह दी।

# कुठला पुलिस के हत्थे चढ़ी शराब तस्करी की बड़ी खेप

## 540 लीटर अवैध शराब एवं बोलेरो वाहन जब्त

कटनी (स्वतंत्रमत)



पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा समाज को नशामुक्त बनाने व अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाहियां किए जाने निर्देशित किया गया है। जिनके निर्देश पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक अखलेश दाहिया के नेतृत्व में कुठला पुलिस ने बोलेरो वाहन में 540 लीटर अवैध शराब तस्करी की बड़ी खेप पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। 17 जून को थाना कुठला पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग एवं गश्त की जा रही थी। गश्त के दौरान इन्द्रानगर पुल के पास एक सफेद रंग की बोलेरो क्रमांक एमपी20सीके8589 पुलिस वाहन को देखकर संदिग्ध रूप से तेज गति से गली नंबर 09, सेन मोहल्ला की ओर मुड़ गई। पुलिस को शंका होने पर वाहन का पीछा किया गया। पुलिस को देखकर आरोपी वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। पुलिस द्वारा स्वतंत्र साक्षियों की उपस्थिति में बोलेरो वाहन की तलाशी लेने पर वाहन के अन्दर रखे 60 कार्टून अवैध शराब बरामद हुए जिसमें 55 कार्टून देशी लाल मशाला एवं 05 कार्टून देशी सफेद शराब पाई गई। प्रत्येक कार्टून में 50-50 पाव शराब भरी हुई थी। विधि अनुसार नमूने पृथक कर शेष शराब को सीलबंद किया गया। बरामद शराब की कुल मात्रा 540 लीटर तथा अनुमानित कीमत लगभग 03 लाख रुपये पाई गई। साथ ही प्रयुक्त बोलेरो वाहन की कीमत लगभग 10 लाख रुपये आंकी गई। इस प्रकार कुल 13 लाख रुपये मूल्य का मशरूका जप्त किया गया। वाहन की जांच के दौरान प्राप्त दस्तावेजों एवं पीओएस मशीन से सत्यापन करने पर वाहन शुभम निषाद पिता राजाराम निषाद के नाम पर पंजीबद्ध होना पाया गया। मामले में बोलेरो चालक के विरुद्ध अपराध क्रमांक 506/26 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है तथा फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

जप्ती- 55 पेटी लाल मसाला शराब कीमत, 05 पेटी प्लेन देशी शराब कुल 60 पेटी शराब कुल 540 लीटर कीमती लगभग 3,00,000 रुपये, बोलेरो वाहन एमपी20सीके8589 कीमती 10,00,000 रुपये, कुल जप्ती 13,00,000 रुपये की।

# ऐतिहासिक विशालदीप यज्ञ से गायत्रीमय हुआ खिरवा ग्राम

कटनी (स्वतंत्रमत)



कटनी के पास स्थित छोटा सा ग्राम खेरवा गायत्री मय हो गया। पिछले कुछ दिनों से परम पूज्य गुरुदेव की प्रेरणा से गायत्री परिवार जिला कटनी के कार्यकर्ता दीप यज्ञ की तैयारी कर रहे थे। उनकी मेहनत रंग लाई, लगभग पूरा खिरवा ग्राम दीप यज्ञ की रोशनी से नहा गया। हजारों की संख्या में दीपक की रोशनी ने पूरा अंधियारा दूर कर दिया। जहां देखिये केवल उत्साह और उजाला। इस आयोजन को सफल बनाने में अखिल विश्व गायत्री परिवार कटनी जिला की टीम के लव सिंह चौहान, दहिया बाबूजी, हरिशंकर गुप्ता, ज्योति श्रीवास्तव, पूर्णिमा बक्शी, राम मणि सोनी, शरद जयसवाल, छबिलाल साहू, कुंती साहू, महेंद्र खरे, सनातन भैया आदि सभी कार्यकर्ताओं ने तन, मन, धन से पूर्ण प्रयास किया। दीप यज्ञ के पश्चात प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया था। जिसमें हजारों लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

## भारतीय मानक व्यूरो के सहयोग से ग्राम चौपाल कार्यक्रम लखापतेरी में




**कटनी (स्वतंत्रमत)।** गुणवत्ता, मानकीकरण, हॉलमार्किंग की जानकारी देने पंचमुखी हनुमान मंदिर रंगमंच लखापतेरी कटनी में भारतीय मानक व्यूरो के सहयोग से अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन द्वारा ग्राम सभा का आयोजन गत दिवस किया गया, कार्यक्रम में जानकारी देते हुए भारतीय मानक व्यूरो के रिसोर्स परसन एवं संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ल ने मानकीकरण, हॉलमार्किंग, आईएसआई मार्का पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि विना हॉलमार्किंग के कोई भी आभूषण नही खरीदे वही गुणवत्तापूर्ण सामग्री में आईएसआई मार्का देखकर ही सामग्री की खरीदी करे, खरीदी गई सामग्री का बिल अवश्य ले, ताकि कोई भी त्रुटि होने पर शिकायत दर्ज करवाई जा सके, शुक्ल ने विना अदालती शुल्क के मानसिक छतिपूरति सहित का प्रकरण दायर करने हेतु जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग कटनी मे है।

# मानसून से पहले 82 जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत करें

## 10 दिन का अल्टीमेटम दिया, रीठी में लंबित प्रकरणों पर जताई नाराजगी

कटनी (स्वतंत्रमत)




जिले में मानसून से पहले स्कूलों और आंगनबाड़ियों की जर्जर स्थिति को लेकर प्रशासन ने सख्ती तेज कर दी है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने स्पष्ट किया है कि 82 जर्जर शाला भवनों की मरम्मत कार्य अगले 10 दिनों के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए, ताकि बारिश के दौरान किसी भी तरह की दुर्घटना या असुविधा न हो। कलेक्ट्रेट में आयोजित समय-सीमा बैठक के दौरान विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई। बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए स्कूल भवनों और आंगनबाड़ियों की मरम्मत, कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित स्थल निरीक्षण, और जिम्मेदार अधिकारियों की निगरानी व्यवस्था को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर विंकी सिंहमारे उईके, एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी, एसडीएम विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता और एसडीएम ढीमरखेड़ा निधि सिंह गोहल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत रीठी विकासखंड में समय-सीमा से बाहर लंबित आवेदनों की अधिक संख्या पर नाराजगी जताई गई। इसी तरह जन्म-मृत्यु पंजीयन से जुड़े मामलों में लापरवाही पर नगर निगम की जन्म-मृत्यु शाखा के प्रभारी अधिकारी सागर नायक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के त्वरित निराकरण, जनकल्याण शिविरों से प्राप्त आवेदनों की शत-प्रतिशत पोर्टल एंट्री, फार्मर रजिस्ट्रेशन, सीमांकन, नामांतरण, संबल योजना, उर्वरक उपलब्धता, मलेरिया नियंत्रण और छात्रावासों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। सभी विभागों की प्रगति की समग्र समीक्षा के साथ कार्यों को समयबद्ध और परिणाममूलक बनाने पर जोर दिया गया।

# कम नहीं हो रहे सायबर अपराध



कटनी (स्वतंत्रमत)

आमजन की शिकायतों के निराकरण के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना। इस दौरान शिकायत सुनवाई एवं समाधान के लिए सीएसपी नेहा पच्चीसिया, एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी, एसडीओपी विगढ़ धीरेन्द्र धार्वे, डीएसपी अजाक शिवा पाठक जनसुनवाई में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रत्येक आवेदक की समस्या को प्राथमिकता से लेते हुए संबंधित थाना प्रभारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कुछ प्रकरणों में साइबर संबंधी शिकायतों के प्राप्त होने पर, फरियादियों को शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करने एवं साइबर अपराधों से जागरूक रहने की हिदायत भी पुलिस अधिकारियों द्वारा फरियादियों को दी गई एवं आवश्यक कार्यवाही के निर्देश सायबर सेल को दिये गये।

# सांसद और विधायक की गरिमामयी उपस्थिति से गौरवान्वित हुआ नगर परिषद सम्मेलन

## नगर विकास के 32 प्रस्तावों को मिली सर्वसम्मति से स्वीकृति, विकास की नई दिशा तय

कटनी (स्वतंत्रमत)



कैमोर नगर परिषद कैमोर के इतिहास में 15 जून का दिन स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया। वर्षों से आयोजित होते आ रहे परिषद सम्मेलनों के बीच सोमवार को संपन्न विशेष सम्मेलन ने एक नई मिसाल कायम की। इस सम्मेलन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि क्षेत्र के सांसद वी.डी. शर्मा एवं लोकप्रिय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक स्वयं उपस्थित होकर नगर के विकास को नई दिशा देने पहुंचे। सम्मेलन में नगर परिषद अध्यक्ष पलक नमित ग्रोवर के नेतृत्व में समस्त निर्वाचित एवं मनोनीत पार्षदों ने भाग लिया। जैसे ही सांसद एवं विधायक सभागार में पहुंचे, पूरे वातावरण में उत्साह विश्वास और विकास की नई उम्मीदों का संचार हो गया। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने परिषद के गौरव को बढ़ाते हुए यह संदेश दिया कि नगर के विकास के प्रति सभी की प्रतिबद्धता समान रूप से मजबूत है। सम्मेलन में नगर हित और नागरिक कल्याण से जुड़े 32 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिन्हें सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। सांसद शर्मा एवं विधायक पाठक ने नगर परिषद द्वारा अब तक कराए गए विकास कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य की योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन भी दिया। अपने संबोधन में जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नगर का विकास केवल सड़कों और भवनों के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर को बेहतर बनाना ही वास्तविक विकास है। उन्होंने परिषद को जनहित सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने की प्रेरणा दी। नगर परिषद अध्यक्ष पलक नमित ग्रोवर ने सांसद एवं विधायक का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और सहयोग से कैमोर नगर विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि नगर के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराए जाएंगे तथा नागरिक सुविधाओं को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाया जाएगा। सम्मेलन केवल प्रस्तावों की स्वीकृति तक सीमित नहीं रहा बल्कि यह जनप्रतिनिधियों परिषद और नागरिकों के बीच विश्वास सहयोग और विकास के साझा संकल्प का प्रतीक बन गया। उपस्थित जनों ने महसूस किया कि जब जनप्रतिनिधि और स्थानीय निकाय एक मंच पर नगर के भविष्य के लिए चिंतन करते हैं, तब विकास की राह और अधिक सशक्त हो जाती है। कैमोर नगर परिषद का यह विशेष सम्मेलन आने वाले वर्षों में नगर के सर्वांगीण विकास जनकल्याण और सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

# पुरुषोत्तम मास में गायत्री महिला योग केंद्र का धार्मिक भ्रमण



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पुरुषोत्तम मास की समाप्ति के शुभ अवसर पर गायत्री महिला योग केंद्र, कटनी की ओर से बांदकपुर स्थित जागेश्वरनाथ धाम एवं रूपनाथ मंदिर की धार्मिक यात्रा सह पिकनिक का आयोजन किया गया। शनिवार को केंद्र की सभी सदस्याएं बस द्वारा बांदकपुर पहुंचीं। वहां प्राचीन जागेश्वरनाथ मंदिर में भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक कर विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात सभी ने रूपनाथ के ऐतिहासिक शिव मंदिर के दर्शन किए। रूपनाथ की हरी-भरी वादियों और प्राकृतिक सौंदर्य के बीच सभी ने कुछ समय व्यतीत किया। दर्शन के बाद रूपनाथ परिसर में ही पिकनिक का आयोजन हुआ। सभी ने एक साथ प्रसाद ग्रहण किया और भजन-कीर्तन किया। सदस्यों ने कहा कि पुरुषोत्तम मास में तीर्थ यात्रा से हजार गुना फल मिलता है। इस यात्रा से तन और मन दोनों को शांति मिली। इस अवसर पर केंद्र से निमिषा अग्रवाल, आरती सुहाने, अपर्णा सोनी, उर्मिला अग्रवाल, निशी सिंहा, शोभा रिजवानी, सरोज सेठिया, मंजू राय, ममता माया अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इनके साथ रितेश सिंहा, आनंद सुहाने, नवनीत अग्रवाल एवं गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने भी व्यवस्था में सहयोग किया। केंद्र की संचालिका ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से महिलाओं में आध्यात्मिक चेतना जागृत होती है और आपसी भाईचारा बढ़ता है। सभी ने संकल्प लिया कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन होते रहेंगे।

# गुरु अरजन देव जी के शहीदी दिवस पर छबील का वितरण

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** सिख धर्म के पांचवे गुरु अरजन देव जी महाराज के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य पर 16 जून को प्रात: 11 बजे से प्रियदर्शनीय बस स्टैंड मे गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा कटनी की समूह साद संगत द्वारा छबील (कच्ची लस्सी) की सेवा का आयोजन किया गया। जिसमें सबही संगत एवं श्रद्धालुओं से सेवा करने के लिए पहुंचे यहाँ पर सभी संगत ने आने जाने वाले राहगीरो को ठंडी लस्सी छबील पीलायी यहाँ से गुजरने वाले सभी छोटे बडे वाहनो के लोगो को रोक रोक कर प्रसाद व छबील दी गयी सभी लोगो ने इस नेक कार्य की सराहना की इस दौरान सरदार गुरुचरन सिंह खुराना, सरदार तेजपाल सिंह भाटिया, सरदार अवतार सिंह टुटेजा, सोनू खुराना, संतोख सिंह भट्टी, लक्की खालसा, गुरबचन सिह लाम्बा, जसप्रीत सिंह लाम्बा, जसपाल सिंह मथारू, चीनू ग्रोवर, हरभजन सिंह खालसा, मनी टुटेजा, सुरेश सिंह महरौलिया, टीटू ग्रोवर, विक्की खालसा, अश्वनी जैसवाल, अमित राय, प्रिंस छाबड़ा, मंजीत ग्रोवर, अजीत सिंह खुराना, अवतार सिंह खुराना, रंजीत सिंह खुराना,आदि उपस्थित रहे।



# दो नाबालिगों से कुठला पुलिस ने बरामद किये पाँच नग मोबाइल



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा समाज को भय मुक्त एवं निर्बाध जीवन यापन का वातावरण बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में कुठला थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया के नेतृत्व में 16 जून के कुठला पुलिस को चोरी हुए 5 नग मोबाइलों को दो नाबालिको से चन्द घण्टो में जप्त करने में सफलता प्राप्त हुई है। प्रार्थी हिमांशु पिता मनोज प्रजापति उम्र 21 साल निवासी सौरपुर थाना पैहलानी जिला बन्दा उत्तर प्रदेश की रिपोर्ट पर कि लमतरा स्थित गुटखा फैक्ट्री में कार्यरत हैं। 16 जून की रात्रि भोजन करने के बाद सभी सो गए थे। प्रात: करीब 05 बजे जागने पर देखा कि उनके 5 नग मोबाइल फोन 02 ओप्पो, 02 रियलमी एवं 01 वीवो कुल कीमत लगभग 75,000 रुपये गायब थे। साथ में काम करने वाले मौके से अनुपस्थित मिले। तलाश करने पर उनका पता नहीं चला। फरियादी को संदेह है कि उक्त दोनों व्यक्तियों द्वारा मोबाइल फोन चोरी कर ले जाए गए हैं। रिपोर्ट पर थाना कुठला में अपराध क्रमांक 498/26 धारा 303(2) का पंजीबद्ध कर तत्काल पुलिस टीम गठित कर तलाश प्रारम्भ की गई। जांच के दौरान थाना कुठला पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर चोरी हुए 5 नग मोबाइलों को दो नाबालिग विधि उल्लंघनकारी बालकों से जबलपुर से बरामद किया गया।

# अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब बनाने वालों पर की ताबड़तोड़ कार्रवाई

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक कटनी आईपीएस अभिनय विश्वकर्मा के नेतृत्व में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 16 जून को थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा महिमा रंघुवंशी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कचनारी (सिलौड़ी) निवासी एक व्यक्ति अपने खेत में अवैध हाथ भट्टी से महुआ शराब बनाकर विक्रय कर रहा है। सूचना की तस्दीक एवं कार्रवाई हेतु सहायक उप निरीक्षक विजेन्द्र तिवारी, प्रधान आरक्षक मनोज सिंह एवं आरक्षक गंधर्व द्वारा मौके पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी पुरन पिता शुक्रल सिंह, उम्र 40 वर्ष, निवासी कचनारी (सिलौड़ी) के कब्जे से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद कर जप्त की गई तथा उसके विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। साथ ही आरोपी के खेत में संचालित अवैध हाथ भट्टी एवं शराब बनाने में प्रयुक्त सामग्री को नष्ट किया गया तथा लगभग 01 क्विंटल महुआ लाहन मौके पर ही नष्ट कराया गया। ढीमरखेड़ा पुलिस की इस प्रभावी कार्रवाई से अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ा संदेश गया है तथा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

# निगमायुक्त ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण

## ऑनलाइन ट्रैकिंग सिस्टम विकसित करने पर फोकस

कटनी (स्वतंत्रमत)



नगर निगम कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम का निगमायुक्त तपस्या परिहार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिकायतों के पंजीयन, संधारण और निराकरण प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। निगमायुक्त ने पाया कि वर्तमान में शिकायतों का रिकॉर्ड एक्सेल शीट के माध्यम से संधारित किया जा रहा है। इस पर उन्होंने कंट्रोल रूम को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित कर एकीकृत ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन प्रणाली विकसित करने के निर्देश दिए, जिससे शिकायतों का पंजीयन, ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग एक ही प्लेटफॉर्म पर हो सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक शिकायत को संबंधित विभाग तक तत्काल पहुंचाकर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जाए। वर्षा ऋतु को देखते हुए जलभराव, नाली सफाई, पेयजल आपूर्ति और विद्युत संबंधी शिकायतों पर विशेष प्राथमिकता से कार्रवाई करने पर भी जोर दिया गया। निगम प्रशासन के अनुसार नागरिकों की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम में टोल फ्री नंबर 14420 एवं 1800 233 0877 जारी किए गए हैं, जिनके माध्यम से अब तक 406 शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान संबंधित कर्मचारी अक्षय दुबे एवं नेहा गर्ग उपस्थित रहे।

# बिलहरी पुलिस ने अवैध कच्ची शराब निर्माण एवं विक्रय में संलिप्त माफियाओं के ठिकानों पर दी दबिश



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कटनी पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय में संलिप्त माफियाओं के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चिसिया, थाना प्रभारी कुठला अखिलेश दहिया के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश पाण्डेय को विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर ग्राम करहिया कला में अलग-अलग स्थानो पर दबिस देकर ग्राम करहिया कला व ग्राम रैपुरा में चढ़ी कच्ची शराब की भट्टियों व भारी मात्रा में करीब 18 डिब्बा महुआ लहान नष्ट किया गया है व 15 लीटर कच्ची शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर अग्रिम कार्रवाई जारी है।

# भारत 'ए' 101 रन की जीत के साथ फाइनल में पहुंची

दांबुला (वार्ता)

तिलक वर्मा (59), प्रियांश आर्य (58) और कुमार कुशाग्र (58) की जुझारू पारियों तथा निशांत सिंधू (31 रन पर चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारत ए ने बुधवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के पांचवें मुकाबले में अफगानिस्तान ए को 101 रन के बड़े अंतर से हराकर फ़ाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत ए ने नौ विकेट 319 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने के बाद अफगानिस्तान को 36 ओवर में 218 रन पर समेट दिया। भारत ने 101 रन की इस बड़ी जीत और बेहतर नेट रन रेट की वजह से फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। भारतीय गेंदबाज़ों ने अफ़गानिस्तान को अच्छी शुरुआत नहीं करने दी और शुरुआती विकेट लेकर उन्हें दबाव में डाल दिया।



### निशांत सिंधु ने चार विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया

फ़ैसल शिनोजादा और बाहिर शाह ने ही असल में वापसी की कोशिश की और चौथे विकेट के लिए 87 रन की मज़बूत साझेदारी की। बाहिर ने अर्धशतक (57) लगाया, जबकि फ़ैसल (46) दुर्भाग्य से अपने अर्धशतक से सिर्फ़ चार रन दूर आउट हो गए। उस साझेदारी के टूटने के बाद अफ़गानिस्तान की बल्लेबाज़ी लड़खड़ा गई और वे लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रहे। कप्तान तिलक वर्मा ने समझदारी से गेंदबाज़ी में बदलाव किए जो बहुत कारगर साबित हुए और स्पिनर निशांत सिंधु ने चार विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। आखिरकार अफ़गानिस्तान की टीम 218 रन पर ऑल आउट हो गई। निशांत सिंधू को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

***प्रियांश और वैभव ने पहले विकेट के लिए 75 रन जोड़-*** इससे पहले टॉस हारने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारत ए के लिए प्रियांश आर्य और वैभव सूर्यवंशी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 75 रन जोड़े। आठवें ओवर में फरीदून दावूदजई ने वैभव सूर्यवंशी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। वैभव सूर्यवंशी ने 28 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (38) रन बनाये। इसके बाद 15वें ओवर में फरमानउल्लाह ने अर्धशतक बना चुके प्रियांश आर्य को आउट कर पवेलियन भेज दिया। प्रियांश आर्य ने 42 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (58) रनों की पारी खेली। ऋतुराज गायकवाड़ (30) रन बनाकर आउट हुये।

### *तिलक और कुमार ने पारी को संभाला*

इसके बाद कप्तान तिलक वर्मा और कुमार कुशाग्र ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच 104 रनों की साझेदारी हुई। 38वें ओवर में फरीदून दावूदजई ने कुमार कुशाग्र को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। कुमार कुशाग्र ने 67 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए 58 रन बनाये। सूर्यांश शेडगे (सात) रन पांचवें विकेट के रूप में आउट हुये। 45वें ओवर में अहमदजई ने तिलक वर्मा को आउट किया। तिलक वर्मा ने 75 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए (59) रन बनाये। विप्रज निगम ने 20 गेंदों में 30 रनों की पारी खेली। वह पारी के अखिरी ओवर में आउट हुये। इसी ओवर में पांचवीं गेंद पर अनुकूल रॉय (चार) रनआउट हुये। अंशुल कम्बोज पारी की आखिरी गेंद पर रन आउट हुये। भारत ए ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 319 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। अफगानिस्तान ए के लिए अब्दुल्लाह अहमदजई, फरीदून दावदजई और फरहान सोफी ने दो-दो विकेट लिये। जहीर खान ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



# ऑस्ट्रेलिया ने बंगलादेश को नौ विकेट से रौंदा

लीड्स (वार्ता)

एलिस पैरी (14 रन पर दो विकेट और नाबाद 19 रन) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने बंगलादेश को बुधवार को महिला टी 20 विश्व कप के ग्रुप ए मुकाबले में एकतरफा अंदाज में नौ विकेट से रौंद दिया। ऑस्ट्रेलिया ने बंगलादेश को आठ विकेट पर 77 रन पर रोकने के बाद 9.3 ओवर में एक विकेट पर 78 रन बनाकर आसान जीत हासिल की। एलिस पैरी को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। लीड्स में ऑस्ट्रेलिया का पूरी तरह दबदबा रहा। उन्होंने गेंदबाज़ी से बंगलादेश को बुरी तरह जकड़ कर रखा और लगभग पूरी पारी के दौरान उनका रन-रेट चार से नीचे ही बनाए रखा। पिच से गेंद को काफ़ी मदद मिल रही थी और ऑस्ट्रेलिया की तेज़ गेंदबाज़ों- जैसे कि किम गार्थ, एलिस पेरी और एनाबेल सदरलैंड-ने शानदार प्रदर्शन किया। यहाँ तक कि सोफी मोलिन्यूक्स ने भी ज़्यादातर इनस्विंगिंग आर्म-बॉल डालीं और 2/14 के आंकड़े हासिल किए। रन-चेज़ में जॉर्जिया वोल का दबदबा रहा पहले मैच में रन न बना पाने के बाद उन्होंने इस बार मिले मौके का पूरा फ़ायदा उठाया और नाबाद 45 रन बनाये।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी ब्रिटेन दौरे पर सात मैच खेलेंगी

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम पांच से 14 जुलाई तक ब्रिटेन के दौरे पर जाएगी, जहा वे स्कॉटलैंड सीनियर महिला, इंग्लैंड अंडर-21, अमेरिका अंडर-21 और बेल्जियम अंडर-21 टीमों के खिलाफ सात मैच खेलेंगी। भारतीय महिला टीम का यह दौरा नए नियुक्त कोच टिम व्हाइट के मार्गदर्शन में टीम का पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय असाइनमेंट होगा और भविष्य की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए टीम की तैयारियों का एक अहम हिस्सा होगा।

# स्टार खिलाड़ियों के दम पर अर्जेंटीना, फ्रांस और नॉर्वे ने शुरुआती जीत दर्ज की

वॉशिंगटन (वार्ता)

स्टार खिलाड़ियों के रिकॉर्ड प्रदर्शन की बदौलत मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना, फ्रांस और नॉर्वे ने फीफा विश्वकप 2026 के मंगलवार रात खेले गये अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने अल्जीरिया को 3-0 से आसानी से हराया। इस मैच में स्टार लियोनेल मेसी ने विश्वकप में अपनी पहली हैट्रिक लगाई। वहीं, किलियन एम्बाप्पे और एर्लिंग हालैंड ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए दो-दो किये। कैनसस सिटी स्टेडियम में, अर्जेंटीना के ग्रुप जे मैच में मेसी को गोल करने में केवल 17 मिनट लगे। उन्होंने दूर से शॉट मारकर दक्षिण अमेरिकन टीम को बढ़त दिलाई। 38 साल के मेसी ने 60वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया और फिर 76वें मिनट में हैट्रिक पूरी की। यह मेसी का वर्ल्ड कप में 16वां गोल था, जिससे वे टूर्नामेंट के अब तक के सबसे अधिक गोल करने वालों की सूची में जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोज के बराबर पहुंच गए। ग्रुप आई में एम्बाप्पे ने दो गोल किए और फ्रांस ने सेनेगल को 3-1 से हराकर अपने तीसरे वर्ल्ड कप खिताब की ओर कदम बढ़ाया। इन दो गोलों के साथ ही वे ओलिवियर गिरौड के 57 गोल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़कर फ्रांस के लिए अब तक के सबसे ज़्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। नॉर्वे ने इराक पर 4-1 से शानदार जीत दर्ज की। हालैंड ने अपने वर्ल्ड कप डेब्यू में कमाल का प्रदर्शन किया और पहले हाफ में आयमेन हुसैन के बराबरी वाले गोल से पहले और बाद में गोल किए। लियो ओस्टिगार्ड ने एक और गोल किया और आखिर में हुसैन के ओन गोल (अपनी ही टीम के खिलाफ गोल) ने नॉर्वे के लिए तीनों अंक पक्के कर दिए।



ऑस्ट्रिया ने नवोदित खिलाड़ी जॉर्डन के खिलाफ 3-1 की जीत के साथ 2026 फीफा विश्व कप अभियान की शुरुआत की। ऑस्ट्रिया ने पहले हाफ के मध्य में रोमानो शिमड के शानदार लॉन्ग-रेंज स्ट्राइक की बदौलत बढ़त हासिल कर ली। यह बढ़त दूसरे हाफ की शुरुआत तक ही कायम रही, जब अली ओलवान ने विश्व कप में जॉर्डन के पहले गोल करने वाले खिलाड़ी बनकर जॉर्डन के फुटबॉल इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया। उनका गोल भी शिमड के गोल की तरह ही शानदार था, क्योंकि उन्होंने बाएं से अंदर आते हुए दूर के पोस्ट से टकराकर गेंद को गोल में डाल दिया।

रक्षा पंक्ति की विफलता के कारण जॉर्डन को अंत में हार का सामना करना पड़ा। पहले तो उन्हें किस्मत का साथ मिला जब मार्को अर्नौटोविक ने गेंद को गोल में डाल दिया, लेकिन वीएआर ने फैसला सुनाया कि गेंद अर्नौटोविक तक पहुंचने से ठीक पहले एक ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी के हाथ से टकराई थी। कुछ ही मिनट बाद, बाईं ओर से एक और कॉर्नर किक अर्नौटोविक की ओर मारी गई, और हालांकि यह उनसे चूक गई, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण याज़ान अल-अरब की पीठ से लगकर गोल में चली गई।

दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में, सलीम ओबैद ने अर्नौटोविक के शॉट को रोकने के लिए डाइव लगाते समय गेंद को हाथ से छू लिया, जिसके चलते पेनल्टी दे दी गई। अनुभवी खिलाड़ी ने शानदार गोल दागकर जीत पक्की कर दी।

## फ्रांस के एम्बाप्पे ने गोल की संख्या के मामले में पेले और मेसी को पीछे छोड़ा

**मॉस्को (वार्ता)।** फ्रांस की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कप्तान और स्ट्राइकर किलियन एम्बाप्पे ने फीफा विश्व कप में गोल की संख्या के मामले में ब्राजील के पेले और अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी को पीछे छोड़ दिया है। फ्रांस ने बुधवार को न्यूयॉर्क में वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज के पहले मैच में सेनेगल को 3-1 से हराया। एम्बाप्पे ने दो गोल किए - एक 66वें मिनट में और दूसरा एक्स्ट्रा टाइम (90 6) के छठे मिनट में। इस तरह 27 वर्षीय फॉरवर्ड ने अपने विश्व कप गोल की संख्या बढ़ाकर 14 कर ली और जर्मनी के गर्ड मुलर (14) की बराबरी कर ली। पेले के नाम 12, जबकि अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी और फ्रांस के जस्ट फोंटेन के नाम 13-13 वर्ल्ड कप गोल हैं। टूर्नामेंट में केवल ब्राजील के रोनाल्डो (15) और जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोज (16) ने ही उनसे ज़्यादा गोल किए हैं। एम्बाप्पे और पेले इतिहास के ऐसे दो ही किशोर खिलाड़ी हैं जिन्होंने विश्व कप फाइनल मैचों में गोल किए हैं। एम्बाप्पे 99 मैचों में 58 गोल के साथ फ्रांस के टॉप इंटरनेशनल स्कोरर भी बन गए हैं। उन्होंने ओलिवियर गिरौड को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 137 मैचों में 57 गोल किए थे और 2024 में राष्ट्रीय टीम से संन्यास ले लिया था।

# नोएडा हवाई अड्डे पर मालवाहक विमानों का परिचालन शुरू

ग्रेटर नोएडा

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्थित एआईसैट्स के मल्टी-मॉडल कार्गो हब ने बुधवार को पहली घरेलू मालवाहक उड़ान का सफल संचालन किया। एयर इंडिया और सिंगापुर की कार्गो हैंडलिंग कंपनी सैट्स के संयुक्त उद्यम एयर इंडिया सैट्स एयरपोर्ट सर्विसेज (एआईसैट्स) को हाल में उद्घाटित नोएडा एयरपोर्ट पर कार्गो हब के संचालन का ठेका मिला है। यह देश का पहला एकीकृत मल्टी मॉडल कार्गो हब है। कंपनी ने बताया कि एफकॉम होल्डिंग्स द्वारा संचालित बोइंग 737-800एफ विमान ने चेन्नई और नोएडा के बीच लगभग 20 टन माल का परिवहन किया जिसमें ऑटोमोबाइल शिपमेंट और मोबाइल उपकरण समेत कई प्रकार के सामान थे। कुल 87 एकड़ में फैले एआईसैट्स मल्टी-मॉडल कार्गो हब एक पूर्णतः एकीकृत प्लेटफ़ॉर्म के रूप में विकसित किया गया है। इसमें 30 एकड़ का एकीकृत कार्गो टर्मिनल और 57 एकड़ का एकीकृत वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स जोन शामिल है। कार्गो हैंडलिंग, वेयरहाउसिंग, ट्रकिंग और डिजिटल कार्गो प्रबंधन प्रणालियों को एक ही इकोसिस्टम में समाहित करते हुए यह सुविधा कार्गो परिवहन को सरल बनाने, ट्रांज़िट समय कम करने और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तथा उससे आगे के व्यवसायों के लिए आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से विकसित की गयी है। एआईसैट्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रमणाथन राजामणि ने कहा कि नोएडा हवाई अड्डे के एकीकृत कार्गो टर्मिनल पर पहली मालवाहक उड़ान का सफल संचालन देश की कार्गो और लॉजिस्टिक्स यात्रा में एक नये अध्याय की शुरुआत है।




## हितेश रमेशचंद्र जोशी पुनः जीआईसी-री के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त

**मुंबई (वार्ता)** राष्ट्रीय स्तर पर बीमे का बीमा करने वाली कंपनी जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (जीआईसी-री) ने बुधवार को कहा कि श्री हितेश रमेशचंद्र जोशी ने पुनः उसके अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का पदभार ग्रहण कर लिया है। श्री जोशी गत वर्ष पहली अक्टूबर से कंपनी के अंतरिम अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में काम कर रहे थे। उन्हें यह दायित्व उस समय के सीएमडी नारायणन रामास्वामी के दो वर्षीय के कार्यकाल की समाप्ति के बाद दिया।

# एचडीएफसी बैंक ने बॉन्ड जारी कर जुटाये 75 करोड़ डॉलर

**मुंबई (वार्ता)।** निजी क्षेत्र के अग्रणी एचडीएफसी बैंक ने वरीय असुरक्षित बॉन्ड जारी कर 75 करोड़ डॉलर की पूंजी जुटायी है। बैंक ने मंगलवार देर रात शेयर बाजार को बताया कि डॉलर में ये बॉन्ड गिफ्ट-सिटी स्थित इंडिया इंटरनेशनल एक्सचेंज (आईएफएससी) और एनएसई आईएफएससी के जरिये जारी 16 जून को जारी किये गये। इन्हें मूडीज से बीएए3 और एसएंडपी से बीबीबी रेटिंग मिलने की उम्मीद है। इस राशि का इस्तेमाल बैंक अपनै मुख्य कारोबार के विस्तार के लिए करेगा। पांच साल के इन बॉन्ड का आवंटन आगामी 24 जून को किया जायेगा और इनकी मियाद 24 जून 2031 को पूरी होगी। इन पर ब्याज की दर 5.07 प्रतिशत होगी जिसका भुगतान हर छह महीने पर किया जायेगा। इन्हें मियाद पूरी होने पर ही भुनाया जा सकेगा।




# चावल नरम, गेहूं, दालों में तेजी, तेलों में उतार-चढ़ाव

नयी दिल्ली

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल का औसत भाव गिर गया। गेहूं और दालों में तेजी रही। चीनी गत दिवस से स्तर पर टिकी रही जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 20 रुपये घटकर 3,898 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं 12 रुपये मजबूत हुआ और 2,804 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत 10 रुपये बढ़ गयी। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत 22 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। मूंग दाल 15 रुपये और मसूर दाल आठ रुपये महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत सात रुपये और तुअर दाल की छह रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में आज अवल मुहर्रम (माल हिजरा) का अवकाश रहा। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.22 प्रतिशत चढ़कर 68.19 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल का औसत भाव 92 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। सूरजमुखी तेल 23 रुपये और वनस्पति 11 रुपये मजूबत हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 80 रुपये गिर गयी। सोया तेल 24 रुपये और पाम ऑयल 15 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। वहीं, चीनी कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही स्थिर रही।



# शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन तेजी

## सेंसेक्स 77 हजार अंक के पार

मुंबई

अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते से उत्साहित निवेशकों की लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार चौथे दिन तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 77 हजार अंक के पार पहुंच गया। चौतरफा लिवाली के बीच सेंसेक्स 347.14 अंक (0.45 प्रतिशत) चढ़कर 77,155.62 अंक पर पहुंच गया। यह 08 मई के बाद पहली बार 77 हजार अंक से ऊपर बंद हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 96.55 अंक यानी 0.40 प्रतिशत ऊपर 24,085.70 अंक रहा। यह इसका भी 08 मई के बाद का उच्चतम स्तर है। अमेरिका और ईरान के बीच 19 जून को शांति समझौते पर हस्ताक्षर से पहले निवेशक बाजार में लिवाल बने हुए हैं। विशेषकर होर्मुज जलडमरूमध्य दोबारा पहले की तरह खुलने की उम्मीद से निवेशकों में उत्साह है। वृहत बाजार में भी तेजी है। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.30 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.79 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटी, धातु, सार्वजनिक बैंकों और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक मजबूत रहे। वहीं, ऑटो और रियल्टी समूहों में गिरावट देखी गयी। एनएसई में जिन 3,430 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,921 के शेयरों में तेजी और 1,396 में गिरावट रही। अन्य 113 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 में से 19 के शेयर हरे निशान में रहे। ट्रेंट में 7.06 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल देखा गया। बीईएल का शेयर 3.06 फीसदी, इटरनल का 1.95, टाटा स्टील का 1.53, इंफोसिस का 1.29, टेक महिंद्रा का 1.10, भारती एयरटेल 1.09, टीसीएस का 1.08, सन फार्मा का 1.07 और टाइटन तथा स्टेट बैंक दोनों के 1.03 प्रतिशत चढ़ गये। इंडिगो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एलएंडटी, पावरग्रिड, अडानी पोर्ट्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। बजाज फिनसर्व में 1.22 प्रतिशत और एक्सिस बैंक में 1.09 प्रतिशत की गिरावट रही। कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति सुजुकी, एशियन पेंट्स और आईटीसी के शेयर भी नीचे बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 0.72 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.40 प्रतिशत मजबूत हुआ जबकि हांगकांग का हैंग सेंग 0.74 प्रतिशत उतर गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.02 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.04 प्रतिशत नीचे था।



# डोंगला से गुजरने वाला नया फोरलेन लिखेगा महिदपुर की नई तकदीर

## मुख्यमंत्री ने महिदपुर में 207.57 करोड़ की लागत के 19 विकास कार्यों का किया लोकार्पण



भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन सहित आसपास के क्षेत्र को मोक्षदायिनी मां क्षिप्रा का आशीर्वाद प्राप्त है। माँ क्षिप्रा इस क्षेत्र के किसानों को अन्न उत्पादन के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध कराकर आशीर्वाद प्रदान करती है। महिदपुर भाग्यशाली है कि क्षिप्रा नदी पर बने लगभग सभी बांध और जलाशय महिदपुर में ही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ 2028 के भव्य आयोजन के लिए इन दिनों उज्जैन और इसके आसपास हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्य जारी हैं। डोंगला से गुजरने वाला नया फोरलेन महिदपुर की नई तकदीर लिखेगा। महिदपुर शहर ट्रांसपोर्टेशन सेक्टर में भी अपनी अलग पहचान रखता है, इसमें भी और गति आएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को उज्जैन के महिदपुर में विकास कार्यों के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से कुल 207 करोड़ 57 लाख रुपए की लागत के 19 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें करीब 188 करोड़ 42 लाख रुपए की लागत के सामाकोटा बैराज के लोकार्पण सहित क्षेत्र के 13 उप-स्वास्थ्य केंद्र के नए भवनों, महाविद्यालय एवं स्कूलों के नवीन भवनों तथा नवीन विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण भी शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सामाकोटा बैराज उज्जैन जिले में जल संरक्षण को नई ऊर्जा देगा। इससे भू-जल स्तर में सुधार होगा, जिससे हमारे अन्नदाता किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल और खेतों को नई संजीवनी मिलेगी। इतना ही नहीं, पानी की हरेक बूंद को सहेजने का यह भागीरथ प्रयास आने वाले सिंहस्थ और उज्जैन के भविष्य के लिए कवच का कार्य करेगा।

### महिदपुर की मावा-बाटी और गुलाटी दोनों ही प्रसिद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महिदपुर की मावा-बाटी और गुलाटी दोनों ही प्रसिद्ध है। यहां आने का अलग ही आनंद है। भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का स्थान महिदपुर में है। काल गणना में भी यहां के डोंगला का योगदान अतुलनीय है। राजा जयसिंह ने 300 साल पहले उज्जैन, बनारस, जयपुर, मथुरा और दिल्ली में वेधशालाओं (जंतर-मंतर) का निर्माण कराया। सम्राट विक्रमादित्य और आर्यभट्ट की विरासत को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार ने डोंगला में आधुनिक ऑब्जर्वेटरी का निर्माण कराया है। दुनिया अपनी घड़ी में डोंगला से स्टैंडर्ड टाइम तय करे, इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

### पीएम मोदी के कार्यकाल में भारत ने अपनी अलग छवि बनाई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में विश्व में भारत ने अपनी अलग छवि बनाई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी देश में सबसे लंबे समय तक लगातार सरकार चलाने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने देशवासियों को निश्शुल्क आवास, गरीबों को रसोई गैस और 5 लाख तक के निश्शुल्क इलाज की बड़ी सौगातें दी हैं।

राज्य सरकार ने भी नवाचार करते हुए एयर एंबुलेंस की शुरुआत की है। सरकार राहवीर योजना अंतर्गत सड़क पर घायलों की मदद करने वालों को 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दे रही है। हमारी सरकार गरीब, अन्नदाता, युवा और नारी कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है।

### लाड़ली बहनों को निरंतर दी जा रही है राशि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के किसानों को सम्मान निधि और लाड़ली बहनों को निरंतर राशि दी जा रही है। अब तक लाड़ली बहनों को 60 हजार करोड़ की राशि अंतरित कर चुकी है। हमारी सरकार प्रदेश के अन्नदाताओं और बहनों के सम्मान के लिए कृत संकल्पित होकर आगे बढ़ रही है। राज्य सरकार ने पिछला वर्ष उद्योग और रोजगार को और यह वर्ष किसान कल्याण को समर्पित किया है। पहले सिंचित रकबा मात्र 7.5 लाख हेक्टेयर था। वर्ष 2002-03 से प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ाने की शुरुआत हुई। वर्ष 2023 में हमारी सरकार बनने तक प्रदेश की 44 लाख हैक्टेयर कृषि भूमि सिंचित थी। अब ढाई साल में ही यह आंकड़ा बढ़कर 65 लाख हैक्टेयर हो गया है। राज्य सरकार ने आगामी ढाई वर्ष में सिंचाई का रकबा बढ़ाकर 100 लाख हैक्टेयर करने का लक्ष्य रखा है। किसानों को उनकी उपज का उचित दाम दिया जा रहा है। किसानों को एमएसपी की गारंटी देकर सरकार ने 2652 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीदा है। सोयाबीन पर भी किसानों को भावांतर योजना का लाभ दिया है। प्रदेश में किसानों के लिए सड़क, बिजली, पानी और अन्य जरूरी सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। किसानों को सिंचाई के लिए अब दिन में भी बिजली प्रदाय की जाएगी।

### महिदपुर में महारानी गंगाबाई के नाम पर एक घाट भी बना है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पुराने जमाने में जब उज्जैन में परिस्थितियां अनुकूल नहीं थीं, तब लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के वंशज और तत्कालीन महाराज ने महिदपुर में सिंहस्थ का आयोजन कराया था। महिदपुर में महारानी गंगाबाई के नाम पर एक घाट भी बना है। उनकी वीरता और 1857 की क्रांति के सूर्यवीरों के अदम्य साहस, पुरुषार्थ एवं पराक्रम का गौरवशाली संग्राम महिदपुर की ऐतिहासिक धरा पर लड़ा गया, जिसने स्वाधीनता आंदोलन के इतिहास में अमिट छाप छोड़ी थी। कार्यक्रम को जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, स्थानीय सांसद अनिल फिरोजिया, महिदपुर विधायक दिनेश जैन (बोस) सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक बहादुर सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।



# डॉ. यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कैलाश नाथ काटजू की जयंती पर पुष्पांजलि की अर्पित

### विधानसभा के सेंट्रल हॉल में स्व. काटजू के चित्र पर किया माल्यार्पण

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कैलाशनाथ काटजू की 139वीं जयंती पर विधानसभा स्थित सेंट्रल हॉल में उन्हें पुष्पांपजि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि स्व. काटजू का जन्म रतलाम जिले की जावरा तहसील में हुआ था। उन्होंने वर्ष 1957 से 1962 तक प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में दायित्वों का निर्वाहन किया। इसके बाद केंद्रीय स्तर पर रक्षा , कानून सहित कई मंत्रालय का कामकाज भी संभाला। स्व. काटजू विभिन्न राज्यों के राज्यपाल भी रहे। देश की आजादी से पहले भी उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी के रूप में अपनी क्षमता और योग्यता से स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। मुख्यमंत्री के रूप में मध्यप्रदेश का नेतृत्व करने के साथ-साथ श्री काटजू, पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के प्रमुख सहयोगी भी रहे। श्री काटजू ने कई स्वशासी संस्थाओं को समृद्ध कर आगे बढ़ाया। प्रदेश के विकास में अपने दूरदर्शी नेतृत्व, उत्कृष्ट प्रशासनिक क्षमता और जनसेवा के प्रति समर्पण से उन्होंने प्रदेश तथा देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पूर्व मुख्यमंत्री स्व. काटजू के आदर्श, विचार और उनका राष्ट्र सेवा का भाव हमें सदैव जनहित और लोककल्याण के कार्यों के लिए प्रेरित करता रहेगा।

### नीट परीक्षा के व्यवस्थाओं पर है विशेष ध्यान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी नीट अभ्यर्थियों को पुन: परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नीट परीक्षा के निर्विघ्न संचालन के लिए राज्य सरकार लगातार केंद्र सरकार के संपर्क में है। परीक्षा के सुचारु और पारदर्शी आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है।

# जैविक खेती अपनाकर आत्मनिर्भर बने किसान भूरा पटैल, नई तकनीक से बड़ी आमदनी



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** आधुनिकता के इस दौर में जहां रासायनिक खादों के अंधाधुंध प्रयोग से जमीन की उर्वरा शक्ति घट रही है। वहीं दमोह जिले के जबेरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कांटी के मूलनिवासी किसान भूरा पटैल ने जैविक खेती अपनाकर क्षेत्र में एक नई मिसाल पेश की है। उन्नत तकनीकों का सहारा लेकर वे आज बड़े स्तर पर सब्जी उत्पादन कर रोजाना अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। किसान भूरा पटैल की इस सफलता के पीछे मानव जीवन विकास समिति संस्था का विशेष योगदान रहा है। संस्था के सचिव निर्भय सिंह के मार्गदर्शन और समर्पित कार्यकर्ता हरि बाई के निरंतर सहयोग से प्रेरित होकर उन्होंने जैविक खेती की शुरुआत की। संस्था द्वारा मिले तकनीकी प्रशिक्षण और सहयोग के बाद उन्होंने अपने खेतों में उन्नत किस्म के भटा बैंगन, टमाटर और लौकी के पौधे लगाए।

**घर पर ही तैयार कर रहे खाद और कीटनाशक** - संस्था के ब्लॉक समन्वयक राकेश कुमार विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जैविक खेती को बढ़ावा देने से किसानों की कृषि लागत में भारी कमी आई है। किसान भूरा पटैल अब बाजार की महंगी रासायनिक दवाओं पर निर्भर नहीं हैं। वे अपने घर पर ही केंचुआ खाद ;वर्मी कंपोस्टद्धए जैविक कीटनाशक और फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए फूलवर्धक दवाइयां खुद तैयार कर रहे हैं। इन जैविक उत्पादों के प्रयोग से न सिर्फ फसल की गुणवत्ता सुधरी है बल्कि उनकी शुद्ध आमदनी में भी बढ़ोतरी हुई है। अपनी इस उपलब्धि और खेती के नए तरीकों को सीखकर आर्थिक रूप से सशक्त होने पर किसान भूरा पटैल ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने समय पर उचित मार्गदर्शन, पौधे और नई तकनीक सिखाने के लिए मानव जीवन विकास समिति और उसके समस्त सहयोगियों हरिबाई, अर्चना, चरन सिंह, अनिल कुमार धुर्वे का धन्यवाद दिया है। आज वे क्षेत्र के अन्य साथी किसानों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन चुके हैं।

# 7 विभाग के अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने जिले के विभिन्न विभागों में सीएम हेल्पलाईन की जिले में मासिक ग्रेडिंग अच्छी नहीं होने के आरोप में 7 विभागों के अधिकारियों यथा सहायक यंत्री सोलर पंप नवीन एवं नवकरणीय उर्जा विभाग, कमलेश गेहलोत, कनष्ठि अभियंता उर्जा विभाग प्रदीप पटेल, नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह लोधी, रीजनल मैनेजर एचडीएफसी बैंक आशीष सिंह, आरएसएम आईसीआईसीआई बैंक राहुल शर्मा, मंडल प्रमुख पंजाब नेशनल बैंक प्रबुद्ध शर्मा, डिप्टी जोनल हेड यूनियन बैंक मुकेश भारती शर्मा शामिल है। जारी कारण बताओ सूचना पत्र में कहा गया है, समस्त शिकायतो को निर्धारित समय सीमा में अटेण्ड करते हुए निराकरण प्रतिवेदन दर्ज किया जाये। संबंधितों द्वारा शिकायतों के निराकरण में की जा रही लापरवाही के फलस्वरूप शिकायते अनिराकृत रहकर उच्च स्तर तक पहुॅचने से जिले की ग्रेडिंग पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, संबंधितों का उपरोक्त कृत्य सीएम हेल्पाईन के प्रति उदासीनता एवं आपकी स्वेच्छाचारिता को स्पष्ट रूप से व्यक्त करता है। कलेक्टर यादव ने कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए कहा है कारण बताए कि क्यों न उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाये। इस विषय में अपना उत्तर 3 दिवस में प्रस्तुत किया जायेए अन्यथा की दशा मे आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पर करणी सेना ने निकाली बाइक रैली

दमोह (स्वतंत्र मत)।



वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती के पावन अवसर पर करणी सेना परिवार जिला दमोह टीम जीवन सिंह शेरपुर द्वारा ऐतिहासिक कार्यकम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशाल बाइक रैली निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे नगर में राष्ट्रभक्ति एवं वीरता का संदेश दिया। रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई निकलीए जहां जगह-जगह नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। हाथों में भगवा ध्वज लिए युवाओं ने जय महाराणा प्रताप एवं जय मां करणी के जयघोष के साथ वातावरण को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। इसके पश्चात मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया जिसमें मुख्य अतिथि योगेंद्र सिंह ठाकुर, विशिष्ट अतिथि मोनू पाठक, मनु मिश्रा, दीपक चौहान जबलपुर जिला अध्यक्ष रहे। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना एवं समाज में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना रहा।

इस आयोजन में नितिन सिंह तोमर कार्यक्रम संयोजक एवं जिला अध्यक्ष दमोह, निहाल राजपूत सागर संभाग महामंत्री, कपिल राजपूत, दिग्विजय राजपूत, सागर राजपूत, देवेंद्र राजपूत, मोनू, विक्की, संतोष तोमर, आकाश राजपूत, भागीरथ, केशव, प्रकाश राजपूत, सर्व समाज की उपस्थिति रही जिसमें विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं आमजन शामिल हुए।

# पल्स पोलियो अभियान को लेकर बीटीएफ की अंतरविभागीय बैठक संपन्न

### 28 से 30 जून तक चलेगा तीन दिवसीय अभियान



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** आगामी राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस एनआईडी पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी तेन्दूखेड़ा की ब्लॉक टास्क फोर्स, बीटीएफ की महत्वपूर्ण अंतरविभागीय बैठक मंगलवार 16 जून को एसडीएम कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम द्वारा की गई।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय एवं सक्रिय सहभागिता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने कहा कि अभियान के दौरान क्षेत्र का कोई भी बच्चा पोलियो रोधी दवा पीने से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए सभी विभाग मिलकर प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें।



# पैसे ना देने पर चाट दुकानदार के साथ मारपीट

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** धरमपुरा बाईपास पर चाट दुकानदार से हफ्ता वसूली की मांग करते हुए वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो में दो लोग दुकानदार से पैसों की मांग कर रहे हैं पैसे न देने पर दुकानदार के साथ मारपीट भी की गई बताया गया है कि योगेश नाम के युवक से दो लोग पैसों की मांग कर रहे थे। इस बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच के बाद भी हुआ, जिसका वीडियो वायरल हुआ पुलिस ने युवक की रिपोर्ट पर दोनों ही आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की है।

# आईपीएल की तर्ज पर आयोजित एनएसपीएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन

### जीएस क्लब बना चैंपियन

हट्टा (स्वतंत्र मत)।

नगर में क्रिकेट प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बने एनएसपीएल नीलेश सराफ प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार देर रात समापन हुआ। आईपीएल की तर्ज पर आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले और संभाग के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। टूर्नामेंट में करीब 350 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया था जिनमें से 16 टीम मालिकों ने अपनी-अपनी 15 सदस्यीय टीमों का गठन किया। प्रत्येक टीम में दमोह जिले के 13 तथा सागर संभाग के 2 खिलाड़ियों को शामिल किया गया। लीग चरण में सभी टीमों ने तीन-तीन मुकाबले खेलेए जिसके बाद अंक तालिका के आधार पर शीर्ष आठ टीमों ने सुपर 8 चरण में प्रवेश किया।

रोमांचक मुकाबलों के बाद जीएस क्लब और राठौर 11 ने फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मैच में राठौर 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 82 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीएस क्लब की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 8 ओवर में 4 विकेट खोकर 83 रन बना लिए और एनएसपीएल 2026 की चमचमाती ट्रॉफी अपने नाम कर ली। टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। अंशु परदेसी सागर को शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज चुना गया और उन्हें आई फोन 12 पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। वहीं राजा चक्रवर्ती ;दमोहद्ध को बेस्ट बल्लेबाज तथा हनी जैन सागर को बेस्ट गेंदबाज का पुरस्कार मिला। विजेता टीम जी एस क्लब को पचहत्तर हजार नगद राशि एवं ट्रॉफी जबकि उपविजेता राठौर 11 को नगद राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक, थाना प्रभारी सुधीर वेगी, आशीष पुरानी, देवेंद्र राय, सुनील राय आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेश सराफने की। टूर्नामेंट के संयोजक निलेश सराफ रहे। आयोजन को सफल बनाने में अतुल विदुआ, शुभम शर्मा, सोनू मिश्रा, अनिल पुरानी, शुभम बाबू, अंकु परिहार, कुलदीप राजपूत एवं ओमकार नामदेव सहित पूरी आयोजन समिति और एनएस क्लब के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय व्यापारियों एवं संस्थानों का भी उल्लेखनीय सहयोग रहा। समिति ने सभी प्रायोजकों और सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमियों की उपस्थिति ने आयोजन को उत्सव का स्वरूप प्रदान किया। आयोजन समिति ने भविष्य में और भी बड़े स्तर पर एनएसपीएल के आयोजन का संकल्प व्यक्त किया।



# इंदौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन शामिल हैं नागदा, धार और रतलाम : डॉ. यादव

### गोपाल कृष्ण को आदर्श मानते हुए घर-घर गाय और दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए संकल्पित है राज्य सरकार

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य और दिव्य मंदिर बना है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सरयू के किनारे भव्य मंदिर निर्माण हुआ और हमारा 500 वर्ष का लंबा संघर्ष पूर्ण हुआ। भगवान श्रीराम ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण 12 वर्ष चित्रकूट में बिताए थे। राज्य सरकार दो हजार करोड़ रूपए की लागत से भव्य चित्रकूट धाम का निर्माण कर रही है। प्रदेश में जहां-जहां प्रभु श्रीराम के चरण पड़े, हमारी सरकार उन्हें श्रीराम वन गमन पथ में शामिल कर विकसित कर रही है। भगवान श्री गोपाल कृष्ण से संबंधित धर्म स्थलों को भी श्रीकृष्ण पाथेय के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ 2028 के भव्य और दिव्य आयोजन के लिए हजारों करोड़ के विकास कार्य तेजी से पूर्ण किए जा रहे हैं। उज्जैन, इंदौर और आसपास के सभी जिलों में विकास को गति मिल रही है। इंदौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन में धार, नागदा और रतलाम को भी शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाजी धाम में फर्श, बाउंड्री बाल और पेयजल जैसी सभी बुनियादी व्यवस्थाएं करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन जिले के नागदा में बालाजी धाम में श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा व ध्वज पूजा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का श्री बालाजी धाम में भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कर्नाटक के राज्यपाल श्री थावरचंद गेहलोत विशेष रूप से उपस्थित थे।



### प्रदेश में दूध उत्पादन 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीराम के विराट व्यक्तित्व से हमें मानवीय मूल्यों के साथ जीवन जीने की सीख मिलती है। प्रभु श्रीराम त्याग की प्रतिमूर्ति थे, वे एक आदर्श पुत्र, आदर्श पिता, आदर्श भाई थे। रामराज्य में नागरिकों को किसी चीज की कोई कमी नहीं थी। इसी भावना के साथ हमारी सरकार गरीब, किसान और नारी शक्ति के सशक्तिकरण द्वारा अंत्योदय के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। भगवान हनुमान के जीवन का प्रत्येक क्षण प्रभु श्रीराम के लिए समर्पित था। हमें हनुमान जी के जीवन की अच्छाईयों को धारण करना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने गोपाल कृष्ण को आदर्श मानते हुए घर-घर गाय और दूध उत्पादन बढ़ाने का संकल्प लिया है। इसके लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की शुरुआत की है। योजना अंतर्गत 10 लाख रुपए अनुदान का प्रावधान किया है। प्रदेश में दूध उत्पादन को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। राज्य में प्राकृतिक खेती और गौ-पालन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रति गाय 1100 रुपए महीना सहायता दी जाएगी।

### शांति के लिए विश्व सनातन धर्म की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है

कर्नाटक के राज्यपाल श्री गहलोत ने कहा कि डेलनपुर में भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है। विश्व कल्याण और शांति के लिए दुनिया आज सनातन धर्म की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। स्थानीय सांसद अनिल फिरोजिया ने श्री बालाजी धाम के निर्माण और मंदिर की विस्तार योजना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में परमपूज्य 1008 नारायण त्यागी महाराज, पूज्य मधुसूदन त्यागी महाराज, विधायक डॉ. तेजबहादुर, विधायक सतीश मालवीय, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, विधायक दिनेश जैन, जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़, उज्जैन के महापौर मुकेश टटवाल, पूर्व विधायक लालसिंह राणावत, पूर्व विधायक जितेंद्र गहलोत, राकेश यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार**
**तहसील आधारताल जबलपुर**

रा.प्र.क्र.0460/6/2026-2027
जबलपुर, दिनांक 16/06/26

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अभिषेक सैनी पिता स्व. अशोक सैनी निवासी कछियाना चौक जवाहरवार्ड जबलपुर के द्वारा मौजा हिनौतिया नजूल ब्लॉक नंबर ... प्लाट नंबर 8412 स्थित भूमि खसरा नंबर 53 में से रकवा 2920 व.फु. भूमि पर भल्लू आ. जयराम लक्ष्मी आ. मूलचंद की मृत्यु दिनांक भल्लू 18.12.60, कमलाबाई 23.11.88 मूलचंद 23.05.94 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किए जो हेतु विक्रय पत्र/फौती/वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 30/06/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकती है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 16/06/2026
पेशी दिनांक 30/06/2026

सील

**तहसीलदार**
**आधारताल जबलपुर**



**▶▶ घमापुर इलाके में वारदात, जांच में जुटी पुलिस**

## घर जा रहे युवक पर चाकू से हमला

**जबलपुर।** घमापुर थाने में बीती रात 21 वर्षीय रूपेश नाहरे निवासी चांदमारी पहाड़ी, घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह किराना दुकान से राजश्री लेकर घर वापस आ रहा था। जैसे ही हेंडपम्प के पास पहुँचा वहां निहाल सारवान मिला जो उससे हजार रूपये शराब पीने के लिये मांगने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तब निहाल ने गालीगलौज करते हुए उस पर चाकू से हमलाकर चोट पहुंचा दी और भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

**▶▶ गोहलपुर इलाके में चोरों के हौसले बुलंद**

## सूने मकान में चोरों ने बोला धावा



**जबलपुर।** गोहलपुर थाने में 66 वर्षीय शरद आचार्य निवासी समता कालोनी अम्बेडकर कालोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह नचिकेता स्कूल विजय नगर में पीआरओ के पद पर कार्यरत है। वह अपने घर का ताला लगाकर परिवार के साथ मुम्बई अपनी बेट के घर गया था। 10 जून की सुबह पड़ौसी ने उसे मोबाइल पर सूचित किया की उसके घर का ताला टूटा और दरवाजा खुला पड़ा हैं। वह मुम्बई से 11 जून को घर पहुंचा तो देखा की सोने की 2 जोड़ी झुमकी, 2 जोड़ी टाप्स गायब थे।



# हाईकोर्ट के आदेशों के बावजूद भी ट्रस्ट की जमीन पर भूमाफियाओं ने खड़ा किया शॉपिंग कॉम्प्लेक्स

### हाईकोर्ट पहुंचा देव-दत्तात्रेय लोक न्यास मामला

### कलेक्टर-एसडीएम के खिलाफ अवमानना याचिका

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

**सागर जिले के गौरझामर स्थित देव दत्तात्रेय लोक न्यास की संपत्ति पर कथित अतिक्रमण और प्रशासनिक निष्क्रियता का मामला अब हाईकोर्ट पहुंच गया है।**



न्यास के 4 ट्रस्टियों ने आरोप लगाया है कि ट्रस्ट की भूमि पर भू-माफियाओं और अतिक्रमणकारियों ने लंबे समय से अवैध कब्जा कर रखा है, लेकिन कई शिकायतों के बावजूद जिला प्रशासन ने कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की। ट्रस्टियों का कहना है कि उन्होंने सागर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और देवरी एसडीएम को कई बार लिखित शिकायतें देकर अतिक्रमण हटाने, भूमि का सीमांकन कराने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की, लेकिन प्रशासन ने उनकी शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया। इसके बाद उन्होंने मप्र हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की है।

### संपत्ति पर यथास्थिति बनाए रखने के दिए थे निर्देश

याचिका में आरोप लगाया गया है कि ट्रस्ट की भूमि पर बिना किसी सक्षम अनुमति के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया गया है, जबकि वर्ष 2012 में हाईकोर्ट ने अंतरिम आदेश जारी कर ट्रस्ट की संपत्ति पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए थे। ट्रस्टियों का दावा है कि इस आदेश के बावजूद निर्माण कार्य कराया गया, जो न्यायालय के निर्देशों का उल्लंघन है। मामले में यह भी आरोप है कि तत्कालीन एसडीएम स्तर पर ट्रस्ट रजिस्टर से 4 ट्रस्टियों के नाम हटाए गए थे, जिसे हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने अवैध घोषित कर दिया था। बाद में इस निर्णय पर सुप्रीम कोर्ट ने भी मुहर लगाई, इसके बावजूद प्रशासनिक स्तर पर स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।

### कलेक्टर, एसडीएम सहित अन्य पर कार्यवाही की मांग

ट्रस्टियों ने याचिका में सागर कलेक्टर प्रतिभा पाल, देवरी एसडीएम मुनब्बर खान और तहसीलदार प्रीति चौरसिया के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। उनका कहना है कि न्यायालय के आदेशों के बावजूद प्रशासन द्वारा आवश्यक कदम नहीं उठाए गए। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया है कि मंदिर के पुजारी और श्रद्धालुओं के खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता की धारा के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई, जबकि ट्रस्ट की भूमि पर कथित अतिमण और निर्माण कार्य को लेकर कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई। इसके अलावा ट्रस्टियों ने रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट से वर्ष 2001 से लेकर वित्तीय वर्ष 2025-26 तक ट्रस्ट की आय-व्यय संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने की भी मांग की है। मामले की पैरवी आरपीएस लॉ एसोसिएट्स के अधिवक्ता यशवंत सिंह लोधी, अभिलाषा सिंह और काजल विश्वकर्मा द्वारा की जा रही है। ट्रस्टियों का कहना है कि यदि कोर्ट के आदेशों का पालन कराया जाता और समय रहते अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही होती, तो उन्हें न्यायालय की शरण में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

# ओंकारेश्वर से लेकर जबलपुर तक, आज से शुरू होगा राष्ट्रपति का मप्र में 5 दिवसीय दौरा



### इंदौर, बैतूल, ओंकारेश्वर, जबलपुर, ग्वालियर एवं श्योपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में होंगी शामिल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 18 जून से 22 जून तक पांच दिवसीय मध्यप्रदेश प्रवास पर रहेंगी। इस दौरान वे इंदौर, बैतूल, खंडवा जिले के श्री ओंकारेश्वर मंदिर, जबलपुर, ग्वालियर और श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु गुरुवार 18 जून को इंदौर पहुंचेंगी। इसके पश्चात वे बैतूल में ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा आयोजित एम्पावरमेंट ऑफ ट्रायबल सोसायटी बाय स्पिरिचुअल अवेकनिंग कार्यक्रम में शामिल होंगी। साथ ही श्री ओंकारेश्वर पहुंचकर मंदिर में दर्शन एवं आरती में सम्मिलित होंगी। शुक्रवार, 19 जून को राष्ट्रपति अंतर्राष्ट्रीय सिकल सेल दिवस के अवसर पर ओंकारेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। शनिवारए 20 जून को राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु जबलपुर पहुंचेंगी। रविवार, 21 जून 2026 को राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके पश्चात रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के 36वें दीक्षांत समारोह में सहभागिता करेंगी। सोमवार, 22 जून को राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु कूनो नेशनल पार्क का भ्रमण करेंगी। इसके बाद वे ग्वालियर पहुंचकर नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी।

### भ्रमण के लिए मिनिस्टर इन वेटिंग नामित

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु के मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रस्तावित भ्रमण के दौरान राज्य शासन ने संबंधित स्थानों पर अगवानी एवं विदाई के लिए मंत्रियों को मिनिस्टर इन वेटिंग नामित किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार इंदौर में 18 जून को अगवानी के समय जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और 19 जून को विदाई के समय नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को दायित्व सौंपा गया है। बैतूल में 18 जून को लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल अगवानी एवं विदाई करेंगे। खंडवा के ओंकारेश्वर में 18 एवं 19 जून को अगवानी एवं विदाई के समय संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री धर्मेन्द्र भावसिंह लोधी को जिम्मेदारी दी गई है। जबलपुर में 20 एवं 21 जून को उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा राष्ट्रपति की अगवानी एवं विदाई करेंगे। इसी प्रकार श्योपुर में 21 एवं 22 जून को नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला और ग्वालियर में 21 एवं 22 जून को जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट को मिनिस्टर इन वेटिंग नामित किया गया है।

## एमपी ट्रांसको की प्रोग्रामर ट्रेनिंग एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

एमपी ट्रांसको के आईटी-ईआरपी सेल जबलपुर में पदस्थ प्रोग्रामर कल्पना धुर्वे परस्ते को आईटी एवं ईआरपी प्रणालियों के संबंध में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रभावी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए कंपनी के राज्य स्तरीय ट्रेनिंग एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। एमपी ट्रांसको अपनी कार्यप्रणाली के डिजिटलीकरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।



विगत तीन वर्षों में कल्पना ने कर्मचारियों को विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म्स एवं ईआरपी प्रणालियों का प्रशिक्षण देने, उनकी समस्याओं के समाधान तथा प्रशिक्षण प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके प्रयासों से कंपनी के डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के उपयोग एवं कार्यदक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसके लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।

## डिजिटल भुगतान से पमरे ने एक माह में कमाया 14 करोड़ का राजस्व

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भारतीय रेलवे द्वारा यात्रियों को सुरक्षित और पारदर्शी सेवाएं देने के लिए शुरू किया गया डिजिटल अभियान पमरे में तेजी से पैर पसार रहा है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के दूसरे महीने, यानी मई में ही पमरे ने कैशलेस ट्रांजेक्शन के जरिए 14 करोड़ से अधिक का भारी-भरकम राजस्व बटोर कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। रेलवे के इस कदम से न सिर्फ यात्रियों का सफर आसान हुआ है, बल्कि लेन-देन में पारदर्शिता भी आई तीनों मंडलों जबलपुर, भोपाल और कोटा की मुख्य भूमिका रही है। आंकड़ों के मुताबिक, मई महीने में कुल 15,16,423 यात्रियों ने नकद भुगतान के बजाय डिजिटल माध्यमों को चुनकर रेलवे को कुल 14,13,15,304 का राजस्व दिया। जिसमे आरक्षित टिकटों के लिए यात्रियों ने यूपीआई ऐप से 5.54 करोड़ और पीओएस मशीनों से 12.16 लाख वहीं, जनरल और लोकल टिकटों के लिए मोबाइल टिकटिंग से 1.71 करोड़ और यूपीआई ऐप के जरिए सबसे ज्यादा 6.74 करोड़ का लेन-देन दर्ज किया गया।

## हितकारिणी महिला महाविद्यालय ने आयोजित किया निःशुल्क रक्त जांच शिविर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



हितकारिणी महिला महाविद्यालय द्वारा अपने सामुदायिक जुड़ाव कार्यक्रम के अंतर्गत बाबू मनमोहन दास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दीक्षितपुरा में स्टाफ सदस्यों के लिए निःशुल्क रक्त जांच परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के 22 स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस अवसर पर प्रतिभागियों के रक्त के नमूने एकत्रित किए गए, जिनकी लगभग 33 प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी जांच की जाएगी। इन जांचों की रिपोर्ट प्रतिभागियों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि बाजार में इन जांचों की लागत लगभग 2500 से 3000 रुपये तक होती है। कार्यक्रम में बाबू मनमोहन दास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य डॉ. माधुरी शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहीं। हितकारिणी महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. निलेश पांडे ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा संचालित सामुदायिक जुड़ाव कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों, संस्थाओं एवं बस्तियों में समय-समय पर स्वास्थ्य सेवाओं तथा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इन प्रयासों का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। शिविर में उपस्थित स्टाफ सदस्यों ने इस पहल की सराहना करते हुए महाविद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अपर मंडल रेल प्रबंधक बने अभय कुमार गुप्ता



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भारतीय रेल विद्युत सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अभय कुमार गुप्ता ने पमरे के जबलपुर रेल मंडल में अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन एवं इन्फ्रा) का महत्वपूर्ण पदभार संभाल लिया। उन्होंने 16 जून को इस पद की जिम्मेदारी औपचारिक रूप से ग्रहण की, जिसके बाद मंडल के विकास कार्यों और रेल परिचालन को नई गति मिलने की उम्मीद है। वर्ष 2006 बैच के अधिकारी अभय कुमार गुप्ता ने आईआईटी रुड़की से वर्ष 2001 में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री हासिल की थी। जबलपुर आने से ठीक पहले वे पूर्व रेलवे के कंचरापारा वर्कशॉप में उप मुख्य विद्युत अभियंता (लोको) के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। कार्यभार संभालने के तुरंत बाद कमल कुमार तलरेजा सहित मंडल के अन्य सभी वरिष्ठ शाखा अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट करते हुए शुभकामनाएं दीं ।




## लिफ्ट लेने के बहाने लाइनमैन को लूटा, फिर मारे चाकू

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

गोसलपुर पुलिस थाना अंतर्गत अजीत कुमार पटेल पिता श्याम लाल पटेल निवासी मोहला ने बताया की वह गोसलपुर पावर हाउस में प्राइवेट लाइनमैन का कार्य करता है। मंगलवार की रात मुस्कुरा गांव में बिजली सम्बंधित कार्य करने गया था। कार्य हो जाने के बाद वह अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 जैड सी 9637 से मुस्कुरा से गोसलपुर वापस आ रहा था। तभी रात को हाईवे एनएच 30 में एक 20 वर्षीय लड़के ने उसे हाथ देकर रोका और रुकने के बाद लड़के ने उससे 1200 रूपये और मोबाइल झीन की कोशिश की जब उसने विरोध किया तब आरोपी ने उसे चाकू मार के घायल कर दिया। उसके और भी दो-तीन साथी मोके पर पहुँच गए तब वह गाड़ी छोड़कर भागने लगा जिसके बाद लड़के ने फिर चाकू मार दिया और बाइक भी छीन ली। अंधेरा होने के कारण वह अज्ञात लुटेरों को ठीक ढंग से नहीं देख पाया वह डर के मारे खेतों की तरह भाग गया दहशत में पीडित अजीत पटेल बेहोश हो गया करीब ढाई घंटे के बाद जब उसे होश आया तो उसने घटना की जानकारी गोसलपुर पुलिस थाने में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही ।

## सूने मकान का ताला तोड़कर जेवर ले उड़े चोर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



खितौला थाने में 36 वर्षीय अनिल कुमार पटेल निवासी पालीवाल कॉलोनी, खितौला ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 11 जून की रात वह परिवार सहित अपने गांव खिरहनी कला मझगवां गया था। 12 जून की सुबह पड़ौसी ने उसे फोन कर बताया कि आपके घर में चोरी हो गई घर के सामने गेट का ताला, मेन दरवाजों का ताला टूटा था। वह घर वापस आकर देखा घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था और पेटी में रखे सोने का मंगलसूत्र (लॉकेट), चाँदी के ब्रेसलेट, 2 जोड़ी पायल, 4 चूड़ी गायब थे। कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर चोरी कर ले गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

## आवश्यक सेवाओं के लिए 200 लीटर तक मिलेगा डिब्बे में पेट्रोल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने पूर्व में पेट्रोल पंपों से प्लास्टिक के डिब्बे में डीजल प्रदाय करने पर लगाई गई रोक को आज एक आदेश जारी कर जिले के किसानों को तथा स्वास्थ्य सेवाओं, महत्वपूर्ण परियोजनाओं एवं अत्यावश्यक सेवाओं के सुचारू संचालन के मद्देनजर शिथिल कर दिया है। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब जिले में स्थित पेट्रोल पंपों से किसानों तथा स्वास्थ्य सेवाओं, महत्वपूर्ण परियोजनाओं एवं अत्यावश्यक सेवाओं से व्यक्ति अथवा संस्थान को पहचान और आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन के बाद एक दिन में एक बार अधिकतम 200 लीटर तक डीजल प्लास्टिक के डिब्बों में प्रदाय किया जा सकेगा। आदेश में पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिये गये हैं कि किसानों, स्वास्थ्य सेवाओं, महत्वपूर्ण परियोजनाओं एवं अत्यावश्यक सेवाओं से संबंधित व्यक्ति अथवा संस्थान को डीजल विक्रय की जानकारी निर्धारित प्रारूप में अनिवार्य रूप से दर्ज करें और प्रत्येक ग्राहक को रसीद अवश्य जारी करें। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि डीजल विक्रय से संबंधित अभिलेखों के संधारण एवं सत्यापन की पूर्ण जिम्मेदारी पेट्रोल पंप संचालक की होगी। इसका उल्लंघन करने पर संबंधित विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। कलेक्टर श्री सिंह ने इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी और निरीक्षण करने का दायित्व संबंधित आयल कंपनियों के सेल्स अधिकारियों एवं क्षेत्रीय आपूर्ति अधिकारियों को सौंपा है, जो सघन मॉनिटरिंग एवं निरीक्षण कर निर्देशों का पालन नहीं करने वाले पंप संचालकों पर कार्यवाही करेंगे।






## बरगी क्रूज हादसे के बाद केंद्र सरकार हुई सख्त, मुख्य सचिव को भेजा पत्र

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बरगी डैम में हुए क्रूज हादसे और देश के विभिन्न हिस्सों में हाल में हुई नाव दुर्घटनाओं के बाद केंद्र सरकार ने अंतर्देशीय जल परिवहन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर चिंता जताई है। यात्रियों और पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) ने राज्यों को सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए हैं। आईडब्ल्यूएआई के अध्यक्ष सुनील पालीवाल ने मप्र के मुख्य सचिव अनुराग जैन को पत्र लिखकर अंतर्देशीय पोत अधिनियम-2021 और उससे जुड़े नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता बताई है। पत्र में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश के वृंदावन में यमुना नदी और बरगी डैम में हुई हालिया नाव दुर्घटनाओं में लोगों की मौत हुई है, जिससे जल परिवहन और पर्यटन स्थलों पर संचालित नौकाओं की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं।



***सुरक्षा नियमों के पालन पर दिया जोर*-** पत्र में आईडब्ल्यूएआई ने स्पष्ट किया है कि अंतर्देशीय पोत अधिनियम-2021 के तहत बनाए गए नियमों का पालन अनिवार्य है। इनमें नावों की डिजाइन और निर्माण मानक, नियमित सर्वेक्षण और प्रमाणन, अनिवार्य पंजीयन, सुरक्षित नौवहन, संचार व्यवस्था, बीमा, यात्री सुरक्षा, लाइफ जैकेट और अन्य जीवनरक्षक उपकरणों की उपलब्धता, अग्निशमन व्यवस्था तथा प्रशिक्षित चालक दल की नियुक्ति जैसे प्रावधान शामिल हैं। प्राधिकरण ने कहा है कि नियमों का निर्माण केंद्र सरकार करती है, लेकिन उनका पालन और प्रवर्तन राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। कई राज्यों में अभी तक आवश्यक अधिसूचनाएं जारी नहीं हुई हैं, जिससे नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन प्रभावित हो रहा है। आईडब्ल्यूएआई ने राज्यों से नामित अधिकारियों की नियुक्ति और लंबित अधिसूचनाएं जल्द जारी करने को कहा है।








हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**